मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj #saveelephant

वर्ष : 2 ▸ अंक: 189 ▸ मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 2 मार्च 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## समय आ गया है कि खेती में प्राइवेट सेक्टर का योगदान बढ़े: मोदी

### किसान गेहूं-चावल उगाने तक ही सीमित न रहें



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग हमारे देश में पहले से होती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि एग्रीकल्चर सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट को लेकर ज्यादातर योगदान पब्लिक सेक्टर का है। अब समय आ गया है कि इसमें प्राइवेट सेक्टर का योगदान भी बढ़े। होलिस्टिक अप्रोच चाहिए, पूरा साइकल होना चाहिए। हमें किसानों को ऐसा विकल्प देना चाहिए कि वे गेहूं-चावल उगाने तक ही सीमित न रहें। प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र में बजट लागू करने को लेकर हुए वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'हमें किसानों को ऐसी टेक्नोलॉजी, ऐसे बीज उपलब्ध करवाने हैं जो जमीन के लिए उपयोगी हों और जिनमें न्यूट्रिशन की मात्रा भी हो। हमें एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप को बढ़ावा देना होगा, युवाओं को जोड़ना होगा। कोरोना के समय हमने देखा है कि कैसे स्टार्टअप्स ने फलों और सब्जियों को लोगों के घरों तक पहुंचाया। देखा गया है कि ज्यादातर स्टार्टअप युवाओं ने ही शुरू किए।'

#### सरकार का विजन स्पष्ट

माइक्रो इरिगेशन फंड की राशि बढ़ाकर दोगुनी कर दी गई है। देश की 1000 और मंडियों को ई-नाम से जोड़ने का फैसला लिया गया है। इन सारे फैसलों में सरकार की सोच झलकती है, इरादा महसूस होता है और सरकार के विजन का पता चलता है।

#### भारत को फूड प्रोसेसिंग क्रांति की जरूरत

लगातार बढ़ते हुए कृषि उत्पादन के बीच 21वीं सदी में भारत को फूड प्रोसेसिंग क्रांति और वैल्यू एडिशन की आवश्यकता है। देश के लिए बहुत अच्छा होता, अगर ये काम 2-3 दशक पहले ही कर लिया गया होता। अब जो समय बीत गया है, उसकी भरपाई तो करनी ही है। आने वाले दिनों के लिए अपनी तैयारी और तेजी को भी बढ़ाना है।

#### प्राइवेट और को-ऑपरेटिव सेक्टर को आगे आना होगा

हमें एग्रीकल्चर के हर क्षेत्र में प्रोसेसिंग पर सबसे ज्यादा फोकस करना है। इसके लिए जरूरी है कि किसानों को अपने गांव के पास ही स्टोरेज की सुविधा मिले। खेत से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने की व्यवस्था सुधारनी ही होगी। हम सब जानते हैं कि फूड प्रोसेसिंग क्रांति के लिए किसानों के साथ ही पब्लिक, प्राइवेट और को-ऑपरेटिव सेक्टर को पूरी ताकत से आगे आना होगा। हमें देश के एग्रीकल्चर सेक्टर का प्रोसेस फूड के वैश्विक मार्केट में विस्तार करना ही होगा।

#### फिशरीज सेक्टर में प्रोसेसिंग का स्कोप

सिर्फ खेती ही नहीं, फिशरीज सेक्टर में भी प्रोसेसिंग का बहुत बड़ा स्कोप हमारे यहा हैं। भले ही हम दुनिया के बड़े फिश एक्सपोर्टर में से हैं, लेकिन वैश्विक मार्केट में हमारी उपस्थिति बहुत सीमित है। ये स्थिति बदलनी होगी। इसके लिए जरूरी रिफॉर्म्स के अलावा करीब 11000 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम सरकार ने बनाई है।

#### किसान रेल कोल्ड स्टोरेज का सशक्त माध्यम

ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के तहत किसान रेल के लिए सभी फलों और सब्जियों के परिवहन पर 50% सब्सिडी दी जा रही है। किसान रेल भी आज देश के कोल्ड स्टोरेज का सशक्त माध्यम बनी है। बीते 6 महीने में ही करीब 275 किसान रेलें चलाई जा चुकी हैं। ये छोटे किसानों के लिए बहुत बड़ा माध्यम तो हैं ही, कंज्यूमर और इंडस्ट्री को भी इसका लाभ हो रहा है।

### असम में कांग्रेस के प्रचार अभियान की शुरूआत

## कामाख्या मंदिर में पहुंचकर प्रियंका गांधी ने की पूजा



**डिब्रूगढ़।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सोमवार से असम में अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज करने जा रही हैं। इसके पहले उन्होंने गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूजा करने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं कुछ सालों से यहां आना चाह रही थी, मैं बहुत खुश हूं, कि मैं आज यहां आ सकी। चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हैं, हमारे सारे कार्यकर्ता बहुत काम कर रहे हैं।

दो दिन के असम दौर पर पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को कई शहरों में प्रचार कर दो मार्च को एक रैली को संबोधित करेंगी। प्रियंका से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी असम का दौरा कर चुकें हैं। दरअसल असम में कांग्रेस की अगुवाई वाले छह दलों के विपक्षी महागठबंधन का शनिवार को विस्तार हुआ था। गठबंधन में बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी शामिल हुए हैं, जिससे असम में विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ उसकी स्थिति और मजबूत हो गई।

कांग्रेस जहां चुनावी राज्यों में सत्ता विरोधी लहर के साथ ही नागरिकता संशोधन काननू (सीएए) और नए कृषि कानूनों के खिलाफ लोगों के विरोध को भुनाने की कोशिश में हैं, वहीं दूसरी तरफ पार्टी की राह में रोड़े भी कम नहीं हैं इसकारण कांग्रेस चुनावी राज्यों में जनता के गुस्से की आंच पर वोट की रोटी सेंकने की कवायद में जुटी हुई है। विशेलषकों का मानना है कि कांग्रेस को कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने और राहुल गांधी की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए कम से कम एक राज्य में शानदार प्रदर्शन करना होगा।

इसके पहले शनिवार को ही जम्मू में कांग्रेस के असंतुष्ट वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में अविश्वास जाहिर किया था। इन नेताओं ने दावा किया था कि पार्टी कमजोर पड़ रही है। राहुल गांधी और उनके रणनीतिकारों को भरोसा है कि वे तमिलनाडु और केरल में सत्ता पर काबिज हो सकते हैं, क्योंकि इन राज्यों में अमूमन हर पांच साल बाद सत्ता परिवर्तन देखा गया है। उन्हें असम में भी सत्तारूढ़ भाजपा को परास्त करने का पूरा भरोसा है।

## राष्ट्रपति अंडमान निकोबार कमान द्वारा स्वराज द्वीप में शानदार सामरिक प्रदर्शन के साक्षी बने



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 28 फरवरी को राधानगर बीच, स्वराज द्वीप में संयुक्त सेवा सामरिक प्रदर्शन देखा। अंडमान और निकोबार कमांड (एएनसी) के अभिन्न लड़ाकू प्लेटफार्मों और बलों ने कमान की बहु-आयामी सामरिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसमें जल-थल व नभ तीनों में लैंडिंग भी शामिल है। इससे पहले राष्ट्रपति को कमांडर-इन-चीफ अंडमान निकोबार कमांड (सीआईएनसीएएन) लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने कमान की सामरिक क्षमताओं और किसी भी कार्रवाई के लिए तत्परता की स्थिति के बारे में जानकारी दी। भारतीय नौसेना के चौदह जहाजों, तटरक्षक बल के दो फास्ट अटैक क्राफ्ट, भारतीय वायु सेना के विमानों और छह बीएमपी के साथ भारतीय सेना के 300 से अधिक दलों ने राष्ट्र की एकमात्र ट्राई-सर्विस कमान की लड़ाकू शक्ति के साझा प्रयोग का प्रदर्शन किया। इस साझा प्रदर्शन ने वांछित परिणाम प्राप्त करने की दिशा में सेना के इन तीनों अंगों के बीच तालमेल, सहयोग और अंतरसंचालनीयता पर प्रकाश डाला। सामरिक प्रदर्शन में संयुक्त अभियानों के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया गया और इसमें मार्कोस द्वारा कॉम्बैट फ्री फॉल (सीएफएफ) और हेलीकास्टिंग, घातक प्लाटून द्वारा विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशंस (एसएचबीओ) और छह बीएमपी और 300 से अधिक लड़ाकों के साथ समुद्र तट पर उतरे पैदल सेना के सैनिकों द्वारा जल थल और नभ तीनों में हमला शामिल था। नेवल गन फायर सपोर्ट (एनजीएफएस), काउंटर सरफेस फोर्स ऑपरेशंस (सीएसएफओ), सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) ऑपरेशंस और समुद्र में वर्टीकल रिप्लेनिश्मेन्ट का भी प्रदर्शन किया गया। समुद्र तट पर पैदल सेना के सैनिकों की जल थल और नभ तीनों माध्यमों से की गई लैंडिंग, लैंडिंग शिप टैंक (मीडियम) और लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी द्वारा की गई। सामरिक प्रदर्शन का समापन डोर्नियर विमान, एमआई-17 वी5 और चेतक हेलीकॉप्टरों, जो अंडमान निकोबार कमान के ट्राई सर्विस तालमेल और युद्धक क्षमता को दर्शा रहे थे, के फ्लाई पास्ट के साथ हुआ।

## सीमा पर शांति पर ही चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंध संभव: विदेश सचिव



नई दिल्ली। विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला ने कहा कि भारत ने हमेशा से चीन के वातार्कारों से कहा कि दोनों देशों के बीच सामान्य द्विपक्षीय संबंध सीमा पर शांति पर निर्भर हैं। चीन को दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और उसके साथ भारत के व्यापक कारोबार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसी मुल्क के साथ आर्थिक संबंधों पर लगातार काम कर रहा है लेकिन यह दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रगति पर आधारित है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हालिया गतिरोध पर उन्होंने कहा कि चीनी वाताकरिों के साथ बातचीत में हमने हमेशा यह बात कही है कि दोनों देशों के बीच सामान्य द्विपक्षीय संबंध सीमावर्ती इलाकों में शांति और संयम पर निर्भर करते हैं। यह पूरी तरह से आवश्यक है और यह दोनों पक्षों द्वारा स्वीकार्य है।



सियोल में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे इन और उनकी पत्नी किम जुंग मार्च में हुई आजादी की जंग के समारोह में शामिल हुए।

### संक्षिप्त समाचार

## पीएम मोदी ने लगवाई कोवैक्सीन की पहली डोज, टीके पर सवाल उठाने वालों को दिया बड़ा संदेश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) में कोरोना वायरस के टीके की पहली खुराक लगवाई। पीएम मोदी ने टीका लगवाने के माध्यम से विपक्ष को एक बड़ा संदेश दिया है। दरअसल, पीएम मोदी ने भारत बायोटेक की बनाई 'कोवैक्सिन' की पहली खुराक ली है, जिसपर विपक्ष के साथ ही कई स्वास्थ्यकर्मी सवाल उठाते रहे हैं।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया, एम्स में कोविड-19 वैक्सीन की पहली डोज ली। हमारे डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई को कम समय में मजबूत बनाने के लिए उल्लेखनीय काम किया है। मैं उन सबसे अपील करता हूं कि जो लोग कोरोना टीका लगाने के लिए योग्य हैं वे वैक्सीन लें। आइए, साथ मिलकर भारत को कोविड-19 मुक्त बनाएं। कोरोना वैक्सीनेशन का पहला चरण शुरू होते ही कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने कोवैक्सिन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा था कि वैक्सीन के प्रति भरोसा पैदा करने के लिए सबसे पहले पीएम मोदी को टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर वैक्सीन इतनी ही विश्वसनीय है तो भाजपा के नेताओं ने सबसे पहले यह क्यों नहीं लगवाई।

## किसानों के लिए मौत का फरमान हैं केंद्र के नए तीन कृषि कानून : केजरीवाल



**मेरठ।** तीन नए कृषि कानूनों को किसानों के लिए 'मौत का फरमान' करार देते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इससे किसानों की जमीन छीन ली जाएगी और किसान अपने ही खेत में मजदूर की तरह काम करने को विवश हो जाएगा। तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा मेरठ में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भीषण सर्दी में किसान लगातार आंदोलन इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी खेती पूंजीपतियों के पास चली जाएगी, किसान अपने ही खेत में मजदूर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कृषि क्षेत्र में विसंगतियां नहीं हैं तो पिछले 25 सालों में साढ़े तीन लाख किसान आत्महत्या क्यों कर चुके हैं।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सरकार बनने के तीन साल के अंदर ही किसानों को धोखा दे दिया। आज पूरे देश में किसानों पर अत्याचार हो रहा है, पानी की बौछारें छोड़ी जा रही हैं, उनके रास्ते में कीलें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा वे किसान हैं, देश के दुश्मन नहीं हैं, अंग्रेजों ने भी इतने जुल्म नहीं किए थे। इन लोगों (सरकार) ने तो अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि किसानों पर झूठे मुकदमे किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया लालकिले का पूरा कांड इन लोगों ने खुद कराया। मेरे पास आने वाले तमाम लोगों ने कहा कि इन लोगों ने जानबूझकर किसानों को लालकिले का रास्ता दिया। जिन लोगों ने लालकिले पर झंडा फहराया, वह इनके अपने कार्यकर्ता थे। केजरीवाल ने कहा कि किसान कुछ भी हो सकता है लेकिन देशद्रोही नहीं हो सकता है, आज भाजपा की सरकार किसानों पर देशद्रोह का मुकदमा कर रही है, किसानों को आतंकवादी बता रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2014 के घोषणापत्र में भाजपा ने कहा था कि स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू करेंगे, फसल का 50 प्रतिशत लाभ देंगे, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) लागू करेंगे लेकिन सरकार बनने पर वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि एमएसपी नहीं दे सकते। केजरीवाल ने कहा देश में 70 साल में सभी पार्टी की सरकारें आईं, सभी ने किसानों के साथ छल किया है। किसानों ने केवल अपनी फसल की कीमत मांगी है लेकिन उसे भी नहीं दे रहे हैं। हर पार्टी के घोषणापत्र में किसानों की बात होती है लेकिन उसे पूरा नहीं किया जाता है।

केजरीवाल ने कहा कि अगर बदलाव लाना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में सही नीयत वाली सरकार लानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन उत्तर प्रदेश में सही नीयत वाली सरकार आएगी उस दिन आप (किसान) इधर अपने ट्रैक्टर से मिल पर गन्ना डालकर जाएंगे और उधर आपके घर पहुंचने से पहले पैसा खाते में आ जाएगा। बता दें कि कांग्रेस, रालोद के बाद आप ने किसान महापंचायत की शुरूआत मेरठ से की है। किसान महापंचायत के लिए आप कार्यकर्ता पिछले कुछ दिनों से लगातार गांव-गांव जाकर किसानों से जनसंपर्क कर रहे थे।

## ओबीसी के कल्याणार्थ रक्षा मंत्री का प्रयास स्वागत योग्य: डॉक्टर के. लक्ष्मण

» **मनोज मणि**



नई दिल्ली। दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। जिसमें कई दशकों से आम जनमानस की इच्छाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हुई है। अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण का लाभ देने के साथ-साथ इस बजट में 100 नए स्कूल खोलने का प्रावधान स्वागत योग्य कदम है। जिससे आने वाले समय में ओबीसी समाज के विद्यार्थियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। इस संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के. लक्ष्मण के नेतृत्व में एक विशेष प्रतिनिधि मंडल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की और ओबीसी समाज के कल्याण के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष संतोषपाल, राहुल कोवा, पार्थसारथी गारू ओबीसी मोर्चा के कार्यालय सचिव संजय कुमार ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रमोद पहलवान एवं रवि कांत शामिल थे।

## हम सत्ता सुख भोगने के लिए राजनीति में नहीं आए, समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा हमारा लक्ष्य : नड्डा



**लखनऊ।** भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने वाराणसी के रोहनियां में भाजपा के क्षेत्रीय, जिला और महानगर कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सत्ता की राजनीति करने के लिए राजनीति में नहीं आए हैं। उन्होंने कहा सत्ता हमारा लक्ष्य नहीं माध्यम है और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रयागराज में एक और कार्यालय का उद्घाटन किया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम राजनीति में सत्ता के लिए नहीं भारत को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए आए हैं। सत्ता में आकर भारत की तकदीर बदलना, तस्वीर बदलना और विकास की ओर आगे बढ़ना, यह हमारा (भाजपा) लक्ष्य है। सामाजिक नेताओं के साथ संवाद में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाये जाने और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की शुरूआत का जिक्र करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मोदी सरकार में मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के अभिशाप से आजादी मिली है।

नड्डा ने कहा, यह मोदी सरकार है जिसके प्रयासों से अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्म भूमि पर भव्य राम मंदिर बनने का सपना साकार हो रहा है जबकि कांग्रेस ने तो भगवान श्रीराम पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमीशन की राजनीति को मिशन की राजनीति बनाया, स्वार्थ की राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और तुष्टिकरण की राजनीति को सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की राजनीति बनाया।

उन्होंने कहा कि वाराणसी में संत रविदास के नाम पर बहुत बड़ा उद्यान बन रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की भी उन्होंने खूब सराहना की। नड्डा ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी अध्यात्म का उदगम स्थल तो है ही, साथ ही साथ राजनीति के कार्यसंस्कृति में बदलाव का भी उदगम स्थल बन रहा है और काशी के लोग भाग्यशाली हैं कि वे इस परिवर्तन के गवाह हैं। रोहनियां में नड्डा ने कहा कि भारत में कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक पार्टियां परिवार की पार्टी बन गई हैं लेकिन भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो परिवार बन गई है। उन्होंने कहा कि मुसीबत आई तो आपदा को हमने अवसर में बदल डाला।

## भारतीय कृषि उत्पादों की बढ़ी मांग

### किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि उत्पादन में इजाफा होने के साथ-साथ विदेश व्यापार में भी इसकी हिस्सेदारी बढ़ी है। इससे किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। इस समय वैश्विक बाजार में चावल, चीनी, गेहूं, मक्का समेत तमाम कृषि उत्पादों के दाम में बढ़ोतरी हुई है। इससे भारत का निर्यात भी बढ़ रहा है। इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं का भाव बढ़ रहा है। इस समय भारत में गेहूं के उत्पादन बढ़ रहा है। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई है। जानकार बताते हैं कि भारत चावल का परंपरागत निर्यातक है, लेकिन छह साल बाद वैश्विक बाजार में वह गेहूं का सप्लायर भी बन रहा है। अभी भारत में गेहूं का सरप्लस स्टॉक है। इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में खपाने का मौका है। चालू वित्त वर्ष के शुरूआती नौ महीने यानी अप्रैल से दिसंबर के दौरान गेहूं के निर्यात मूल्य में पिछले साल के मुकाबले 456 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गैर-बासमती चावल के निर्यात के मूल्य में भी करीब 123 फीसदी का इजाफा हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में जून 2020 के बाद गेहूं के भाव में 48 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं मक्के का भाव अप्रैल 2020 के बाद 91 फीसदी से ज्यादा उछला है। वैश्विक बाजार में मोटे चावल का भाव 110 फीसदी से ज्यादा उछला है। वैश्विक बाजार में गेहूं का भाव करीब सात साल की ऊंचाई पर चला गया है और मक्के का दाम भी करीब आठ साल के ऊंचे स्तर पर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत ने चालू वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान शुरूआती नौ महीनों में 22,856 करोड़ रुपए मूल्य का गैर-बासमती चावल का निर्यात किया है, जो पिछले साल के मुकाबले रुपए के मूल्य में 122.61 फीसदी ज्यादा है। वहीं बासमती चावल का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर के दौरान करीब 22,038 करोड़ रुपए का हुआ जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले रुपए में 5.31 फीसदी अधिक है।

# थाना सिविल लाइन्स स्टाफ ने पकड़े बेहोश करके लूटने वाले आरोपी

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

नईदिल्ली। राजधानी दिल्ली में उत्तरी जिला दिल्ली पुलिस की आम नागरिकों एवं बाहर से आने वाले की सुरक्षा के प्रति कटिबद्धता का एक प्रमाण सामने आया जब एक 22 वर्ष आयु के शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि 24.02.2021 को वह छपरा, बिहार से दिल्ली आया और लगभग 06:50 बजे वह आईएसबीटी कश्मीरी गेट पहुंचा। शिकायतकर्ता ने अपने घर वापस जाने के लिए एक ऑटो किया। जब वह सवार हुआ, तो एक यात्री पहले से ही टीएसआर में मौजूद था। जब सिविल लाइंस के रिंग रोड के स्वामी नारायण मंदिर के पहुंचा, तो उसने देखा कि टीएसआर चालक और यात्री आपस में परिचित की तरह बातचीत कर रहे हैं, जिससे शिकायतकर्ता पर संदेह पैदा हुआ। इसके बाद टीएसआर में बैठे सह-यात्री अपनी जेब से एक रूमाल निकाला और शिकायतकर्ता के चेहरे पर रूमाल डालने की कोशिश की, शिकायतकर्ता सतर्क हो गया और जल्दी से एटीएसआर से कूद गया। कपड़े और दवाइयों वाला उनका बैग टीएसआर में रहा और आरोपी व्यक्ति उसी के साथ फरार हो गया। शिकायतकर्ता को स्मार्ट तरीके से टीएसआर का पंजीकरण नंबर मिला। तदनुसार, एक मामला थाना सिविल लाइंस में दर्ज किया गया था।

तुरंत, राजेंद्र सिंह, एसीपी / सिविल लाइंस के निर्देशन एवं थाना प्रमुख अजय कुमार के नेतृत्व मे एक टीम जिसमे हेड कॉन्स्टेबल जितेन्द्रे, हेड कॉन्स्टेबल महेश पाटिल, कांस्टेबल विपिन और कांस्टेबल सचिनवास शामिल थे, गठित की गयी ह्ल टीम को जांच के दौरान, यह पता चला कि घटना के समय मालिक का बेटा ऑटो चला रहा था। आरोपी की पहचान शान मोहम्मद निवासी चांद बाग, करावल नगर, दिल्ली के रूप में हुई। वह घर पर नहीं था, लेकिन उसे सुचना देकर बुलाया गया पूछताछ के दौरान, कथित शान मोहम्मद ने शुरूआत में पुलिस को चकमा देने की कोशिश भी की ह्ल

आरोपी शान मोहम्मद ने खुलासा किया कि वह अन्य सह-आरोपियों के साथ कश्मीरी गेट बस अड्डा के पास शिकार की तलाश कर रहा था। शिकायतकर्ता 30 / - रुपये के लिए अशोक विहार जाने के लिए टीएसआर में बैठने के लिए फंस गया था और जब वे चंदगीरामअखाड़ा के रास्ते में थे, तो कथित यात्री ने अपनी जेब से रूमाल निकाल लिया और शिकायतकर्ता को शक हो गया, इसलिए वह टीएसआर से बाहर कूद गया अपने यात्रा बैग को पीछे छोड़ते हुए। आरोपी शान मोहम्मद एवं को गिरफ्तार किया गया एक अन्य सह-आरोपी, जिसका नाम पवन उम्र -27 साल निवासी करावल नगर दिल्ली है, को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने कहानी की पुष्टि भी की और अपराध में उसकी भागीदारी का खुलासा किया।दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वजीराबाद पुल के पास उन्होंने तलाशी लेने के बाद बैग फेंक दिया। बैग का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।अपराध में इस्तेमाल किए गए टीएसआर को भी बरामद किया गया।

## महिला काव्य मंच मध्य दिल्ली द्वारा ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। गोष्ठी की अध्यक्षता पश्चिमी दिल्ली इकाई की अध्यक्षा,एवं महिला काव्य मंच की सम्माननीय सदस्य लतिका बत्रा ने की। मध्य दिल्ली इकाई के अध्यक्षा डॉ. भूपिंदर कौर ने आए हुए मेहमानों का विधिवत अतिथि सत्कार किया। शालिनी विज सचिव मध्य दिल्ली इकाई ने बहुत ही खूबसूरती से सभी की कविताओं का विश्लेषण करते हुए मंच संचालन किया।डा. अंजु लता सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्षा, दक्षिणी दिल्ली इकाई ने अपनी सुंदर आवाज में सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का आगाज किया।

तदुपरांत सभी कलाकारों ने द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागी कवित्रियों में सर्वप्रथम कॉलेज की छात्रा समरीन ने अपना काव्य पाठ किया।

## सॉउथ दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष प्रभाश चन्द्रा का प्रवास



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। भाजपा सॉउथ दिल्ली पूर्वांचल मोर्चा के जिला मंत्री अरविंद सिन्हे सेंगर के आवास पर सॉउथ दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष प्रभाश चन्द्रा का प्रवास रहा। इस अवसर अरविंद सिन्हे पूर्वांचल के लोकप्रिय व्यंजन लिट्टी चोखा कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम मे दिल्ली प्रदेश प्रदेश भाजपा के पूर्व मंत्री सूरजभान पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार भरत त्यागी, जिला उपाध्यक्ष सॉउथ दिल्ली भाजपा रवि लोहिया, पूर्व जिला मंत्री नरेंद्र मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा राजू शर्मा, जिला मंत्रीडइउ मोर्चा राजबीर फोजदार, जिला मंत्री महिला मोर्चा सुमन, जिला मंत्री पूर्वांचल मोर्चा पवन पांडेय, सी. के. एन सिंह, आर एन सिन्ह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रवीन पांडेय, जिला मंत्री युवा मोर्चा राजीव जायसवाल, पूर्वांचल मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, नीरज गौतम, आखिलेश शुक्ला, अखिलेश सिंह, सुनील चन्देल, सत्यप्रकाश राय, अनिल निगम, सियाराम, अशोक, मंडल महामंत्री पूर्वांचल मोर्चा राजेश मिश्रा, हरिनगर मंडल उपाध्यक्ष अशोक गिरी एवं अन्य बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### जलवायु परिवर्तन के भारत में अचानक सूखा पड़ने की तीव्रता बढ़ेगी

नई दिल्ली। देश में आने वाले सालों में जलवायु परिवर्तन से भविष्य में सूखा पड़ने की तीव्रता बढ़ेगी, जिसका फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, सिंचाई की मांग बढ़ेगी और भूजल का दोहन बढ़ेगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी) गांधीनगर में अनुसंधानकताओं के अध्ययन में इसका दावा किया गया है। अनुसंधानकताओं के मुताबिक, मिट्टी की नमी में तेजी से कमी आने के चलते अचानक सूखा पड़ने की तीव्रता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि परंपरागत सूखे की तुलना में अचानक सूखा पड़ने से दो-तीन हफ्ते के अंदर एक बड़ा क्षेत्र प्रभावित हो सकता है, इससे फसल पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा तथा सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ेगी। अनुसंधानकताओं ने भारत मौसम विभाग द्वारा एकत्र मिट्टी के नमूनों और जलवायु अनुमान का उपयोग अपने इस अध्ययन में किया। अध्ययन टीम ने इसका जिक्र किया है कि 1951 से 2016 के बीच सबसे भीषण सूखा 1979 में पड़ा था, जब देश का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रभावित हुआ था। आईआईटी गांधीनगर में सिविल इंजीनियिरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर विमल मिश्रा ने कहा, हमने पाया कि मानसून में अंतराल से या मॉनसून आने में देर होने से भारत में अचानक सूखा पड़ने की स्थिति देखी गई है तथा भविष्य में अचानक सूखा पड़ने की तीव्रता बढ़ेगी।

### देश में फिर तेज हुई कोरोना की गति, 24 घंटे में 15,510 नए मामले और 106 लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई है। पिछले 24 घंटे में 15,510 नए मामलों में 87.25 प्रतिशत इन्हीं राज्यों से हैं। इसकी जानकारी सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोरोना संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या बढ़कर 1,68,627 पहुंच गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.52 फीसदी है। मंत्रालय ने बताया कि देश में संक्रमण का इलाज करा रहे लोगों की कुल संख्या का 84 फीसदी पांच राज्यों में है। भारत में इलाजरत मरीजों में 46.39 फीसदी मरीज महाराष्ट्र में है, इसके बाद केरल का स्थान है, जहां 29.49 फीसदी लोग संक्रमण का इलाज करा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया, 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक हजार से अधिक इलाजरत मरीज हैं। केरल और महाराष्ट्र वे राज्य हैं, जहां कोविड-19 के इलाजरत मरीजों की संख्या 10 हजार से अधिक है, जबकि शेष 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इलाजरत मरीजों की संख्या एक हजार से दस हजार के बीच है। मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे सार्स-कोव-2 के मामलों की संख्या देश में 213 तक हो गई है।

### डीटीसी के बाद अब डिम्टस बसों में चलेगा ई-टिकट का ट्रायल

नई दिल्ली। कॉन्टैक्टलेस ई-टिकटिंग ऐप 'चार्टर' के परीक्षण के अंतिम चरण की शुरूआत सोमवार से दिल्ली एकीकृत मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम (डिम्टस) लिमिटेड की सभी 2990 बसों में हो जाएगी। कोरोना महामारी को विशेष रूप से मद्देनजर रखते हुए, दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग द्वारा अगस्त 2020 में संपर्क रहित ई-टिकटिंग सेवाओं की शुरूआत की गई थी। दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने इस ट्रायल के अंतिम चरण के लिए पूरी तरह से कमर कस ली है। इस अंतिम चरण के परीक्षण में डिम्टस बसों के सभी मार्ग शामिल होंगे। फरवरी के अंतिम सप्ताह में, सभी 3760 डीटीसी बसों में इस ऐप के परीक्षण को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया था। यह ट्रायल परिवहन मंत्री द्वारा गठित एक विशेष टास्कफोर्स द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा जिसमे परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड (डिम्टस), इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी दिल्ली) और वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट (डब्लूआरआई) के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस मोबाइल ई-टिकटिंग ऐप को आईआईआईटी-दिल्ली के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है। डिम्टस द्वारा ई-टिकटिंग पिछले साल अगस्त में रूट नंबर 473 की बसों में शुरू की गई थी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से ट्रायल में शामिल डिम्ट्स के बसों की संख्या 550 हो गई। वहीं डीटीसी में, इस ऑनलाइन टिकटिंग ऐप का परीक्षण पिछले साल सितंबर में गाजीपुर और हसनपुर डिपो में रूट 534 पर शुरू किया गया था। दोनों डिपो से कुल 35 बसों में इसकी शुरूआत हुई थी। इन डिपो में सफलता के बाद, चरणबद्ध तरीके से डीटीसी के सभी डिपो में ई-टिकटिंग को बढ़ावा दिया गया। वर्तमान में, ई-टिकटिंग सेवा का परिक्षण डीटीसी की सभी बसों में 31 मार्च तक किया जा रहा। इस पूरे परिक्षण के दौरान लगातार सर्वे भी किया जा है ताकि यात्रियों को इस ऐप के इस्तेमाल में यदि किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसे दूर किया जा सके। इस 'चार्टर' ऐप के जरिये रोजाना कुल 10,000 टिकट बुक किये जा रहे हैं। अगर देखा जाए तो ,पिछले 10 दिनों में इस ऐप के माध्यम से बुक होने वाले टिकट की संख्या प्रतिदिन 10प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है।

## प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य का बलरामपुर आगमन पर भव्य स्वागत

» मदरलैंड संवाददाता



बलरामपुर। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी अवध क्षेत्र अमरपाल मौर्या व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पियूष मिश्रा का बलरामपुर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा पार्टी कार्यालय अटल भवन पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अगुवाई में क्षेत्रीय मंत्री चंद्र प्रकाश सिंह, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, सदर विधायक पल्टूराम, गैसड़ी विधायक शैलेष सिंह ह्यशैलूह्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, सदस्य प्रदेश परिषद अनूप चंद्र गुप्ता, जगदम्बा सोनकर, विनय प्रकाश त्रिपाठी, जन्मेजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ह्यपिंकूह्ल, परमजीत सिंह, दयाराम प्रजापति, रमेश जायसवाल, जगदीश पासवान, राम दयाल यादव, रामकरन



मिश्रा, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, रवि कुमार मिश्रा, वरूण सिंह, वंदना पासवान, जिला मंत्री बृजेन्द्र तिवारी, रामदीन वर्मा, राजेश वर्मा, अवधेश तिवारी, राम प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष हरिश्चन्द्र गोयल, मीडिया प्रभारी डी पी सिंह ह्यबैसह्ल, शंकर सिंह, पंकज श्रीवास्तव, घनश्याम तिवारी, संदीप वर्मा, विश्राम सिंह, सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख गैसड़ी श्याम जायसवाल, मंडल प्रभारी संजय शर्मा, कृष्ण कुमार गिहार, महेश शुक्ला, अनिल श्रीवास्तव, आलोक रंजन, अंशुमान शुक्ला, तुहिन सिंह, सभासद रवि मिश्रा, विनोद गिरी, राम प्यारे कश्यप, जनपद के मंडल अध्यक्ष, श्रृषभ सिंह, अक्षय शुक्ला, अमन बंसल, मंजू तिवारी, ललिता तिवारी, ममता तिवारी, बिंदू विश्वकर्मा, साधना पांडे, नूरजहाँ आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने प्रदेश महामंत्री अमर पाल मोर्य व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पियूष मिश्रा का माल्यार्पण व समृति चिन्ह देकर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पियूष मिश्रा का स्वागत करते हुए आये हुए सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों व कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री वरूण सिंह ने किया।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण की शिकायत करने वाले एक लाख का जुमार्ना ठोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले के तहत एक गैर सरकारी संस्था एनजीओ पर एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। हाईकोर्ट ने इस एनजीओ की याचिका को भी खारिज कर दिया है। दरअसल, इस एनजीओ ने दक्षिणी दिल्ली के देवली इलाके में 40 इमारतों को अनाधिकृत करार देते हुए इन्हें गिराने के लिए याचिका दायर की थी। चीफ जस्टिस डी.एन. पटेल और जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने एनजीओ की याचिका को नामंजूर करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह याचिका इमारत मालिकों को ब्लैकमेल करने के इरादे से दाखिल की गई है। बेंच ने एनजीओ की दलील को सुनने से इनकार करते हुए कहा कि यह कोई जनहित याचिका नजर नहीं आ रही है। यह याचिका 'प्रेरणा एक दिशा' नामक संस्था द्वारा दाखिल की गई थी। बेंच ने कहा कि इस याचिका में इमारत के मालिकों को भी पक्षकार नहीं बनाया गया। बेंच ने एनजीओ पर जुमार्ना लगाते हुए कहा कि वह विधिक सेवा प्राधिकरण में जुमार्ना रकम जमा कराए। बेंच ने कहा कि किसी भी याचिका पर सुनवाई के लिए पुख्ता व ठोस आधार होना जरूरी है।

## अनमोल है पानी, जल संरक्षण के लिए सरकार चलाएगी 100 दिनों का अभियान

**नई दिल्ली।** पानी अनमोल है और इसका कोई मूल्य नहीं है अपने दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार लगातार इसके जल संरक्षण को ध्यान में रखकर काम कर रही है। यही कारण है कि दूसरे कार्यकाल में जल संबंधी सभी मंत्रालयों को एक कर जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया गया और उसकी जिम्मेदारी गजेंद्र सिंह शेखावत को दी गई। जल ही जीवन है, यह तो हम सब शुरू से पढ़ते रहे हैं लेकिन जल की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। यही कारण है कि भारत सरकार अब जल संरक्षण को लेकर काफी गंभीर नजर आ रही है। समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देशवासियों से जल संरक्षण करने की अपील करते रहते हैं। एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में जल को जीवन के साथ ही आस्था का प्रतीक और विकास की धारा करार देते हुए देशवासियों से इसका संरक्षण करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के लिए केंद्र सरकार इस साल ह्यविश्व जल दिवसह्ल से 100 दिनों का अभियान भी शुरू करेगी। मोदी ने कहा कि दुनिया के हर समाज



में नदी के साथ जुड़ी हुई कोई-न-कोई परम्परा होती ही है और नदी तट पर अनेक सभ्यताएं भी विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति क्योंकि हजारों वर्ष पुरानी है इसलिए इसका विस्तार देश में और ज्यादा मिलता है। उन्होंने कहा, भारत में कोई ऐसा दिन नहीं होगा जब देश के किसी-न-किसी कोने में पानी से जुड़ा कोई उत्सव न हो। माघ के दिनों में तो लोग अपना घर-परिवार, सुख-सुविधा छोड़कर पूरे महीने नदियों के किनारे कल्पवास करने जाते हैं। इस बार हरिद्वार में कुंभ भी हो रहा है। जल हमारे लिये जीवन भी है, आस्था भी है और विकास की धारा भी है। पानी को पारस से भी ज्यादा महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पारस के स्पर्श से लोहा, सोने में परिवर्तित हो जाता है वैसे ही पानी का स्पर्श जीवन और विकास के लिये जरुरी है। उन्होंने कहा, ह्यपानी के संरक्षण के लिये, हमें, अभी से ही प्रयास शुरू कर देने चाहिए।

## कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाकर मोदी ने विपक्ष को दिया करारा जवाब : प्रसाद



**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार से कोरोना टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरूआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अचानक राजधानी दिल्ली स्थित एम्स पहुंचे और उन्होंने एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया की मौजूदगी में कोरोना का टीका लगवाया। पीएम मोदी को पुडुचेरी की नर्स पी निवेदा ने भारत बायोटेक की कोवैक्सिन का पहला डोज लगाया।

इसके बाद विपक्ष ने तरह-तरह के सवाल किए और उन तमाम सवालों का जवाब केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दिया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि सबसे पहले कोरोना योद्धाओं को टीका लगाया जाएगा और फिर हमें। कुछ लोग जो सवाल उठा रहे थे कि मोदी जी टीका कब लगवाएंगे। उन्हें आज उन्होंने जवाब दिया है। मैं भी अपनी बारी का इंतजार कर रहा हूं। हम सब मंत्रियों ने निर्णय किया है कि हम लोग पेड टीकाकरण सुविधा का लाभ लेंगे।

रविशंकर प्रसाद ने बताया कि जब आज 60 साल से अधिक उम्र के लोगों के टीकाकरण की बारी आई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका नेतृत्व किया। मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि आपके पास चुनाव में राजनीति करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोरोना की लड़ाई में देश एकजुट हो सकता है, तो क्या हम लोग एक नहीं हो सकते हैं?

## तांत्रिक ने पत्नी से किया दुष्कर्म का प्रयास, पति ने उतार दिया मौत के घाट

**नई दिल्ली।** झाड़फूंक के लिए तांत्रिक के पास गई पत्नी और भाभी के साथ दुष्कर्म का प्रयास की सूचना से आक्रोशित युवक ने तांत्रिक की तलवार मारकर हत्या की थी। मुरादनगर कोतवाली पुलिस ने 19 फरवरी की सुबह सरेराह हुए इस हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त तलवार और बाइक बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक (देहात) डॉ. ईरज राजा ने आरोपी से हुई पूछताछ के बाद बताया कि आरोपी की पत्नी और भाभी अपने अंधविश्वास के चलते एक तांत्रिक के पास जाया करती थीं। कुछ दिन बाद उन्होंने वहां से अपना इलाज कराना छोड़ दिया और दूसरे तांत्रिक आस मोहम्मद के पास जाने लगीं। इस दौरान आस मोहम्मद ने उनके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इस बात की जानकारी आरोपी को पहले तांत्रिक से मिली और फिर उसकी पत्नी ने भी पुष्टि कर दी।

## आदर्श नगर हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी बनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में चेन स्नेचिंग के दौरान विरोध करने पर महिला की चाकू मारकर हत्या किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया है। डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) उषा रंगनानी ने बताया कि आदर्श नगर मामले की त्वरित जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है, जो उनकी निगरानी में काम करेगी। इससे पहले, डीसीपी ने बताया था कि मामले की जांच के लिए पुलिस की दस टीमें गठित की गई हैं। दिल्ली पुलिस ने इस हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि शनिवार रात को दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में चेन झपटमारी का विरोध करने पर 25 साल की सिमरन कौर नाम की एक महिला की चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त शनिवार रात नौ बजे सिमरन कौर अपनी दो साल



की बेटी और मां के साथ बाजार से घर लौट रही थी। सिमरन के साथ यह वारदात उसके घर से महज 20 मीटर की दूरी पर हुई, जबकि घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी भी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सिमरन कौर पर चाकू से हमला किया, जिसके बाद उसे अस्तपाल ले जाया गया और वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर इस इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति दो महिलाओं का पीछा करता दिख रहा है और यह व्यक्ति पीछे से सिमरन की चेन छीनने का प्रयास करता है। इस पर सिमरन उसका पीछा करती है और व्यक्ति सड़क पर गिर जाता है। उसके बाद वह व्यक्ति खड़ा होता है और चाकू से सिमरन पर वार कर वहां से भाग जाता है। पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिमोत्तर) उषा रंगनानी ने रविवार को बताया था कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी उनके कब्जे से बरामद कर लिया गया है। सिमरन की एक रिश्तेदार ने बताया कि वह अपनी बेटी के लिए दवा लाने बाजार गई थी। उन्होंने कहा कि तीन साल पहले सिमरन कौर की पटियाला के एक व्यापारी से शादी हुई थी और उसकी दो साल की बेटी है। उन्होंने कहा कि सिमरन अपनी बड़ी बहन पूजा से मिलने पिछले सप्ताह दिल्ली आई थी। पूजा कनाडा में रहती है। सिमरन का ससुराल पटियाला में है।

## भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए गेमिंग उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी सरकार : जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** मोबाइल पर खेले जा रहे कई गेम हिंसक, आश्लील और लत पैदा करने वाले हैं। पबजी भी इनमें से एक है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि कई मोबाइल गेम हिंसक, अश्लील और आदत लगाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि पबजी बस एक उदाहरण है, इसलिए सरकार भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए गेमिंग उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। पबजी चीनी





मूल के उन 100 से अधिक मोबाइल एप में शामिल हैं, जिनपर पिछले साल सरकार ने पाबंदी लगा दी थी।

प्रकाश जावडेकर ने कहा कि सरकार गेमिंग सेंटर बनाकर उनके जरिए भारतीय सांस्कृतिक मान्यताओं को विकसित करने का कार्य करेगी। खेल-खेल में की वर्चुअल प्रदर्शनी और पुरस्कार वितरण समारोह के उद्घाटन के मौके पर जावडेकर ने भारत सरकार की योजना के बारे में बताया। खेल-खेल में का आयोजन महाराष्ट्र सरकार की खिलौने, खेल, मनोरंजक कार्य को तैयार करने की प्रतियोगिता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल्यों, धरोहर एवं सांस्कृतिक मूल्यों को संजोकर रखने एवं उनका संवर्धन करने के लिए बेताब हैं। वह बहुत प्रयास कर रहे हैं, ताकि हमारे देश के बच्चे एवं युवक हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा से परिचित हो सकें। जावडेकर ने बताया कि ऑनलाइन गेम तैयार करने के प्रयास में आइआइटी बॉम्बे सहयोग दे रहा है। हम इस सिलसिले में तैयारियों का खाका तैयार कर चुके हैं।

## कोरोना योद्धाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं : हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि भारत विभिन्न कोविड-19 प्रबंधन मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा है। ऐहतियाती, सक्रिय और चरणबद्ध रुख के कारण यहां दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर और ठीक होने की सबसे अधिक दर दर्ज की गई। हर्षवर्धन ने यह टिप्पणी 'ग्लोबल एसोसिएशन फॉर फिजिशियंस ऑफ इंडियन ओरिजिन (जीएपीआईओ) द्वारा आयोजित 'ग्लोबल इंडियन फिजिशियंस कांग्रेस' में की। हर्षवर्धन ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में मेडिकल पेशेवरों के योगदान की प्रशंसा की। हर्षवर्धन ने कहा कि दुनिया ने कोविड -19 के अभूतपूर्व संकट का सामना किया, हमारे डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य सेवा कार्यकताओं ने मानवता के अग्रणी चैंपियन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया, मानव जाति को बचाया क्योंकि यह अस्तित्व का संकट था। उन्होंने कहा मैं समाज की सेवा करने में उनके साहस, वीरता और निस्वार्थ भाव को सलाम करता हूं।

# किसान नेता मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में गांव भंडूरा में हुई एक सभा

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। 1 मार्च को भारतीय किसान यूनियन अंबावता की एक सभा गांव भंडूरा में जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम के नेतृत्व में हुई। जिसकी अध्यक्षता मास्टर इमरान जीने की और संचालन नियाजूपुरा ग्राम अध्यक्ष शादाब ने किया। सभा में मौजूद सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने कहा की भारत सरकार ने तीन अध्यादेश बिल जो किसान विरोधी नीतियों दुवारा बनाए हैं। उसके विरोध में कई महीनों से किसान आंदोलन कर रहे हैं और दिल्ली की सिमाओं पर डेरा डाले हुए हैं मगर भारत सरकार पर कोई असर नहीं पड़ता नजर आ रहा है। अब देश का किसान बिल वापसी के साथ सरकार वापसी के आन्दोलन का मन बना रहे हैं। सभा के बाद संगठन के विस्तार हेतु जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम ने सभी की सहमति से भाई तहसीन को सदर ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोज कुमार जी को सदर ब्लॉक सचिव भाई जहांगीर को भडूरा ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया मौके पर नियुक्ति पत्र भी दिए। इस मौके पर सहारनपुर मंडल प्रभारी मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाह आलम महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सुदेश जी महानगर अध्यक्ष जीशान सिद्दीकी जिला सचिव मोहम्मद अजीम पुरकाजी ब्लॉक महासचिव अमित कुमार जिला सचिव साजिद युवा जिला सचिव मुस्तकीम सदर ब्लाक महासचिव शहजाद सदर ब्लॉक उपाध्यक्ष जान मोहम्मद सदर ब्लॉक सचिव रिजवान नगर कोषाध्यक्ष रोशन सिद्दीकी युवा नगर महासचिव मोहम्मद आसिफ युवा नगर सचिव बिलाल जमील भाई पैठे वाले महताब मलिक मोहमद सैफू खान नूर मलिक आदि मौजूद रहे।

## रोहाना चौकी प्रभारी प्रवेश शर्मा ने तिक्रमणकारियो को हड़काया



» मदरलैंड संवाददाता,

मुजफ्फरनगर। नगर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना चौकी प्रभारी प्रवेश शर्मा ने दिन निकलते ही अतिक्रमणकारियो को हड़काया, हाई वे के किनारों पर अतिक्रमण कर रहे अतिक्रमणकारियो को सख्त लहजे में समझाया कि अगर आगे से अतिक्रमण दिखा तो होगी सख्त कार्यवाही। चार्ज संभालते ही देर शाम चौकी प्रभारी ने क्षेत्र में शराब की दुकानों पर भी चेकिंग कर हुडदंग मचाने वालो को दी थी सख्त चेतावनी।

# छात्रों का रूचि के अनुसार बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएः मण्डलायुक्त

» अंजुम सिद्दीकी



सहारनपुर। मण्डलायुक्त ए वी राजमौलि ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का मकसद ऐसे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करना है जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है। उन्होने कहा कि इस पुनीत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार बेहतर शिक्षा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएं। उन्होने कहा कि बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने और उन्हे परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए योग्य और अनुभवी शिक्षकों को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जोड़ा जाए। उन्होने डायट प्राचार्य के बैठक में उपस्थित न होने पर उनका स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शासन स्तर से हो रही ऐसी महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक से कोई भी संबंधित अधिकारी बिना मण्डलायुक्त की पूवार्नुमति के अनुपस्थित नहीं रहेगा। उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी बैठक में स्वयं भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। ए वी राजमौलि आज शासन स्तर से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा के बाद अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बच्चों को आफलाईन और आनलाईन पढाई में कोई दिक्कत तो नही आ रही है इसे भी सुनिश्चित कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि प्रतिदिन चलायी जा रही कक्षाओं को यू-टयूब चैनल पर भी अपलोड किया जाए। उन्होने कहा ग्रामीण क्षेत्र तथा निर्बल आय के परिवारों के मेधावी बच्चों को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कराने के उद्देश्य से ही योजना का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त सुनील कुमार श्रीवास्तव, समाज कल्याण अधिकारी आनन्द कुमार सिंह, केन्द्रीय व्यवस्थापक अमरीश शास्त्री उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक का आयोजन

मदरलैंड संवाददाता, रामपुर। आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक का आयोजन बमनपुरी स्थित हाजी मुमताज अहमद के आवास पर किया गया। बैठक में बोलते हुए फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि फेडरेशन सालों से मुसलमानों के रिजर्वेशन की लडाई लडते हुए मुसलमानों के लिए 35 प्रतिशत रिर्जवेशन की मांग कर रहा हैं। देश की आजादी के बाद सरकारी नौकरियों में करीब 35 प्रतिशत मुस्लिम नौकरी कर रहें थे लेकिन आज आजादी के 70 साल के बाद सरकारी नौकरियों में केवल एक प्रतिशत ही मुसलमान नौकरी कर रहें हैं। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार को मुसलमानो की दलितों से भी ज्यादा बदतर गुजर रहीं जिन्दगी पर ध्यान देना चाहिए ताकि देश का मुसलमान भी अन्य लोगों की तरह समान जिन्दगी गुजार सकें। सरकारी नौकरियो में मुसलमानों को आरक्षण दिया जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष असलम खां, शुऐब, युनूस खां, बाबू अली खां, राहत खां, फैजान खां, शादाब कादरी आदि मौजूद थे।

### राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन के लिए आधार कार्ड हुआ जरूरी

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। जिला समाज कल्याण अधिकारी मेरठ मौ मुष्ताक अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वेबसाइट के एनआईसी के माध्यम से आधार आथेन्टिकेषन हो चुकी है। अब नवीन आवेदन पत्र करने वाले आवेदक बिना आधार नंबर अंकित किये आवेदन नहीं कर सकते है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वेबसाइट का नाम परिवर्तन हुआ है जो कि http://sspy-up.gov.in के स्थान पर https://sspy-up.gov.in हो गया है।

### बिजली उपभोक्ता एक मुश्त योजना का लाभ उठाएंः एसडीओ

मदरलैंड संवाददाता, किठौर। पश्चिमांचल विद्युत विभाग ने एकमुश्त योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं यह जानकारी कस्बे के एसडीओ ने दी इस योजना से रुके हुए बिलों का भुगतान शीघ्र हो सकेगा। कस्बे के एसडीओ विकल्प महेश ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत बिलों में लगे सर चार्ज की छूट समय रहते पूरी दी जाएगी। यह योजना 1 मार्च से शुरू होगी यह योजना देहात और शहर में दोनों जगह लागू रहेगी। इस योजना के अंतर्गत घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ता और ट्यूबवेल वाले उपभोक्ता भी शामिल होंगे। इस योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समय से ही अपने बिजली बिलों का भुगतान करना होगा विद्युत विभाग के एसडीओ विकल्प महेश ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक मुश्त योजना 31 मार्च तक चलेगी और इस योजना के रजिस्ट्रेशन 15 मार्च तक किए जाएंगे आज इसमें कस्बे के 44 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन करा कर इस योजना का फायदा उठाया है।

# जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलोजिस्ट का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलोजिस्ट डा. एसएस कैन का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन महाभ्रष्ट चिकित्सक को बचाने में लगा हुआ हैं। सीएमएस द्वारा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ डा. एसएस कैन से स्पष्टीकरण ही मांगा गया हैं जबकि डा. कैन द्वारा वीडियो में साफ तौर पर पैसे लेने और पैसो की बात की जा रहीं हैं। बताते चले कि पिछले माह जिला अस्पताल में तैनात रेडियोलोजिस्ट डा. एसएस कैन द्वारा घायल से मनमानी रिपोर्ट लगवाये जाने की एवज 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगे जाने के दो वीडियो वायरल हुए थे। सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर डा. एसएस कैन द्वारा ली जा रहीं रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद रामपुर के जिला अस्पताल की पूरे प्रदेश में जमकर बदनामी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए रामपुर के ईमानदार डीएम आन्जनेय कुमार सिंह ने पूरे प्रकरण की जांच सीएमओ से कराने के आदेश दिये लेकिन सीएमओ साहब ने बहुत ही खूबसूरती से जांच आरोपी डा. एसएस कैन के चहीते जिला अस्पताल के सीएमएस डा. आरके मित्तल को सौंप दी। जांच प्रक्रिया के बारे में जब डा. आरके मित्तल से पूछा गया तो उन्होने बताया कि रिश्वत लेने वाले वीडियो की जांच के आदेश उन्हे मिले हैं और उन्होने आरोपी चिकित्सक का स्पष्टीकरण मांगा हैं जो उन्हे अभी तक नहीं मिला हैं। मजेदार बात यह हैं कि मामूली बात पर जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा पत्रकारों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई के लिए पुलिस पर दबाव बनाया जाता हैं लेकिन जब अपने ही विभाग के एक महान महाभ्रष्ट चिकित्सक का वीडियो पैसे लेते हुए वायरल हो जाये तो उसे बचाने का किस प्रकार से प्रयास किया जाता हैं यह सीएमएस साहब बखूबी जानते हैं। रिश्वत लेने के वीडियो वायरल होने से जहां पूरे प्रदेश में जिला अस्पताल की बनी हुई साख बर्बाद को बट्टा लगा वहीं आरोपी चिकित्सक के खिलाफ ठोस कार्रवाई न होना साफ दशार्ता हैं कि जिला अस्पताल प्रशासन महाभ्रष्ट चिकित्सकों को किस तरह बचाने का प्रयास करते हैं। वीडियो में जब डा. एसएस कैन द्वारा साफ तौर पर पैसे लेने और पैसों की बात की जा रहीं हैं तो फिर ऐसे भ्रष्ट चिकित्सक पर अभी तक कोई मजबूत कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इससे लगता हैं कि आरोपी चिकित्सक द्वारा जांच कर रहे सीएमएस को पूरी तरह से फीलगुड करा दिया गया हैं। लोगों का कहना हैं कि पूरे प्रदेश में रामपुर के जिला अस्पताल का बदनामी का सबब बने चिकित्सक को जिला अस्पताल प्रशासन बचाने का प्रयास कर रहा हैं तो इसके पीछे भी कोई वजह होगी जो बिना बताये ही जगजाहिर हो रहीं हैं।

# मिशन शक्ति अभियान को पूरी गति से चलाया जाए : मुख्य विकास अधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। मुख्य विकास अधिकारी प्रणय सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत सभी विभागाध्यक्षों को शासन द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने तथा कार्यों का प्रगति विवरण, फोटोग्राफ/वीडियो सहित शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। प्रणय सिंह आज विकास भवन सभागार में मिशन शक्ति- 'नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन' अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति विशेष अभियान 27 फरवरी 2021 से 08 मार्च 2021 तक संचालित किये जाने के सम्बन्ध में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होने कहा कि कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में तहसील और ब्लाक में महिलाओं के कल्याण की विभिन्न योजनाओं के संबंध में मिशन शक्ति-महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चैपाल कार्यक्रम, महिला/सहशिक्षा महाविद्यालयों में जागरूकता चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनपद की बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही, उन्हें शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी जाए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा त्रिपाठी, उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं श्रम उन्मूलन ए के उपाध्याय, सहायक आयुक्त अशोक कुमार, सहायक प्रोफेसर राजकीय डिग्री कालजे गंगोह डॉ ऋषिपाल सिंह एवं कनिष्ठ सहायक अजलान शाह, जिला समन्वयक, महिला शक्ति केन्द रूपा हरित उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

» अफाक खान




रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से स्वार के नरपतनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पूरे देश में बिगड़ती अर्थव्यवस्था को और व्यापारी वर्ग की दयनीय स्थिति को देखते हुए हमें हर वर्ग के व्यापारी एवं जनता की स्थिति को मजबूत बनाते हुए आगे बढ़ चढ़कर छोड़े बड़े उद्योग स्थापित कराना हैं ताकि देश की बिगड़ी अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। हमारा लक्ष्य देश की गिरती हुई जीडीपी को मजबूत करना। राजीव शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा तन मन धन से व्यापारियों के हित में हमेशा खड़ा रहेगा और व्यापारी हित में उनकी समस्याओं का समाधान कराता रहेगा। अरविन्द गुप्ता ने कहा कि किसी भी व्यापारी का कोरोना काल में व्यापार बर्बाद हो गया हैं उसके व्यापार को आगे प्रगति पर बढ़ाना हमारा प्रथम लक्ष्य हैं। इस मौके पर शेख वसीम अहमद, शादाब आलम, सुभान अली, तौकीर पाशा, अख्तर अली, जहूर अहमद, हाजी अमीर हुसैन, नौशान अहमद, नदीम अहमद, उसमान खान, नाजिम अली, मो. अहमद, टिंकू सिंह, मोनू ठाकुर, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव संपन्न

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव जिला सहकारी बैंक के सभागार में चुनाव अधिकारी हरिओम शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पर्यवेक्षक संतोष मौर्य की देखरेख में किया गया। चुनाव में जिलाध्यक्ष पद पर एक ही उम्मीदवार होने से रवेन्द्र गंगवार को निर्विरोध जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा विपेन्द्र कुमार, को जिला महामंत्री, नरेन्द्र नाथ पाठक कार्यकारी अध्यक्ष, ज्ञान प्रकाश गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गौरव गंगवार, विमल शर्मा, सुधीर कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष, सोनी गुप्ता महिला उपाध्यक्ष, खालिद मोहम्मद जिला संयुक्त महामंत्री, वीर सिंह, रावेश कुमार जिला मंत्री, विनीत कुमार कोषाध्यक्ष, सैयद आफाक हुसैन जिला प्रवक्ता, भानु प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी चुने गये। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करना उनकी पहली प्राथमिकता में रहेगा। शिक्षकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शिक्षकों की समस्या उनकी खुद की समस्या होगी महिला शिक्षकों को बाल देखभाल अवकाश, मातृत्व अवकाश में होने वाली समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। महासंघ के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। सालों से लंबित समस्याओं को उच्च अधिकारियों से मिलकर निस्तारण कराया जायेगा। इस मौके पर लालता प्रसाद, संदीप कुमार, मोहनलाल, महेन्द्र कुमार, प्रेम शंकर, विजय दिवाकर, गीता कुमारी, शशांक शर्मा, ब्रजवीर, सरवन शर्मा, अजयपाल सिंह, जगदीश पटेल, मनोज कुमार, अभिनव सक्सैना, अवंतिका गुप्ता, सुमित अग्रवाल, विद्यावती, रफत बेगम, शेलेन्द्र कुमार, शेलेश कुमार, प्रदीप कुमार, लता पाल, हरीश कुमार, गजेन्द्रपाल, रवि कुमार, सोमपाल सिंह, मुकेश कुमार, जगदीश पटेल, नोमान खां, शकील अहमद, वकील अहमद, जावेद इदरीसी, हरिओम शर्मा, सुरेश गंगवार, डा. नंदन प्रसाद, टेकचंद गंगवार, हिमांशु कुमार, अमित कुमार, छत्रपाल, विशाल कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

# मेरठ के कबीर सिंह की शार्ट फिल्म वेलकम टू मुम्बई 2 मार्च को होगी रिलीज

» शकील सैफी

मेरठ। उप्र के मेरठ निवासी उभरते हुए युवा कलाकार प्रोड्यूसर राईटर कबीर सिंह द्वारा अभियनीत वेलकम टू मुम्बई कल 2 मार्च को होगी भव्य लाचिंग। ओटीटी प्लेटफार्म हमारा मुवीज पर दिखायी जाने वाली इस कॉमेडी शार्ट फिल्म मे कबीर सिंह और श्रीधर दूबे तथा शाईना सुरवे मुख्य भूमिका में नजर आयेगे। इस फिल्म की कहानी देशभर के गांवों से मुंबई पहुंचने वाले युवाओं को लेकर आगे बढ़ती है जिसमें कबीर सिंह उर्फ लल्लन मुम्बई पहुंचता है और इनके समक्ष क्या क्या कठिनाई आती है उसके साथ ही दर्शक कमेडी का भी भरपूर मजा ले पायेगे। फिल्म के डायरेक्टर और राईटर अभिजीत कामबले के अतिरिक्त इसका निर्माण हमारा मूवी की प्रीती अली, विनय मिश्रा, पल्लवी रोहतगी, राघवन, सह प्रोड्यूसर नवम मीडिया आदि द्वारा फिल्म को प्रोड्यूज किया गया है।

शार्ट फिल्म के सहयोगी कलाकार ईबसीत नायक, रिषभ, अंकित सिंह, विख्यात, जीनल, खुशबू, कैलाश राहुल बनगर, रजत, मयंक केनियाल, आशुतोष शर्मा, जितेश, नयन पचैरी।

आरकेबी मीडिया के बैनर पर पूर्व में मुख्य भूमिका निभाते हुए फिल्म अनुभूति जो हाटस्टार प्लस डिजनी पर 40 मिनट की फिल्म बना चुके के अतिरिक्त 30 मिनट की एमएक्स प्लेयर पर देखी जाने वाली फिल्म कर्मा मे मुख्य भूमिका के अलावा आने वाली 40 मिनट की फिल्म दौर के अलावा वेब सीरिज पुस्तक जिसकी शूटिंग अभी मध्यप्रदेश के मंडावा में नयन पचैरी, मनोज शर्मा, ऐश्वर्या आदि द्वारा बनायी गई है।

## किठौर के बहरोड़ा में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

» मदरलैंड संवाददाता

किठौर। मेरठ, थाना क्षेत्र के बहरोडा गांव में दो पक्षों में प्रधानी चुनाव को लेकर झगड़ा हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा कायम कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

किठौर थाना प्रभारी अरविंद मोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी दो पक्षों में आपस मे झगड़ा हो गया है। बताया जाता है आगामी प्रधान चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले थे सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा काम कर दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई गिरफ्तारी की की जा रही है थाना पुलिस ने बताया कि आधा दर्जन लोगों को मुकदमे में पंजीकृत किया गया है।

# महिलाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियानः सीडीओ



» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। महिलाओ एवं बालिकाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम अंतर्गत 08 मार्च 2021 तक विषेष अभियान चलाया जा रहा है। विकास भवन मे अभियान की समीक्षा के संदर्भ में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्य विकास अधिकारी शषांक चैधरी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमो को सफलतापूर्वक कराये तथा प्रतिदिन उसकी प्रगति आख्या जिला व शासन स्तर पर भेजे। उन्होने आगामी 06 मार्च को भी एक बैठक आहूत करने को कहा। उन्होने उप कृषि निदेषक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त श्रम, प्रोबेशन विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियो को निर्देषित किया कि वह अपने-अपने कार्यक्रमो को सफलतापूर्वक संचालित कराये। इस अवसर पर उप कृषि निदेषक ब्रजेष चन्द्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कंसल, जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, सहायक आयुक्त श्रम घनष्याम सिंह, डीपीओ शत्रुघ्न कन्नौजिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कस्बे में एक से 5 तक की कक्षाओं की हुई विधिवत शुरूआत

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। कस्बा करहल में कोबिड 19 के प्रोटोकॉल के बाद शासन की मंशा के अनुरूप करहल समस्त स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं को विधिवत रूप से सुचारू किया गया। इस दौरान बच्चों ने विशेष साथ सजावट कर रंगोली सजाकर व केक काटकर अपने सत्र की शुरूआत की है। आपको बताते चलें कि नगर के किशनी रोड स्थित है एस के साइंटफिक इंटर कॉलेज के प्रांगण में शासन के आदेशानुसार कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओ को विधिवत रूप से सुचारू कर लगभग 160 छात्र-छात्राओं ने शुरूआत की है। विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर सुभाष यादव ने कोविड-19 के प्रोटोकॉल को देखते हुए सभी नियमों का पालन कराते हुए कक्षाओं को विधिबत रूप से सुचारू किया गया है। कोविड-19 के बाद से शुरू हुई कक्षाओं को देखते हुए बच्चों ने विशेष रंगोली अपनी क्लासों को विशेष रुप से सजाकर अपने एक नए अंदाज में पढ़ाई की शुरूआत की है। इस अवसर पर निर्देशिका सुमन यादव, हर्ष यादव, प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश यादव, उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार पांडे, ऋषि यादव, रविनेश यादव, सचिन यादव, अशोक यादव, संतोष, कौशल किशोर, श्वेता रानी, कल्पना, विमलेश पांडेय, विकास, रजनीश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रेक्टिकल कराने के नाम पर पैसे उगाही को लेकर विडियो वायरल

» कांति प्रसाद



गढमुक्तेश्वर। आर एस के इन्टर कालिज सिम्भावली मे प्रेक्टिकल पेपर कराने के नाम पर खुलेआम सौ सौ रुपए की खुलेआम हो रही अवैध उगाही। छात्रो ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल इन्टर मे होने वाले प्रेक्टिकल कराने पर अवैध उगाही करने का आरोप लगाया है। उक्त सबंध मे डीआईओएस निशा अस्थाना ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह के सम्मुख जब सठिगवां नि. किशनपाल ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में उसका नाम 38वें नम्बर पर दर्ज है लेकिन उसे अभी तक पैसा नहीं मिला है, इस पर उन्होने कहा कि सभी ग्रामों में आवास पात्रता सूची बनी हुयी है यदि पात्रता सूची में कोई गड़बड़ी हो तभी शिकायत करें, सूची में वरीयता क्रम के आधार पर सभी शामिल पात्रों को शासन से आवंटन प्राप्त होते ही खातों में सीधे धनराशि भेजी जायेगी। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सीमित आवासों हेतु धनराशि प्राप्त हुयी है, शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवासों हेतु आवंटन हुआ है, यदि शहरी क्षेत्र में कोई पात्र व्यक्ति जिसके पास अपना पक्का मकान नहीं है, लेकिन उसके पास भूमि उपलब्ध है तत्काल परियोजना अधिकारी डूडा कार्यालय में आवेदन करें, उसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में तत्काल लाभान्वित कराया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति जिसे अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी का लाभ नहीं मिला है तत्काल अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी से संपर्क करे, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य विकास अधिकारी के संज्ञान में लाएं, पात्र होने पर उन्हें आवास योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

## बस स्टैंड के सुलभ शौचालय में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। रोडवेज स्टैंड मैं बने सुलभ शौचालय में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू राजपूत पुत्र पन्नालाल उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी गमा देवी मंदिर के पास गणेश चौकी छिबरामऊ कन्नौज की बस स्टैंड मैं बने सुलभ शौचालय में मौत हो गई बताया जाता है कि सोनू अपना बैग बाहर रखकर बाथरूम में चला गया जब वह बाहर नहीं निकला तो वहां कार्य कर रहे सफाई कमार्चारी ने गेट पर जाकर आवाज दी लेकिन अंदर से कुछ भी प्रतिक्रिया न होने पर उसने तत्काल इंचार्ज को जानकारी दी काफी प्रयास के बाद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी प्रयास के बाद दरवाजा खोला गया तो सोनू मृत पाया गया पुलिस ने सबका पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही उसके पास से मिले कागजों के आधार पर उनके परिजनों को भी सूचित किया गया खबर लिखे जाने तक अभी तक परिवारी जन मौके पर नहीं पहुंचे हैं पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# न्यायालय में विचाराधीन वादों का शीघ्रता के साथ निस्तारण करें: जिलाधिकारी

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने एसओसी चकबन्दी को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग-119 के अंतर्गत आने वाले भूमि से संबंधित अपने न्यायालय में विचाराधीन वादों का शीघ्रता के साथ गुणवत्तपूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि संबंधित भूस्वामियों को उनकी भूमि का मुआवजा उपलब्ध करा कर राजमार्ग के निर्माण की प्रगति को बढ़ाया जा सके।

उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त राजमार्ग निर्माण से संबंधित जो भी रिपोर्ट अथवा आख्या प्रेषित की जारी उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तरित करें और जिन भूखण्डों का मुआजा भूस्वामी को उपलब्ध कराया जा चुका है और उन्होंने कब्जा नहीं छोड़ा है, उक्त भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त करा कर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि कार्य की रूकावटों का दूर किया जा सके।

जिलाधिकारी पाण्डेय कलैक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एनएच-119 के निर्माण में आ रही समस्याओं के निराकरण सम्बन्धी आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे क्षेत्र के विकास को नए आयाम उपलब्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि उक्त परियोजना को पूर्ण मानक और निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाना आवश्यक है ताकि क्षेत्रवासियों को भरपूर लाभ प्राप्त हो।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रमादित्य सिंह मलिक, नजीबाबाद ब्रिजेश कुमार सिंह, चांदपुर कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, धामपुर धीरज कुमार, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग आयुष कुमार, प्रबंधक वरूण चारी के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से रखी गई पांच लाख कीमत की दवाईयां इंजेक्शन बरामद

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। ड्रग्स विभाग हापुड व गाजियाबाद की संयुक्त कार्रवाई में बहादुरगढ क्षेत्र के गांव चितौडा में बंद पडी फैक्ट्री में अवैध रूप से रखी गई पांच लाख कीमत की दवाईयां इंजेक्शन बरामद करते हुऐ ड्रग्स के अवैध कारोबार में शामिल लोगो के विरूद्व कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को ड्रग्स विभाग हापुड व गाजियाबाद की संयुक्त कार्रवाई में बहादुरगढ क्षेत्र के गांव चितौडा में बंद फैक्ट्री में अवैध रूप से रखी गई पांच लाख कीमत की दवाईयां बरामद करते हुऐ ड्रग्स के अवैध कारोबार में शामिल लोगो के विरूद्व कार्रवाई की जा रही है। ड्रग्स इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने बताया कि उन्हें एवं गाजियाबाद के ड्रग्स इंस्पेक्टर एस अनुरूद्व कुमार को दवाईयों के अवैध कारोबार की एक सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है। अभी तक की जांच कार्रवाई में अशोक कुमार निवासी गढमुक्तेश्वर व शाहआलम के नाम सामने आये है। इस कारोबार में इनके साथ कौन-कौन शामिल हैं इसकी जानकारी की जा रही है।

### विधवा महिला ने फसल में आग लगाने का आरोप लगाया

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव फुल्डेरा के जंगल में पडौसीयो गेंहू व सरसों के खेत में रंजिशन आग लगाने के मामले में पीडिता विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव फुल्डेरा निवासी विधवा महिला बीरबती ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देते हुऐ बताया कि उसके खेत के बराबर में स्थित उसके गांव के ही कुछ लोग रंजिश रखते है जिन्होने उसकी गेंहू व सरसों के खेत में रंजिशन आग लगा दी। जिससे उसका काफी नुकसान हुआ है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### साईबर ठगो ने बैंक खाते से 28हजार रुपए निकाले

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के एक बैंक के खाता धारक के खाते से साईबर ठगो द्वारा 28हजार रुपए निकाल लिये जिसके संबंध में पीडित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ कोतवाली क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी रविराज ने पुलिस को तहरीर देते हुऐ बताया कि उसका सिंभावली स्थित एक बैंक में बचत खाता है जिससे लिंक उसके मोबाईल पर एक मैसेज आया जैसे ही उसने मैसेज से लिंक किया तो उसके खाते से साईबर ठगो ने 28हजार रुपए की रकम निकाल ली गई। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### गांव के ही एक व्यक्ति पर प्रताडित करने का आरोप

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति पर उसे प्रताडित करने का आरोप लगाते हुऐ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुऐ बताया कि वह अपना व्यापार करता है जिसके लिए वह सरकार को टैक्स भी देता है उसके पडौसीयों को उससे कोई दिक्कत नही है लेकिन गांव का ही एक व्यक्ति उससे ईर्ष्या करते हुऐ उसे परेशान करता रहता है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जागरूकता आटो रिक्शा रैली को हरी झण्डी

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय द्वारा कलक्ट्रेट प्रांगण में मौजूद संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता आटो रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया तथा उससे पूर्व संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित सामुहिक शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विजय यादव, जिला मलेरिया अधिकारी नोडल अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम ब्रजभूषण, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसके निगम, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ ज्ञान सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। जिलाधिकारी पाण्डेय ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के गुणवत्तापूर्वक संचालन से संचारी रोगों पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है और रोगों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत अभियान की भांति आज से 31 मार्च,21 तक संचालित रहने वाले इस अभियान को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार सम्पन्न कराएं ताकि जनसामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता और सर्तकता पैदा की जा सके। जिलाधिकारी रैली को हरी झण्डी दिखाने के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों के रैली के साथ मार्च करते हुए विकास भवन तक गए।

# संचारी रोग नियन्त्रण, दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट से जन-जागरूकता, संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु संचारी रोग नियन्त्रण, दस्तक अभियान के अन्तर्गत संचारी रोग नियंत्रण माह (01 मार्च से 31 मार्च तक) के शुभारम्भ अवसर पर वाहनों, टीमों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों में उपचार से बेहतर बचाव है, मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए जन सामान्य को जागरूक करना होगा। उन्हें अपने घरों, घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, साफ पानी एकत्र न होने देने, खुले में शौच न जाने, सप्ताह में एक बार घर के कूलर, गमलों, जल पात्रों की सफाई करने, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने यथासंभव मच्छरदानी का प्रयोग करने, पीने हेतु स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि लोगों को वैक्टर जनित बीमारी यथा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके।

श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अंतर्विभागीय अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर आज से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह को सफल बनाने की दिशा में काम करें, अभियान में लगे अधिकारी, कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ कार्य करें, सौपें गये दायित्वों का निर्वाहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव राय, डा. संजीव राय बहादुर, डा. अनिल वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी एस.एन. सिंह, डीएमसी यूनीसेफ संजीव पाण्डेय, एसएमओ डा.बी.पी. सिंह, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रवीन्द्र सिंह गौर, डा. अनिल कुमार, संजय शर्मा, शैलेन्द्र सिंह राठौर, आदि उपस्थित रहे।

## मीडिया कॉन्क्लेव में दिखा साहित्य और पत्रकारिता का महाकुम्भ



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। कार्पोरेट काउंसिल फार लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा आगरा के होटल हॉलिडे इन में मीडिया कान्क्लेव 2021 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल रहे। कॉन्क्लेव का उद्घाटन सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल रहे के साथ नेशनल टीवी एंकर अमिताभ अग्निहोत्री और गरिमा सिंह, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, आयोजन अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, सीसीएलए आगरा के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह भगौर, महासचिव अजय शर्मा, ब्रजेश शर्मा, अनिल शर्मा, विवेक जैन एवं सचिन अवस्थी ने सयुक्त रूप से दीप प्रवज्जलित कर किया।

कॉन्क्लेव में चार सत्र आयोजित हुए जिसमें पत्रकार, साहित्यकार और बुद्धिजीवियों ने मीडिया जगत की वर्तमान दशा और दिशा, उपेक्षित बौद्धिक श्रमिक, मीडिया जगत के वर्तमान परिदृश्य में चुनौती और अवसर, पत्रिकारिता में घटती विश्वसनीयता एवं मीडिया बनाम सोशल मीडिया विषय जैसे मुद्दों पर मंथन हुआ। इस मौके पर मीडिया जगत में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से मिसाल पेश करने वाली शख्सियतों को नोबेल मीडिया अवार्ड भी प्रदान किये गए।

## प्रधानमंत्री किसान योजना के कैम्प का तीन दिवसीय आयोजन



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। आगरा के शमसाबाद स्तिथ कृषि कार्यालय पर किसान सम्मान निधि की समस्याओं की निराकरण को लेकर एक केम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसान सम्मान निधि की समस्याओं को लेकर उनका निस्तारण किया जा रहा है।

यह कैम्प एडीओ एग्रीकल्चर समुद्र सिंह ने बताया कि यह कैम्प तीन दिन तक चलेगा। इस अवसर पर राजवीर सिंह, समुन्द सिंह, सत्यप्रकाश, गिरीश बाबू, मेव सिंह, सतीश, मुनाजिर अली, मुनेश तोमर एवम शमशाबाद कृषि बीज भंडार कार्यालय के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 2 मार्च को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह तहसील घिरोर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों से समय से तहसील घिरोर में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है।

## अनाज मंडी में किसानों ने किया हंगामा-लगाया जाम

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। सोमवार दोपहर किसानों ने कृषि उत्पादन मंडी में हंगामा करके अछनेरा भरतपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही अछनेरा थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह मलिक अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँच गये। जाम लगा रहे किसानों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। किसानों का आरोप है कि हमें अछनेरा अनाज मंडी में गेहूँ के सही मूल्य नहीं मिल पाते हैं। आये दिन गेंहू के मूल्यों में गिरावट आ रही है। किसानों ने बताया कि गेहूं की सरकारी समर्थन मूल्य 1925-रुपये की है और मंडी में सिर्फ 1650-रुपये में बिक रहा है। मंडी सचिव संजय कुमार पचेरा का कहना है कि गेंहू का मूल्य व्यापारियों पर ही निर्भर करता है व्यापारी द्वारा बोली लगाई जाती है फिर किसानों को बोली के आधार पर ही मूल्य का भुगतान मिलता है। किसानों का हंगामा काफी देर तक चलता रहा मौके पर पहुंचे तहसीलदार और एस ओ-अछनेरा ने किसानों को समझा बुझा कर हंगामे को शान्त कराया। इस दौरान-थाना प्रभारी उदयवीरसिंह मलिक, चन्द्रेशगौतम, सोवरनसिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अखिलेश बंसल, अनुज बलियान, नेपालसिंह, पवन, और अन्य पुलिस टीम मौजूद रही।

# सांसद राजकुमार चाहर ने किया जनसम्पर्क

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। फतेहपुर सीकरी लोकसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने कस्वा अछनेरा में कस्वे की जनता से जनसम्पर्क किया और भारतीय जनता पार्टी के विकासकार्यो से अवगत कराया। कस्वा वासियों को आने वाले त्योहार होली की शुभकामनाएं दीं। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला महामंत्री डॉ नेमसिंह चौधरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हमेशा से गरीबों की मदद की है और करती रहेगी। इस दौरान-डॉ नेमसिंह चौधरी, थाना प्रभारी उदयवीर सिंह मलिक, अवधेश उदेनिया पत्रकार, धारासिंह, पवन छोंकर, लाखनसिंहप्रधान, सुखवीर सिंह, डोरीलाल, भगतसिंह, नरेशशर्मा एडवोकेट, राजीव भारद्वाज, रामवीरसिंह छोंकर, सत्यपाल मुखिया, भूपसिंह और अन्य लोग मौजूद रहे।

## किशोरी की हत्या पर राजनीति



» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। थाना अकराबाद क्षेत्र के एक गांव में हुई किशोरी की हत्या के मामले में कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। पुलिस रात भर खेतों में ही सबूत खोजने में जुटी रही। पड़ोसी गांव के दो युवकों पर शक जताया गया है। पुलिस उनकी भी तलाश में लगी हुई है। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। गांव में अनुसूचित जाति की किशोरी की हत्या के बाद गांव में तनाव भरी खामोशी है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात है। मामले को तूल देने हेतु राजनीतिक दल भी कूद पड़े हैं,



और अपनी राजीति की रोटियां सेंक रहे है। दलित किशोरी की हत्या को लेकर सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख ठा. तेजवीर सिंह के नेतृत्व में सपा कार्यकताओं ने थाने पर प्रदर्शन करते हुये दोषियों को फांसी देने की मांग की। पुलिस ने सपाईयों को जल्दी ही घटना का राजफाश करने का आश्वासन दिया है।

अकराबाद में दलित युवती के साथ हुई हत्या व दुष्कर्म की घटना को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती के आदेश पर अलीगढ़ पहुँचे राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर साधा भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना,,कहा हम हमारी पार्टी व हमारी नेता इस घटना की भर्त्सना करते हैं,,कहा लॉ एंड ऑर्डर मुखिया से होता है,,जब प्रदेश के मुखिया को कोई जानकारी नहीं है तो वह क्या लॉ एंड ऑर्डर चलाएंगे।

## एक दर्जन गौवंश की मौत पर हिन्दूवादी और प्रशासन की चुप्पी

» धर्मेन्द्र राघव

अलीगढ़। जहां योगी सरकार गौवंश की रक्षा हेतु भरसक प्रयास करते हुये करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। वहीं भूख प्यास से तड़प-तडप कर दम तोड़ते गौ वंश लापरवाही की पराकाष्ठा को पार कर चुके हैं। खैर मंडी प्रशासन बेखौफ घूमते गौवंशो की हत्या के दोषी हैं। ये सभी खैर मंड़ी परिसर में सवाल उस योगी सरकार से है,जो गायो के संरक्षण की बात करती है।गौवंश को बचाने के लिए प्रदेश भर में हजारों गौशालाओ को खुलवाकर गौ वंशो के बचाव के लिए निरन्तर नए नए कानून बना रही है। तो वही बजट में भी योगी सरकार ने निराश्रित गौवंशो के लिये वृहद गो-संरक्षण केंद्र व गोवंश विहार बनाने को बात कही है। साथ ही योगी सरकार ने प्रत्येक न्याय पंचायत पर गोआश्रय स्थल बनबाने की घोषणा की है। अब सबाल यह उठता है कि क्या ये सभी कानून केवल फाइलों तक ही सीमित है,कहीं धरातल पर भी नजर आते है। या फिर यह सभी सुविधाएं, कानून, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है। वहीं गौरक्षा के तमाम खोखले दावे करने वाले गौवंश की हत्याओं पर हिन्दूवादी सगंठन ने मौन धारण कर लिया है। आखिर जिम्मेदारों और संगठनों ने मौन क्यों धारण कर रखा है?

जी हां ऐसा ही एक मामला खैर की अनाज मंडी में देखने के लिए मिला जहाँ पर सरकारी नुमाइंदों की लापरवाही की दर्जन भर बेजुबान अपनी जान से हाथ धो बैठे। आढ़तिया के यहाँ आये जहरीले अनाज को खा कर दर्जन भर गौवंशो ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। अब इसका जिम्मेदार किसान को ठहराए या आढ़तिया को ठहराए या फिर उन सरकारी अफसरों को ठहराए जिनकी लापरवाही की वजह से दर्जन भर गौवंशो की जान चली गई।

# अवैध कब्जे पर चला नगर निगम का महाबली तोड़ी बाउंड्री वॉल

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। पिछले कई दिनों से नगर निगम की स्वर्ण जयंती रोड निकट रॉयल कावेरी चैराहे पर गाटा संख्या 331 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची पक्की बाउंड्री वॉल का निर्माण किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी शिकायतों पर कार्रवाई के क्रम में कई बार नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों ने मौके पर जाकर ऐसा कृत्य करने वाले लोगों को सचेत किया परंतु बार-बार चेतावनी के बावजूद ना मानने पर नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त राज बहादुर सिंह अधिशासी अभियंता अशोक कुमार भाटी संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता व पुलिस बल के नेतृत्व वाली टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम किशनपुर के गाटा संख्या 331 स्थित स्वर्ण जयंती रोड रॉयल कावेरी चैराहे पर नगर निगम की 1610 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया और मौके पर अवैध अतिक्रमण कताओं को कड़ी चेतावनी दी। सहायक नगर आयुक्त राज बहादुर सिंह ने बताया राजस्व अभिलेखों के अनुसार ग्राम किशनपुर के गाटा संख्या 331 स्थित स्वर्ण जयंती रोड रॉयल कावेरी चैराहे पर नगर निगम की 1610 वर्ग मीटर उसर भूमि है उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची पक्का निर्माण कराए जाने की सूचना मिल रही थी जिसको कई बार रोकने का प्रयास किया गया परंतु ना मानने पर आज बल पूर्वक कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण कार्य को ध्वस्त कराया गया और नगर निगम संपत्ति का विवरण बोर्ड लगा दिया गया है। नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने संपत्ति विभाग की टीम की पीठ थपथपाते हुए कहा नगर निगम अपनी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है।

## खुले में रखा दूषित खाना लोगो को खिला रहे दुकानदार

**मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़।** जहाँ एक तरफ देश और पूरी दुनिया कोरोना जैसी महामारी से जंग लड़ रहे हैं, और शासन एवं प्रशासन द्वारा जनता को दिन प्रतिदिन कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वही दूसरी ओर कुछ लालची प्रवृती के दुकानदार, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने पर उतारू हैं। शहर के सबसे ज्यादा व्यस्तम क्षेत्र गाँधी पार्क बस स्टैंड का बहुत ही बुरा हाल है, जहाँ कचैड़ी, समोसे एवं अन्य खाने पीने का सामान दुकान के बाहर खुले रोड के किनारे ही रख लेते हैं। जहाँ एक ओर खुले में बिकने वाले खाने में धूल मिटटी एवं मक्खियां बैठकर खाने को जानलेवा बनाते हैं, वही दूसरी ओर ये दुकानदार अपनी दुकानों के अतिरिक्त इतना अधिक अतिक्रमण कर लेते हैं।

# एमसीएम का प्ले बेस्ड लर्निंग पर शोध संपन्न

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान प्रयासों के माध्यम से सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण में योगदान देने की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन ने प्ले बेस्ड लर्निंग : ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑन द रोल ऑफ ट्रेडिशनल टॉयज एंड स्मार्ट टॉयज इन मेटाकोग्निटिव लर्निंग एन्ड लेंग्वेज डवलपमेंट ऑफ चिल्ड्रन शीर्षक पर एक शोध पूरा किया। यह अध्ययन कॉलेज प्रिंसिपल तथा प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डॉ निशा भार्गव की देखरेख में शोध के को-इन्वेस्टिगेटर्स डॉ ममता रत्ती और डॉ मिनाक्षी राणा ने किया।

डॉ भार्गव ने बताया कि खिलौने बच्चों में पूछताछ, जांच, नवाचार और उपलब्धि की भावना पैदा करके शिक्षण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए वर्तमान में बाजार में स्मार्ट खिलौनों के चलन पर यह अध्ययन किया गया कि क्या पारंपरिक खिलौनों की तुलना में स्मार्ट खिलौने बच्चों को फायदा पहुंचा रहे हैं।

अध्ययन बच्चों के सीखने और विकास में पारंपरिक और स्मार्ट खिलौनों की भूमिका पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की धारणा की तुलना पर आधारित था। कुल मिलाकर, 418 प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों ने अध्ययन में भाग लिया और परिणामों से पता चला कि शिक्षकों ने शिक्षण प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, शारीरिक विकास के लिए और कम लागत के बावजूद अधिक प्रभावी, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल होने के लिए पारंपरिक खिलौनों को स्मार्ट खिलौनों से बेहतर माना।

कॉलेज के इस शोध को चंडीगढ़ कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स (सी.सी.पी.सी.आर.) से सराहना मिली। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने सी.सी.पी.सी आर. की चेयरपर्सन श्रीमति हरजिंदर कौर को इस अध्ययन की रिपोर्ट सौंपी।

इस अध्ययन की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, सीसीपीसीआर ने पायलट पहल के रूप में चंडीगढ़ के स्कूलों में अध्ययन में उल्लिखित अनुशंसित खिलौनों की 500 किट वितरित करने की योजना बनाई है। श्रीमती हरजिंदर कौर ने इस सराहनीय सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान के लिए कॉलेज को बधाई दी और सामाजिक कल्याण के लिए बौद्धिक आदान-प्रदान को जारी रखने का आग्रह किया।

# किशनगढ़ निवासियों ने पानी के बढ़ी दरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। नगर निगम द्वारा पानी के नई दरों को लेकर पहले से ही राजनीतिक विरोध हो रहा था, अब आम जनता भी विरोध करने लगी है। आज किशनगढ़ में स्थानीय निवासियों द्वारा पानी के बढ़े दरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

लोगों ने कहा कुछ महीने पहले हमारा बिल 500 से 800 रुपए आता था, और अब 5000 से 6000 आ रहा है, मंहगाई पहले से ही बहुत ज्यादा हो चुकी है पेट्रोल - डीजल महंगा, सरसों का तेल महंगा और अब पानी महंगा और इनकी नियति आगे बिजली भी महंगी करने की है।

आम आदमी पार्टी के युथ अध्यक्ष जस्सी लुबाना अपने साथियों के साथ स्थानीय निवासियों को अपना समर्थन दिया और वादा किया कि हम आपके साथ संघर्ष जारी रखेंगे और नगर निगम में आने के बाद दिल्ली के तर्ज पर मुफ्त और सस्ता पानी उपलब्ध करवाएंगे।

इस मौके पर स्थानीय निवासियों में विनोद लेफिटी, विजय, बलबीर, बिटटु, सोनी पंच, काला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिअद विधायकों ने राज्यपाल के संबोधन के दौरान लगाए नारे

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) विधायकों ने पंजाब विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान केंद्र के तीन कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को जोरदार नारेबाजी की। राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर ने जैसे की सदन को संबोधित करना शुरू किया, विक्रम सिंह मजीठिया के नेतृत्व में शिअद विधायकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए।
इस दौरान वे सदन के बीचों बीच पहुंचे और उन्होंने हवा में कुछ पन्ने भी उछाले। उन्होंने राष्ट्रपति को संशोधित विधेयक नहीं भेजने को लेकर राज्यपाल से सवाल किए। पंजाब विधानसभा ने केंद्र के कृषि कानूनों को दरकिनार करने के लिए पिछले साल संशोधन विधेयक पारित किए थे। इससे पहले, आम आदमी पार्टी के विधायक साइकिल से विधानसभा पहुंचे।

### 800 मीटर खाई में गिरी कार, पिता-पुत्र सहित 3 की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक अनियंत्रित कार 800 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं, पिता- पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, सूचना के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक, मंडी- बजौरा सड़क पर मरोगी के पास आज सुबह यह हादसा हुआ है। कहा जा रहा है कि पिता-पुत्र सहित तीन लोग मंडी से कुल्लू की तरफ जा रहे थे। तीनों दिल्ली के रहने वाले थे। डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों की जांच करने में पुलिस जुट गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने कार को गिरते हुए देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के पहुंचने से पहले ही कार में सवार तीनों लोग दम तोड़ चुके थे। मृतकों की पहचान 34 वर्षीय हरवीन संधु, 49 वर्षीय रमेश चंद्र और योगेश के रूप में हुई है। रमेश चंद्र और योगेश पिता-पुत्र हैं। योगेश की उम्र 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है। डीएसपी पधर लोकेंद्र नेगी ने बताया कि दुर्घटना संबंधी मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है। वहीं, मृतकों के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

### प्रशांत किशोर बने पंजाब के कैप्टन अमरिंदर सिंह के प्रधान सलाहकार, मिलेगा कैबिनेट मंत्री का दर्जा

चंडीगढ़। पंजाब में 2017 के विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति के बूते कांग्रेस को जोरदार एकतरफा जीत दिलाने वाले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर एक बार फिर कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ जुड़ गए हैं। यह जानकारी खुद पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने ट्वीट कर दी है। कैप्टन ने लिखा कि उन्होंने प्रशांत किशोर को अपना प्रधान सलाहकार नियुक्त किया है। हम पंजाब के लोगों की भलाई के लिए एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। प्रशांत किशोर की नियुक्ति को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। प्रशांत किशोर को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भी कैप्टन की जीत में प्रशांत किशोर की रणनीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दस वर्षों से सत्ता से बाहर रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने में प्रशांत किशोर सफल रहे। शुरूआत ह्यकॉफी विद कैप्टन से की गई। प्रशांत किशोर की करीब छह सौ प्रोफेशनलों की टीम ने दिन-रात काम कर कैप्टन को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की। तब प्रशांत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पंजाब में कैप्टन की महाराजा वाली कड़क छवि को खत्म करने की थी, जिसमें वह सफल रहे।

# पिंकी सोच बदलो ट्रस्ट द्वारा स्लम के बच्चों के लिए आयोजित किया गया जादूनगरी कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। पिंकी सोच बदलो ट्रस्ट, फ्यूचर प्लस इवेंट मैनेजर्स के साथ मिलकर, लॉ भवन, सेक्टर - 37, चंडीगढ़ में झुग्गी के बच्चों के लिए जादुनगरी (द मैजिक वर्ल्ड) शो का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह ढींडसा, संसद सदस्य (राज्य सभा) द्वारा किया गया। डॉ. अनमोल रतन सिद्धू, वरिष्ठ अधिवक्ता भी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

सुचेतक रंगमंच की डायरेक्टर अनीता शब्दीश के निर्देशन में एक नाटक - जे हुन वी न बोले का मंचन किया गया। इसके बाद जतिंदर एस बब्बर और गुरदीप एस बब्बर ने एक जादुई प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का बच्चों और अन्य सभी अतिथियों ने खूब आनंद लिया।

पिंकी सोच बदलो ट्रस्ट की संस्थापक, पिंकी संधू उर्फ पिंकी मोगे वाली, ने कहा, 'शो को विशेष रूप से झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के मनोरंजन और जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। स्लम एरिया के लगभग 100 बच्चों को उपहार और जलपान दिया गया। मेरा मानना है कि जीवन को भरपूर जीना चाहिए, इसे बोझ समझ कर नहीं खींचना चाहिए। मैं 51,000 रुपये के दान की घोषणा के लिए श्री ढींडसा को धन्यवाद देना चाहती हूं।

फ्यूचर प्लस ईवेंट मैनेजर्स के निदेशक मुनीश शर्मा ने कहा, ह्लहम अक्सर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। चूंकि स्लम के बच्चों को ऐसे प्लेटफॉर्म कम ही मिल पाते हैं, इसलिए, हमने पिंकी सोच बदलो ट्रस्ट के साथ मिलकर कार्यक्रम में समयोग किया।

टीम द्वारा किसानों के आंदोलन को सपोर्ट देने की बात कही गयी। पिंकी संधू ने बच्चों को प्रेरित करने के साथ ही, उपस्थित सहयोगियों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इनमें प्रमुख थे- एएस मित्तल, उपाध्यक्ष, सोनालिका; नरेश कुमार, कैनरा बैंक, सेक्टर, 35, चंडीगढ़; बब्बू मान स्टोर; करनजीत सिंह, अध्यक्ष, बार काउंसिल; एडवोकेट नरेंद्र महाजन, सुखबीर सिंह (दूरदर्शन), सुरजीत कौर सिद्धू (यूएसए), गगनदीप सिंह (कानपुर), सुरजीतमान (यूएसए), सारथी के (पंजाबी सिंगर), अली ब्रदर्स, दिलावर सिद्धू, मोहित वर्मा, विजय, शालू (एंकर), नरबीर सिंह बाजवा और तेजिंदर एस काजीवाल।

# हरियाणा में लगातार बढ़ रहा पारा, आज मिल सकती है हल्की राहत

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लगाता पारा बढ़ रहा है। दिन के वक्त धूप चरम पर होती है और सुबह सूर्योदय के बाद ही तापमान में गर्मी बढ़ जाती है। फिलहाल प्रदेश में सभी जिलों का तापमान बढ़ा हुआ है। आलम यह है कि दिन और रात्रि दोनों तापमान इस समय बढ़ रहे हैं। जाहिर है कि इस बार गर्मी का सितम सर्दी की तरह ही झेलना होगा।

गौरतलब है कि रविवार को दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य तापमान से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं रात्रि तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य में 1 मार्च को मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील व आंशिक बादलवाई रहने व बीच -बीच में हवा चलने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। 2 मार्च से 5 मार्च के दौरान मौसम आमतौर पर खुश्क रहने, दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने तथा उत्तर पश्चिमी हवा चलने से रात्रि तापमन में हल्की गिरावट होने की संभावना है।

# वीडियो कॉल पर अनुयायियों से मिले बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा

**धर्मशाला।** धर्म गुरु दलाई लामा ने युवा तिब्बतियों से तिब्बती भाषा पर ध्यान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि सिलिंग तिब्बती में भी पढ़ाया जा रहा है, जो अतीत में नहीं हुआ था। मैं तिब्बत में, तिब्बत के सभी हिस्सों में हमारी आम भाषा पर ध्यान देने की अपील करता हूं। हम विभिन्न बोलियों में बोल सकते हैं, लेकिन जो भाषा हम पढ़ते हैं वह हमारे बीच आम है। यह भी याद रखें कि बुद्ध ने क्या सलाह दी थी। दलाईलामा धर्मशाला स्थित अपने आवास से वीडियो लिंक के माध्यम से अपने अनुयायियों से वार्तलाप कर रहे थे। दलाई लामा ने कहा आज हम 21वीं सदी में हैं और हम में से कई तिब्बती शरणार्थी के रूप में निर्वासन में रह रहे हैं। बुद्ध के उपदेशों को, शिष्यों की आवश्यकताओं और प्रस्तावों के अनुसार दिया गया है।

कारण और तर्क के उपयोग से इन्हें संरक्षित किया गया है। उनकी मान्यता अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में फैल गई है। जहां कई और लोग उन पर ध्यान दे सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से 7वीं शताब्दी में, राजा सोंगत्सेन गम्पो, जिन्हें हम अवलोकितेश्वर के एक अवतार के रूप में मान सकते हैं, उनकी दृष्टि में दूरदर्शी थे। दलाई ने कहा कि राजा ट्रिसांग डेटसन ने हमें तिब्बती लोगों को अपनी भाषा में बौद्ध साहित्य का अनुवाद करने की सलाह दी थी। इसलिए हमें संस्कृत और पाली के ज्ञान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा आज हम शिक्षा को महान प्रार्थना महोत्सव के भाग के रूप में धारण कर रहे हैं। चूंकि हम शारीरिक रूप से एक साथ इकट्ठा नहीं हो पा रहे हैं, हम ऑनलाइन मिल रहे हैं।

महान प्रार्थना महोत्सव का आयोजन जटिल है और मुझे याद है कि दोपहर की प्रार्थनाओं का नेतृत्व करने के लिए मुझे खुद को तैयार और प्रशिक्षित करना था। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा हम महामारी के कारण वास्तव में एक साथ इकट्ठा नहीं हो सकते हैं, लेकिन यह वास्तव में मायने नहीं रखता। क्योंकि इस शिक्षण को हर जगह के लोगों द्वारा एक्सेस किया जा सकता है। मुझे खुशी होगी अगर इसमें तिब्बत और मुख्य भूमि चीन के लोग शामिल हों।

# भारतीय स्टेट बैंक चंडीगढ़ मंडल-स्पोर्ट्स फैस्टिवल 2021




» विनोद कुमार

चंडीगढ़। भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल ने 27.02.2021 से आयोजित दो दिवसीय स्पोर्ट्स फैस्टिवल 2021 का समापन किया। भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल स्पोर्ट्स फैस्टिवल के दौरान क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं चैस सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिनमें भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ-सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं चैस सहित विभिन्न खेलों के ग्रुप मैच 27.02.2021 को तथा फाइनल मैच 28.02.2021 को खेले गए।

पुरस्कार वितरण समारोह सेक्टर-82 में मोहाली स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें श्री अनुकूल भटनागर, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ मंडल ने विजेताओं को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की। चंडीगढ़ मंडल झ्र स्पोर्ट्स फैस्टिवल 2021 के पुरस्कार वितरण समारोह में महाप्रबंधक गण और उप महाप्रबंधक एवं सीडीओ भी उपस्थित थे।

# केन्द्र की नीतियों उपलब्धियों को प्रचार प्रसार कर भाजपा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें



**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोलन जिले के बद्दी में भाजपा आईटी विभाग की राज्य कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का आईटी विभाग वास्तव में प्रदेश सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, उपलब्धियों आदि का प्रभावी ढ़ग से प्रचार प्रसार कर राज्य में राज्य सरकार के साथ-साथ भाजपा को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और राज्य भाजपा की उपलब्धियों के प्रसार के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और विपक्ष के झूठे प्रचार का जवाब देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान युग सूचना और संचार का युग है, इसलिए राज्य के लोगों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान राज्य सरकार और पार्टी ने सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग संकट के समय में लोगों की सहायता करने के लिए ही नहीं बल्कि महामारी के दौरान स्थिति की निरंतर निगरानी करने के लिए भी सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और अन्य केंद्रीय नेताओं के साथ भी वर्चुअली माध्यम से कई बैठकें आयोजित हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के आईटी सेल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ नेताओं और जनता के बीच उचित संपर्क और संचार सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में डिजिटल इंडिया अभियान को शुरू किया ताकि लोगों को दैनिक जीवन में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सदस्यों को मंत्रिमंडल के निर्णयों और लोगों के कल्याण के संबंध में लिए जाने वाले मुख्य निर्णयों आदि के समाचारों का शीघ्र प्रसार सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा विधानसभा में घटित हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की अत्यधिक निंदा की गई है। उन्होंने राज्य आईटी सेल से सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना का प्रचार प्रसार कर कांग्रेस के असली चेहरे को बेनकाब करने का आग्रह किया।

जय राम ठाकुर ने कहा कि 11 जिला परिषदों में से 9 में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने विजय हासिल की जबकि कांग्रेस केवल दो जिला परिषद ही जीत पाई। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नगर निगम चुनावों में और उसके बाद 2022 के विधान सभा चुनावों में भी कांग्रेस को उसकी असली जगह दिखाई जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठे प्रचार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया सबसे सशक्त माध्यम है।

# कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व में विधान सभा की तरफ से खेती आंदोलन के दौरान जानें गवाने वाले किसानों और खेत कामगारों के अलावा नामी सख्शियतों को श्रद्धांजलि

» विनोद कुमार





चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व में पंजाब विधान सभा की तरफ से खेती आंदोलन के दौरान मृत हुए किसानों और खेत कामगारों, स्वतंत्रता सेनानियों और राजनैतिक सख्शियतों के अलावा कोरोना योद्धों को श्रद्धांजलि दी गई, जो विधान सभा के पिछले सैशन के बाद अकाल प्रस्थान कर गए।

15वीं विधान सभा के बजट सैशन (14वें सैशन) के पहले दिन सदन की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह, पूर्व मंत्री महिंदर सिंह गिल, मेजर सिंह उबोके, बाल मुकन्द शर्मा, सतपाल गोसाईं और सतवंत कौर संधू, साझे पंजाब के पूर्व डिप्टी मंत्री चन्द्रावती और पूर्व विधायक ब्रिज लाल गोयल को श्रद्धांजलि दी गई।

सदन की तरफ केंद्रीय खेती कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन के दौरान अपनी जानें गवाने वाले किसानों और खेती कामगारों को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर महान पंजाबी गायक सरदूल सिकंदर, भजन गायक नरिन्दर चंचल और पत्रकार सतबीर सिंह दरदी को श्रद्धांजलि दी गई। सदन की तरफ से शहीद नायब सूबेदार परविन्दर सिंह, स्वतंत्रता सेनानियों अजीत सिंह, जत्थेदार गोहल सिंह तुड़, बलवंत सिंह और हरबंस सिंह को भी याद किया गया।

सदन की तरफ से उन व्यक्तियों को भी श्रद्धांजलि दी गई, जिनकी कोरोना महामारी के कारण जान गई।

मानसा से विधायक नाजर सिंह मानशाहिया की विनती पर नामी रंगकर्मी मोहन मिडडा और प्रसिद्ध लेखक दर्शन दरवेश का नाम भी श्रद्धांजलियों वाली सूची में शामिल किया गया।

इस मौके पर दिवंगत आत्माओं की याद में सत्कार स्वरूप 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

इस दौरान स्पीकर राणा कंवर पाल सिंह की तरफ से उन सदस्यों को श्रद्धाँजलि का प्रस्ताव पेश किया गया, जो पिछले सैशन के बाद अकाल प्रस्थान कर गए।

दिवंगत आत्ओं को श्रद्धाँजलि के उपरांत सम्बन्धित परिवारों को सदन की तरफ से प्रगटाए शौक संबंधी अवगत करवाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। यह प्रस्ताव मौखिक मत के साथ पास किया गया।

# वीडियो कॉल पर अनुयायियों से मिले बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा

**धर्मशाला।** धर्म गुरु दलाई लामा ने युवा तिब्बतियों से तिब्बती भाषा पर ध्यान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि सिलिंग तिब्बती में भी पढ़ाया जा रहा है, जो अतीत में नहीं हुआ था। मैं तिब्बत में, तिब्बत के सभी हिस्सों में हमारी आम भाषा पर ध्यान देने की अपील करता हूं। हम विभिन्न बोलियों में बोल सकते हैं, लेकिन जो भाषा हम पढ़ते हैं वह हमारे बीच आम है।

यह भी याद रखें कि बुद्ध ने क्या सलाह दी थी। दलाईलामा धर्मशाला स्थित अपने आवास से वीडियो लिंक के माध्यम से अपने अनुयायियों से वार्तलाप कर रहे थे। दलाई लामा ने कहा आज हम 21वीं सदी में हैं और हम में से कई तिब्बती शरणार्थी के रूप में निर्वासन में रह रहे हैं। बुद्ध के उपदेशों को, शिष्यों की आवश्यकताओं और प्रस्तावों के अनुसार दिया गया है।

कारण और तर्क के उपयोग से इन्हें संरक्षित किया गया है। उनकी मान्यता अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में फैल गई है।

जहां कई और लोग उन पर ध्यान दे सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से 7वीं शताब्दी में, राजा सोंगत्सेन गम्पो, जिन्हें हम अवलोकितेश्वर के एक अवतार के रूप में मान सकते हैं, उनकी दृष्टि में दूरदर्शी थे। दलाई ने कहा कि राजा ट्रिसांग डेटसन ने हमें तिब्बती लोगों को अपनी भाषा में बौद्ध साहित्य का अनुवाद करने की सलाह दी थी। इसलिए हमें संस्कृत और पाली के ज्ञान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा आज हम शिक्षा को महान प्रार्थना महोत्सव के भाग के रूप में धारण कर रहे हैं। चूंकि हम शारीरिक रूप से एक साथ इकट्ठा नहीं हो पा रहे हैं, हम ऑनलाइन मिल रहे हैं। महान प्रार्थना महोत्सव का आयोजन जटिल है और मुझे याद है कि दोपहर की प्रार्थनाओं का नेतृत्व करने के लिए मुझे खुद को तैयार और प्रशिक्षित करना था।

उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा हम महामारी के कारण वास्तव में एक साथ इकट्ठा नहीं हो सकते हैं, लेकिन यह वास्तव में मायने नहीं रखता। क्योंकि इस शिक्षण को हर जगह के लोगों द्वारा एक्सेस किया जा सकता है।

मुझे खुशी होगी अगर इसमें तिब्बत और मुख्य भूमि चीन के लोग शामिल हों।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# देश को आत्मनिर्भर बनाए रखने के लिए हमें पर्यटन पर भी ध्यान देना होगा



अशोक भाटिया



पर्यटन पूरी दुनिया के लिए रोजगार और आर्थिक मुनाफे का उद्योग बनता जा रहा है। कई देशों की अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान सर्वाधिक है। पर सोचनीय विषय यह है कि बत्तीस लाख स्क्वायर किलोमीटर एरिया में फैला भारत इस पायदान में कहां है? तो जनाब, आबादी में दूसरे, लैंड एरिया में सातवें और जीडीपी में तीसरे स्थान वाले इस देश को विश्व भ्रमण सूची में 34वां स्थान मिला है जो आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टी से काफी पीछे छोड़ रहा रहा है । यदि हम अपनी तुलना ग्लोबल से करें तो कुल दो लाख स्क्वायर मील एरिया और साढ़े चार करोड़ आबादी. स्पेन आज अकेला विश्व भ्रमण करने वाले साल के आठ करोड़ लोगों का पसंदीदा देश है । पूरे विश्व में अगर साल भर में 50 करोड़ लोग टूर करते हैं तो उनका सोलह प्रतिशत स्पेन खींचता है और फ्रांस साढ़े आठ से नौ करोड़ लोगों की पहली पसंद है । वर्ल्ड टूरिज्म फ्रेंडली कंट्री की लिस्ट के मुताबिक फ्रांस और स्पेन पहले दूसरे नंबर पर बने रहते हैं. फ्रांस, जो कुल ढाई लाख स्क्वायर मील एरिया रखता है । इसके बाद क्योंकि विश्व की सबसे बड़ी मंडी यूनाइटेड स्टेट्स हैं, तो तीसरे नंबर पर उनका होना अजीब नहीं लगता पर अजीब लगता है चौथे नंबर पर चीन का होना । सोचिए, 6 करोड़ से ज्यादा लोग सालाना चीन की सैर करते हैं. अब आपके दिमाग में भी वही सवाल घूम रहा होगा ।

फ्रांस, स्पेन, अमेरिका यहां तक की नीदरलैंड भी बिलियन डॉलर्स की कमाई सिर्फ टूरिस्ट से ही कर रहे हैं । अगर हम कहें कि हमारे यहां क्राइम ज्यादा है शायद इसलिए टूरिस्ट नहीं आते, तो क्राइम के मामले में मेक्सिको, यूनाइटेड स्टेट्स सबके बाप हैं । मैक्सिको की सूखी बंजर जमीन और ड्रग कार्टेल के साथ लड़कियों को उठाकर ले जाने वाले दर्जनों हॉलीवुड फिल्में देखने के बावजूद टूरिस्ट के लिए सातवां सबसे बढ़िया देश है । यहां चार करोड़ से ज्यादा लोग सालाना सफर पे जाते हैं ।

भारत में पर्यटन कम क्यों यह एक विचारणीय प्रश्न है । दिल्ली के चांदनी चौक घूम रहे एक हमारे मित्र के अनुसार उसने देखा कि कुछ फॉरनर्स तसल्ली से फुटपाथ के रास्ते लाल किले की तरफ जा रहे थे कि एक आदमी ने उसके ठीक सामने गुटखा थूक दिया । मुझे घिन्न आ गयी तो सोचिए उनका चेहरा कैसा बना होगा? इसके विपरीत मुंह से गू थूकने वाला गन्दी सी स्माइल करके जाने लगा तो चार वहीं के दुकानदारों ने रोका, उन्होंने खूब गालियां दीं पर अब इन गालियों का क्या? इज्जत की तो वाट लग गई । भारत टूरिस्ट कम आने का यही सबसे बढ़ा कारण हैं कि हम गन्दगी बहुत रखते हैं. कहीं भी पिशाब करना हमारी हॉबी लिस्ट में आता है । भारत में होने वाला शोर भी एक बड़ा कारण है । विदेशी सैलानियों को चैन से न रह पाने को एक प्रत्यक्ष दर्शी के अनुसार मेकलोड़गंज में आराम से कुछ इजराइली चैन के कश खींच रहे थे कि अचानक दस-बारह के ग्रुप में लोगों का वहां आगमन हुआ और उन्होंने इतना हल्ला मचाया, इतना गर्दा किया उस कैफे में कि वो इजराइली उठकर और ऊपर की ओर चले गए । ध्वनी प्रदूषण वो श्रेणी हैं जिसे हम मिथक मानते हैं, हमारे यहां शोर को किसी वॉयलेंस में काउंट ही नहीं किया जाता । हम कहें कि हमारी आबादी कंटक है, यहां इतनी भीड़ है कि फॉरनर्स को सुकून नहीं मिलता, तो जनाब चीन तो डेढ़ सौ करोड़ लोगों को पाल रहा है, फिर वो कैसे लिस्ट में चौथे नंबर पर है? पर हमारे यहां दो करोड़ लोग भी पूरे नहीं आते ।पर्यटन में पीछे रहने का एक एहम कारण यह है कि हमारा पर्यटन मंत्रालय का उल्लू की तरह सुप्त अवस्था में होना और कर्मचारियों का घोंघे की गति से काम करना । एक सरकार अगर टूरिज्म के प्रति सजग हो तो वो एक से बढ़कर एक ऑफर निकालती है, विज्ञापन बनवाती है, फिल्मों में डायरेक्ट-इनडायरेक्ट जिक्र करवाया जाता है. विदेशी फिल्मों को शूट करने के लिए स्पेशल छूट दी जाती है ।

हॉलीवुड फिल्में देखते हैं? इन दिनों गौर करियेगा कि थोक के भाव से मोरोको दिखाया जा रहा है । वहां की एक फिल्म के क्लाइमेक्स समोआ में दिखाया गया था, क्यों? कोई ठीक से जानता भी है कि समोआ नक़्शे में है कहां? पर देखकर ये जरूर मन में आया न कि कितना सुन्दर है ?दुनिया को छोड़िए, जरा सी अक्ल लगाकर सोचिए कि क्यों जोया ने टठऊ में स्पेन दिखाया? उस फिल्म के बाद एक मिलियन से ज्यादा भारतियों ने स्पेन ट्रिप प्लान की थी ।

सोचिए, दस लाख लोग 1000 यूरो भी खर्च करके आए तो कितना पैसा बनेगा? 1 बिलियन यूरो. मतलब आठ हजार करोड़ रुपये । कैसे? मात्र एक फिल्म के आने से. हालांकि नजर भर के देखिए तो हमारा जैसलमेर किसी मोरोको से कम नहीं । हमारे हिमांचल के मुकाबले स्वित्जरलैंड कुछ नहीं क्योंकि साल के कई महीने वहां जीना मुश्किल हो जाता है, पर हिमांचल आप बारह मास घूम सकते हो । उत्तराखंड का किसी से क्या मुकाबला, श्रीनगर जैसा शहर तो कोई है ही नहीं. लद्दाख का कोई विकल्प ही नहीं बना विश्व में, फिर भी हमारे देश में जो डेढ़ पौने दो करोड़ टूरिस्ट आता है उसका कारण हमारे देश का चीप होना होता है ।पर्यटन में पीछे रहने का एक कारण सेलेब्रिटी, सिनेमा या साहित्य भी होता है। सिनेमा बनाने के लिए यहां टैक्स में कोई रिबेट नहीं मिलती । आप यकीन करिए, अगर आने-जाने का खर्चा हटा दे तो जितने में मैं प्राग में फिल्म बनेगी , उतने में बिहार में नहीं बनेगी। क्योंकि प्राग निमार्ता को हर संभव सुविधाएं और टैक्सेशन में छूट देगा, वहीं बिहार में मैं बाहुबलियों की पॉलिटिकल पार्टी को चंदा देने में ही निमार्ता परेशान हो जाता है ।

साहित्य जरूर इस तरफ काम सकता है, करता भी है पर साहित्य की पहुँच अब दिनों दिन कम होती जा रही है. एक बढ़िया टूरिज्म पर लिखी किताब का आंकड़ा हजारों में नहीं पहुंच पाता । बहुत छोटी-छोटी सी चीजे हैं जो हमारे देश को ठीक से अच्छा और अच्छे से बेहतर बना सकती हैं. जितना टूरिज्म पूरा फ्रांस और स्पेन में जाता है, इतना टूरिज्म हमारी एक-एक स्टेट बुलाने का माद्दा रखती है । बस जरुरत सबके सहयोग की है, आप, हम, सरकार सब लोग. सबको समझने की जरुरत है कि टूरिज्म एक बहुत-बहुत बड़ा धंधा है विश्व का, अरबों डॉलर्स कमाने का जरिया है, आपकी हर एक गुटखे की पीक इसमें कुछ सौ डॉलर्स कम करती चलती है, क्या आप ऐसा चाहते हैं कि देश सिर्फ और सिर्फ गन्दगी की वजह से जाना जाये । यदि हम चाहते है कि हमारे आत्मनिर्भर देश को मजबूत बनाने के लिए विदेश पर्यटकों को भारत में बने सामान की ओर आकर्षित करना है तो हमें पर्यटन उद्योग पर भी ध्यान देना होगा ।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# मिलावट तो मौन-हत्या है



खाद्य-पदार्थों और दवाइयों में मिलावट करनेवाले अब जरा डरेंगे, क्योंकि बंगाल, असम और उप्र की तरह अब मध्यप्रदेश भी उन्हें उम्र कैद देने का प्रावधान कर रहा है। अब तक उनके लिए सिर्फ 6 माह की सजा और 1000 रु. के जुमार्ने का ही प्रावधान था। इस ढिलाई का नतीजा यह हुआ है कि आज देश में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा चीजों में मिलावट होती है। सिर्फ घी, दूध और मसाले ही मिलावटी नहीं होते, अनाजों में भी मिलावट जारी है। सबसे खतरनाक मिलावट दवाइयों में होती है। इसके फलस्वरूप हर साल लाखों लोगों की जानें चली जाती हैं, करोड़ों बीमार पड़ते हैं और उनकी शारीरिक कमजोरी के नुकसान सारे देश को भुगतने पड़ते हैं। मिलावट-विरोधी कानून पहली बार 1954 में बना था लेकिन आज तक कोई भी कानून सख्ती से लागू नहीं किया गया। 2006 और 2018 में नए कानून भी जुड़े लेकिन उनका पालन उनके उल्लंघन से ही होता है। उसके कई कारण हैं। पहला तो यही कि उस अपराध की सजा बहुत कम है। वह नहीं के बराबर है। मैं तो यह कहूंगा कि वह सजा नहीं, बल्कि मिलावटखोर को दिया जानेवाला इनाम है। यदि उसे 6 माह की जेल और एक हजार रु. जुर्माना होता है तो वह एक हजार रु. याने लगभग डेढ़ सौ रुपए महिने में जेल में मौज मारेगा। उसका खाना-पीना, रहना और दवा- सब मुफ्त ! अपराधी के तौर पर कोई सेठ नहीं, उसका नौकर ही पकड़ा जाता है। अब कानून ऐसा बनना चाहिए कि मिलावट के अपराध में कंपनी या दुकान के शीर्षस्थ मालिक को पकड़ा जाए। उसे पहले सरे-आम कोड़े लगवाए जाएं और फिर उसे सश्रम कारावास दिया जाए। उसकी सारी चल-संपत्ति जब्त की जानी चाहिए। यदि हर प्रांत में ऐसी एक मिसाल भी पेश कर दी जाए तो देखिए मिलावट जड़ से खत्म होती है कि नहीं। थोड़ी-बहुत सजा मिलावटी समान बेचनेवालों को भी दी जानी चाहिए। इसके अलावा मिलावट की जांच के नतीजे दो-तीन दिन में ही आ जाने चाहिए। मिलावटियों से सांठ-गांठ करनेवाले अफसरों को नौकरी से हमेशा के लिए निकाल दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय सभी भाषाओं में विज्ञापन देकर लोगों को यह बताए कि मिलावटी चीजों को कैसे घर में ही जांचा जाए। दवाइयों और खाद्य-पदार्थों में मिलावट करना एक प्रकार का हत्या-जैसा अपराध है। यह हत्या से भी अधिक जघन्य है। यह सामूहिक हत्या है। यह अदृश्य और मौन हत्या है। इस हत्या के विरुद्ध संसद को चाहिए कि वह सारे देश के लिए कठोर कानून पारित करे।

# विद्यालय एकता तथा शांति की पौधशालाएँ और शिक्षक शांति निमार्ता



डॉ. जगदीश गाँधी

**बालकों के लिए शिक्षक उनके आदर्श होते हैं। इसलिए शिक्षकों का पहला उत्तरदायित्व यह है कि वे बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने में सहायता करें और उन्हें अपनी क्षमताओं का सम्पूर्ण प्रयोग करने के लिए उत्साहित भी करें। शिक्षकों को एक अपने बच्चों को एक अच्छा इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी आदि तो बनाना ही है। इसके लिए उन्हें अपने बच्चों को विश्वस्तरीय ज्ञान भी देना है, लेकिन उसके पहले उन्हें प्रत्येक बालक को एक अच्छा इंसान बनाना है। ताकि वे अपने ज्ञान का उपयोग सारी मानवजाति की कल्याण के लिए करें। इस प्रकार शिक्षकों को एक माली की भूमिका में रहकर प्रत्येक बच्चे के मन-मस्तिष्क में विश्वस्तरीय ज्ञान और संस्कार के साथ ही शांति रूपी बीज को भी बोना चाहिए। उन्हें एकता रूपी खाद और मानवता रूपी पानी से सींच कर उन्हें विश्व नागरिक के रूप में विकसित करना चाहिए। शांति के लिए शिक्षा, शिक्षकों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी पौधशालाओं में ऐसे विश्व नागरिकों की पौध तैयार करें, जो कि सारे विश्व में शांति स्थापना और सारी मानवजाति के कल्याण के लिए काम करें।**

इन्हीं विद्यालयों में बच्चों के मस्तिष्क में शांति रूपी बीज रोपित कर उन्हें 'विश्व नागरिक' के रूप में विकसित करना होगा!

विद्यालय शांति की पौधशालाएँ हैं। इन्हीं पौधशालाओं में बच्चों के मस्तिष्क में बचपन से ही शांति रूपी बीज को बोने के साथ ही एकता रूपी खाद और मानवता रूपी पानी से सींचकर उन्हें विश्व नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। हमारा मानना है कि युद्ध के विचार सबसे पहले मनुष्य के मस्तिष्क में पैदा होते हैं, इसलिए मनुष्य को शान्ति की सीख देने के लिए हमें मनुष्य के मस्तिष्क में ही शान्ति के विचार रोपित करने होंगे, जिसके लिए सबसे श्रेष्ठ अवस्था बचपन है। वास्तव में विद्यालयी शिक्षा किसी व्यक्ति के जीवन के उन वर्षों से संबंध रखती है, जहाँ पर उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इस अवस्था में रखी गई नींव पर ही जीवन का पूरा भवन निर्मित होता है। इसलिए शांतिपूर्ण विश्व को निर्मित करने का काम विद्यालय को करना चाहिए और इसके लिए विद्यालय के वातावरण को पूर्णतया शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की एक छोटी इकाई के रूप में विकसित करना चाहिए क्योंकि यही शांति के लिए शिक्षा का मूल उद्देश्य भी है।

### शिक्षक शांति के निमार्ता है :-

बालकों के लिए शिक्षक उनके आदर्श होते हैं। इसलिए शिक्षकों का पहला उत्तरदायित्व यह है कि वे बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने में सहायता करें और उन्हें अपनी क्षमताओं का सम्पूर्ण प्रयोग करने के लिए उत्साहित भी करें। शिक्षकों को एक अपने बच्चों को एक अच्छा इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी आदि तो बनाना ही है। इसके लिए उन्हें अपने बच्चों को विश्वस्तरीय ज्ञान भी देना है, लेकिन उसके पहले उन्हें प्रत्येक बालक को एक अच्छा इंसान बनाना है। ताकि वे अपने ज्ञान का उपयोग सारी मानवजाति की कल्याण के लिए करें। इस प्रकार शिक्षकों को एक माली की भूमिका में रहकर प्रत्येक बच्चे के मन-मस्तिष्क में विश्वस्तरीय ज्ञान और संस्कार के साथ ही शांति रूपी बीज को भी बोना चाहिए। उन्हें एकता रूपी खाद और मानवता रूपी पानी से सींच कर उन्हें विश्व नागरिक के रूप में विकसित करना चाहिए। शांति के लिए शिक्षा, शिक्षकों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी पौधशालाओं में ऐसे विश्व नागरिकों की पौध तैयार करें, जो कि सारे विश्व में शांति स्थापना और सारी मानवजाति के कल्याण के लिए काम करें। किसी ने सही ही कहा है कि अच्छे शिक्षक शांति मूल्यों के आदर्श होते हैं।

### वास्तविक शांति की शुरूआत बच्चों से करनी होगी :-

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था कि ह्यह्ययदि हम इस विश्व में वास्तविक शांति की सीख देना चाहते हैं, और यदि हम युद्ध के विरूद्ध वास्तविक युद्ध चाहते हैं, तो हमें इसकी शुरूआत बच्चों से करनी होगी।



लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूलों ने केवल बच्चों को भौतिक विषयों की शिक्षा देने तक अपने को सीमित कर रखा है, जिसके कारण दुनियाँ में शांति की जगह अशांति फैलती जा रही है। इसलिए दुनियाँ के सभी देशों के विद्यालयों को अपने उत्तरदायित्व को समझते हुए एकता एवं शांति की पौधशालाओं के माध्यम से प्रत्येक बालक को बचपन से ही विषयों के साथ ही शांति एवं एकता की शिक्षा अनिवार्य रूप से देनी चाहिए। बच्चों के मन-मस्तिष्क में बचपन से ही यह विचार डालना होगा सारी दुनियाँ हमारा अपना ही घर है और दुनियाँ की सारी मानवजाति एक ही परमपिता परमात्मा की संताने हैं। ईश्वर एक है, धर्म एक है तथा मानव जाति एक है।

### भारत की प्रगति में तो हमेशा विश्व की प्रगति समाहित रही है :-

12 मई को देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कहा था कि भारत की संस्कृति, भारत के संस्कार, उस आत्मनिर्भरता की बात करते हैं जिसकी आत्मा वसुधैव कुटुंबकम है। भारत जब आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो आत्मकेंद्रित व्यवस्था की वकालत नहीं करता। भारत की आत्मनिर्भरता में संसार के सुख, सहयोग और शांति की चिंता होती है। जो संस्कृति जय जगत में विश्वास रखती हो, जो जीव मात्र का कल्याण चाहती हो, जो पूरे विश्व को परिवार मानती हो, जो अपनी आस्था में ह्यमाता भूमिः पुत्रो अहम्‌ पृथिव्यःह्ण की सोच रखती हो जो पृथ्वी को मां मानती हो, वो संस्कृति, वो भारतभूमि, जब आत्मनिर्भर बनती है, तब उससे एक सुखी-समृद्ध विश्व की संभावना भी सुनिश्चित होती है। भारत की प्रगति में तो हमेशा विश्व की प्रगति समाहित रही है। भारत के लक्ष्यों का प्रभाव, भारत के कार्यों का प्रभाव, विश्व कल्याण पर पड़ता है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्रों को 'विश्व नागरिक' के रूप में विकसित करने पर जोर देती है :-

नई शिक्षा नीति के मसौदे में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विजन भारतीय मूल्यों से विकसित हुई शिक्षा प्रणाली बताई गई है, जो कि सभी को सर्वोत्तम गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराके और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर भारत को एक जीवंत और न्याय संगत ज्ञान समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। इस शिक्षा नीति में परिकल्पित है कि हमारे संस्थानों की पाठ्यचर्चा और शिक्षा विधि छात्रों में अपने मौलिक दायित्वों और संवैधानिक मूल्यों, देश के साथ जुड़ाव और बदलते हुए विश्व में नागरिक की भूमिका और उत्तरदायित्वों की जागरूकता उत्पन्न करें। नीति का विजन छात्रों में भारतीय होने का गर्व न केवल विचार में बल्कि व्यवहार, बुद्धि और कार्यों में भी और साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए, जो मानवाधिकारों, स्थायी विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो, ताकि वे सही मायनों में विश्व नागरिक बन सकें।

### विश्व एकता तथा विश्व शान्ति तो तभी आयेगी, जब संसार के सभी लोगों में हृदय की एकता होगी :-

प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्सटीन से किसी ने पूछा कि तीसरा विश्व युद्ध किन-किन शस्त्रों से लड़ा जायेगा तो उन्होंने कहा था कि तीसरे विश्व युद्ध के बारे में तो मैं नहीं बता सकता किन्तु मेरे अनुमान से चैथा विश्व युद्ध पत्थरों के द्वारा लड़ा जायेगा। उनके अनुसार यदि तीसरा विश्व युद्ध हुआ तो संसार का पूरी तरह विनाश हो जायेगा और तब युद्ध की अवस्था में मनुष्य को लड़ाई के लिए केवल पत्थर ही मिलेंगे। उसके बाद उनसे पूछा गया कि - क्या एटम बम के निर्माण से विश्व में सुख-शांति आ सकती है? तब उस महान वैज्ञानिक ने कहा था कि जो एटम बम मैंने बनाया है, उससे तो भारी विनाश ही होगा। सुख-शांति तो तभी आयेगी, जब संसार में सभी लोगों के बीच ऊपरी दिखावटी एकता नहीं बल्कि हृदय की एकता होगी। एक सुन्दर प्रार्थना है - एक कर दे हृदय अपने सेवकों के हे प्रभु। कर महान उद्देश्य उन पर प्रकट मेरे प्रभु।

यह लेखक की निजी राय है

# पीएम मोदी का विपक्ष को जवाब



सिध्दार्थ शंकर

भारत में कोरोना वैक्सीनेशन का दूसरा फेज सोमवार से शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगवाई है। एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू होने वाला है, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगवाकर लोगों को एक खास संदेश दिया है। देश में वैक्सीन को लेकर कई बयानबाजी हुई, यहां तक कि विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को वैक्सीन लगवाने की चुनौती तक दे दी थी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत बायोटेक द्वारा विकसित की गई वैक्सीन कोवैक्सीन की खुराक ली है। यह वही वैक्सीन है, जिस पर विपक्ष ने कई सवाल खड़े किए थे। इस वैक्सीन को तीसरे चरण के ट्रायल के दौरान ही इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई थी, जिस पर विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया था और वैक्सीन की गंभीरता पर सवाल खड़े किए थे। इस फेज के साथ वैक्सीनेशन प्रोग्राम सप्लाई-ड्रिवन नहीं रह जाएगा बल्कि डिमांड-ड्रिवन हो जाएगा। आम नागरिकों को केंद्र में रखकर इस प्लान को अंतिम रूप दिया गया है। यह फेज रेलवे की तर्ज पर काम करेगा। जिस तरह रेलवे टाइमटेबल बनाता है, वैसे ही अस्पताल तय करेंगे कि कब और कितने लोगों को वैक्सीन लगानी है। रेलवे में रिजर्वेशन और बिना रिजर्वेशन के भी सीटें मिलती हैं, इसी तरह अस्पतालों में शेड्यूल के अनुसार वैक्सीन लगेगी और वॉक-इन की व्यवस्था भी रहेगी। यानी बिना रिजर्वेशन के भी लोग वैक्सीन लगवा सकेंगे। आम लोगों के लिए वैक्सीन का दिन तय करने के साथ ही समस्या कोरोना के नए केसों को लेकर भी है। महाराष्ट्र के हालात तो नए खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। राज्य में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए नागरिकों के लिए पूर्व की भांति सख्त नियम लागू कर कर दिए हैं। महाराष्ट्र सरकार के इन कदमों ने दस महीने पहले की भयावह स्थिति की याद दिला दी है। केरल में मामले बढ़ते देख कर्नाटक ने उससे लगने वाली सीमा को सील कर दिया है। एक पखवाड़े पहले तक देश में संक्रमितों की संख्या काफी कमी आ गई थी और लगने लगा था कि अब हम महामारी से मुक्त होने की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब फिर से संक्रमण के नए मामलों में तेज वृद्धि से लग रहा है कि महामारी कहीं फिर से तो नहीं लौट रही। महाराष्ट्र और केरल के अलावा मध्यप्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि जम्मू-कश्मीर में भी संक्रमण लगातार नए मामलों का मिलना बता रहा है कि अगर हम अब भी नहीं चेते तो देश फिर संकट में फंस सकता है।

देश में कोरोना की सबसे ज्यादा मार महाराष्ट्र पर पड़ी है। हालांकि भारत में पहला कोरोना संक्रमित मरीज पिछले साल फरवरी में केरल में मिला था। ऐसे में अब केरल और महाराष्ट्र के हालात को हल्के में नहीं लिया जा सकता। लंबे समय से देखने में आ रहा है कि महामारी के खतरे को लेकर लोग एकदम बेपरवाह हो गए हैं और मास्क लगाने व सुरक्षित दूरी जैसे बचाव के जरूरी उपायों का कहीं पालन नहीं कर रहे। ऐसी स्थिति



देश के सभी राज्यों में देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा संकट यह खड़ा हो गया है कि जब लोगों को मास्क और सुरक्षित दूरी जैसे नियम का पालन करने की सबसे ज्यादा जरूरत है, तभी वे घोर लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में संक्रमण को फैलने से कैसे रोका जा सकता है? देश के ज्यादातर राज्यों में तो अब स्कूल, कालेज सहित सभी शिक्षण संस्थान, सरकारी-निजी दफ्तर खुल गए हैं और आर्थिक गतिविधियों को पटरी पर लाने के लिए भी कवायदें जारी हैं।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266



# 2018 में रूसी युद्धपोत को डुबाने को तैयार थी अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी, छिड़ सकता था तीसरा विश्वयुद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एयरफोर्स की हालिया एयरस्ट्राइक के बाद से सीरिया एक बार फिर विश्व की दो महाशक्तियों के बीच जंग का मैदान बनता जा रहा है। रूस ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए असद सरकार समर्थक मिलिशिया को निशाना न बनाने को कहा है। उधर अमेरिकी मीडिया ने दावा किया है कि सन 2018 में सीरिया में अमेरिकी एयरस्ट्राइक से पैदा हुए तनाव के कारण अमेरिका की वर्जीनिया क्लास परमाणु पनडुब्बी यूएसएस जॉन वार्नर रूसी युद्धपोत को डुबाने के लिए तैयार बैठी थी। अमेरिका को डर था कि सीरिया के समर्थन में रूस उसकी नौसेना के युद्धपोतों को निशाना बना सकता है। जिसके बाद यूएसएस जॉन वॉर्नर को रूसी युद्धपोतों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तैयार रखा गया था। उस समय इसी पनडुब्बी ने असद सरकार के समर्थक मिलिशिया पर बेहद घातक टॉमहॉक मिसाइलें दागी थीं। 2018 में अमेरिका और रूस के बीच सीरिया में तनाव इतना बढ़ गया था कि दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडराने लगा था। पूरी दुनिया इस युद्ध को टालने के लिए सक्रिय थीं, क्योंकि रूस और अमेरिका ने सीरिया में अपने सबसे ज्यादा घातक हथियारों का जखीरा



तैनात कर दिया था।

रूस ने जहां असद सरकार के समर्थक सेनाओं की सुरक्षा के लिए एस-400 और एस-300 डिफेंस सिस्टम को एक्टिव कर दिया था, वहीं अमेरिका ने एफ-16, एफ-22 लड़ाकू विमानों को स्टेंडबॉय पर रहने का आदेश दिया था। अमेरिका की कई किलर पनडुब्बियां दिन-रात सीरिया के चारों ओर चक्कर काटती थीं। ऐसे में अगर रूस या अमेरिका में से किसी भी देश ने दूसरे देश के सेना को निशाना बनाया होता तो आज दुनिया का नक्शा ही कुछ और होता।

परमाणु शक्ति से चलने वाली फास्ट अटैक वर्जीनिया क्लास की पनडुब्बियां टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से लैस होती हैं। स्टील्थ फीचर से लैस होने के कारण दुश्मन के रडार इस पनडुब्बी को डिटेक्ट नहीं कर पाते हैं। एंटी सबमरीन वॉरफेयर में इस पनडुब्बी का दुनिया में कोई तोड़ नहीं है। अमेरिकी नौसेना में इन्हें लॉस एंजिलिस क्लास पनडुब्बियों के जगह पर कमीशन किया गया था। इस क्लास की पनडुब्बियां अमेरिकी नौसेना में 2060 से 2070 तक सर्विस में रहेंगी। अमेरिकी नौसेना ऐसी 66 पनडुब्बियों के निर्माण की योजना पर काम कर रही है, जिसमें से 19 अभी एक्टिव हैं, जबकि 11 पनडुब्बियों को बनाया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त अमेरिकी नेवी ने 6 पनडुब्बियों का और ऑर्डर दिया हुआ है। वर्जीनिया क्लास की पनडुब्बियों में तैनात नौसैनिकों को अगर खाने-पीने की वस्तुएं न लेनी हो तो वे कई माह तक पानी के नीचे गायब रह सकते हैं। इसमें खुद के ऑक्सीजन जेनरेटर्स लगे होते हैं, जो पनडुब्बी में तैनात नौसैनिकों के लिए ऑक्सीजन पैदा करते हैं। इसके अलावा परमाणु रिएक्टर लगे होने के कारण इनके पास ऊर्जा का अखंड भंडार होता है।

# मेरा सपना भारत और पाकिस्तान को अच्छे दोस्त बनते देखना है: मलाला

**करांची।** नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने कहा कि भारत और पाकिस्तान को अच्छे दोस्त बनते देखना उनका सपना है। उन्होंने कहा कि लोगों को सीमाओं के अंदर रखने की नीति अब काम नहीं करती हैं और भारत तथा पाकिस्तान के लोग शांति से रहना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अल्पसंख्यकों को हर देश में सुरक्षा की आवश्यकता है। चाहे वह पाकिस्तान हो या भारत, यह मुद्दा धर्म से नहीं जुड़ा हुआ है, बल्कि अधिकारों के हनन से जुड़ा हुआ है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। बालिका शिक्षा की हिमायत करने वाली पाकिस्तानी कार्यकर्ता यूसुफजई को अक्टूबर 2012 में तालिबान के आतंकवादियों ने सिर में गोली मार दी थी, लेकिन वह बच गई थी, जो किसी चमत्कार से कम नहीं था। यूसुफजई ने कहा कि इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगाया जाना और भारत में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने वाले कार्यकताओं की गिरफ्तारी की खबर चिंताजनक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार लोगों की मांगों पर ध्यान देना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान को अच्छे दोस्त



बनते देखना मेरा सपना है, ताकि हम एक-दूसरे के देशों में जा सके। आप पाकिस्तानी नाटक देखना जारी रख सकते हैं, हम बॉलीवुड फिल्में देखना और क्रिकेट मैचों का आनंद लेना जारी रख सकते हैं।

वह जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) के समापन दिवस पर अपनी किताब आई एम मलालाः द स्टोरी ऑफ द गर्ल हू स्टूड अप फॉर एजुकेशन एंड शॉट बाई द तालिबान के संबंध में अपने विचार रख रही थीं। यह महोत्सव डिजिटल तरीके से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आप भारतीय हैं और मैं पाकिस्तानी हूं और हम पूरी तरह से ठीक हैं, फिर हमारे बीच यह नफरत क्यों पैदा हुई है? सीमाओं, विभाजनों तथा फूट डालो और राज करो की पुरानी नीति ये अब काम नहीं करती हैं, क्योंकि हम सभी शांति से रहना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के असली दुश्मन गरीबी, भेदभाव और असमानता है तथा दोनों देशों को एकजुट होना चाहिए और इसका मुकाबला करना चाहिए, न कि एक-दूसरे से लड़ना चाहिए।

# माइक्रोसॉफ्ट को-फाउंडर बिल गेट्स नहीं करते आईफोन का इस्तेमाल, उन्हें एंड्रायड फोन पंसद

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में आईफोन को स्टेटस सिंबल की तरह देखा जाता है। दुनिया में तकरीबन 10 करोड़ लोग आइफोन का इस्तेमाल करते हैं,इसमें कई हाई प्रोफाइल हस्तिया भी शामिल है।

लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर इनमें से एक नहीं है। बिल गेट्स ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इसका खुलासा करके सभी को चौका दिया।

उन्होंने बताया कि वह आइफोन नहीं बल्कि एंड्रायड फोन का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करते है। गेट्स ने कहा, ह्यमैं एंड्रायड फोन का इस्तेमाल करना पसंद करता हूं क्योंकि मैं हर चीज पर नजर रखना चाहता हूं।

हालांकि मेरे पास आइफोन है, लेकिन मैं एंड्रायड फोन को साथ रखना पसंद करता हूं। बिल गेट्स ने बताया कि ह्यकुछ एंड्रायड मैन्युफैक्चरर माइक्रोसॉफ्ट के प्रोडक्ट्स को एंड्रायड में प्री-इनस्टॉल रखते हैं, जिससे उनके लिए चीजें आसान हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने प्रचंड को दी खुली चुनौती

काठमांडू। नेपाल में जारी राजनीतिक बवाल के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपनी ही पार्टी के विपक्षी गुट की अगुवाई कर रहे पुष्प कमल दहल प्रचंड को खुली चुनौती दी है। ओली ने अपने गृह जिले झापा में एक रैली के दौरान सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचंड के नेतृत्व वाले धड़े को चुनौती दी कि अगर वे हटा सकते हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटा दें। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने पीएम ओली के फैसले को पलटते हुए संसद को बहाल कर दिया था। जिसके बाद से प्रचंड सहित सभी विपक्षी दलों ने ओली का इस्तीफा मांगा था। पीएम ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले धड़े को अविश्वास प्रस्ताव लाने की चुनौती भी दी। नेपाली प्रधानमंत्री ने कहा कि केपी ओली अब भी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के संसदीय दल के नेता हैं। वह पार्टी अध्यक्ष होने के साथ ही प्रधानमंत्री भी हैं। अगर आपने संसद को बहाल किया है, तो केपी ओली को प्रधानमंत्री के पद से हटा दें। अगर आप हटा सकते हैं, तो मुझे हटा दें। अगर मुझे हटाया जाता है तो मैं अगले चुनाव में दो तिहाई बहुमत से जीत हासिल करुंगा। माना जा रहा है कि ओली के इस बयान के बाद नेपाल की राजनीति और गरमाने वाली है। पिछले साल नेपाल में उस समय राजनीतिक संकट पैदा हो गया था, जब 20 दिसंबर को राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री ओली की सिफारिश पर संसद के निचले सदन को भंग करने और नए चुनाव कराने की घोषणा की थी।

### पाकिस्तान ने 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर तीन नौका जब्त कीं

करांची। पाकिस्तान ने 17 भारतीय मछुआरों को देश के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) के एक प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मछुआरों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और इसके बाद पुलिस को सौंप दिया गया है। पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि भारतीय मछुआरों को चेतावनी दी गई थी कि वे पाकिस्तान के जलक्षेत्र में हैं और उन्हें दूर चले जाना चाहिए लेकिन उन्होंने चेतावनी नहीं सुनी। प्रवक्ता ने कहा कि 17 मछुआरों को गिरफ्तार करने के लिए तेज गति वाली नौकाओं का इस्तेमाल किया गया जो पाकिस्तान और भारत के बीच तटीय सीमा सर क्रीक के पास पाकिस्तान के जलक्षेत्र में 10-15 समुद्री मील अंदर थे। भारतीय मछुआरों को कराची में मलिर या लांधी जेल भेजा जाता है। यह गिरफ्तारी एक वर्ष के अंतराल के बाद हुई है जब 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और मछली पकड़ने वाली उनकी चार नौकाओं को समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने जब्त किया था। पाकिस्तान और भारत अक्सर एक दूसरे के मछुआरों को गिरफ्तार करते रहते हैं क्योंकि अरब सागर में समुद्री सीमा का कोई स्पष्ट सीमांकन नहीं है और मछुआरों के पास उनके सटीक स्थान को जानने के लिए तकनीक से लैस नौकाएं नहीं हैं। सुस्त नौकरशाही और लंबी विधिक प्रक्रियाओं के कारण, मछुआरे आमतौर पर कई महीनों तक जेलों में रहते हैं और कभी-कभी सालों तक भी।

### जेयूआईएफ के सदस्य मौलवी, उसके बेटे और छात्र की गोलीमार कर हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में मौलाना फजलुर रहमान के संगठन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआईएफ) के सदस्य और प्रमुख स्थानीय मौलवी मुफ्ती इकरामुर रहमान, उनके बेटे और एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस के अनुसार इस्लामाबाद के बाहरी इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना शनिवार देर रात की है, जब भारा काहू क्षेत्र में इकरामुर रहमान अपनी कार की तरफ जा रहे थे। इस हमले में उनके 13 वर्षीय बेटे समीउल्ला और एक छात्र की भी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस अधिकारी शहजाद खान ने मीडिया को बताया कि हमले में कम से कम तीन लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि इकरामुर रहमान, समीउल्ला और छात्र को कई गोलियां लगी थीं जिससे अस्पताल में उनकी मौत हो गई। अभी तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इकरामुर रहमान, जेयूआईएफ से जुड़े थे जिसके अध्यक्ष फजलुर रहमान पाकिस्तान डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रमुख हैं जो पाकिस्तान में विपक्षी दलों का एक गठबंधन है।

### यंगून, दवेई और मांडले शहरों में पुलिस की गोलीबारी में 18 लोगों की मौत के बाद स्थिति बिगड़ी

यंगून। म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। पुलिस की कार्रवाई में 18 लोगों के मारे जाने के बाद भी म्यांमार की नेता आंग सांग सू की के हजारों समर्थक सड़कों पर उतर आए हैं। तख्तापलट के बाद रविवार का दिन सबसे हिंसक रहा और संयुक्त मानवाधिकार कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। सुरक्षा बलों की गोलीबारी में यंगून, दवेई और मांडले शहरों से लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।

# जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के कारण ध्रुवीय भालू का जीवन हुआ दुस्वार

**वाशिंगटन।** जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव केवल मौसम और इंसानों पर ही नहीं बल्कि जानवरों पर भी पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग का असर यूं बहुत सी प्रजातियों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हो ही रहा है, लेकिन इंटरनेशनल पोलर बियर डे के मौके पर चर्चा पोलर बियर यानी ध्रुवीय भालू पर काफी उपयुक्त है। जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव ध्रुवीय बर्फ का पिघलना है। आर्कटिक इलाके में पिघलती बर्फ का असर ध्रुवीय भालू पर कम नहीं हुआ है। ताजा अध्ययन के मुताबिक अब इन भालुओं को शिकार करने में ज्यादा ऊर्जा लगाने की जरूरत पड़ती है। आर्टिक में बर्फ का पिघलाव बहुत तेजी से हो रहा है। पिछले कुछ समय के वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि यह स्थिति अब खतरनाक रूप लेने लगी है।

इस बहुत ही बड़े बदलाव का कारण ध्रुवीय इलाके के ध्रुवीय भालुओं जैसे शिकारी जीवों को अपने भोजन और बर्ताव की आदतों में बदलाव करना पड़ा। इतना ही नहीं उन्हें यह बदालव ठंडी जलवायु वाले स्तनपायी जीवों की तुलना में ज्यादा तेजी से करना पड़ा है।

उत्तरी ध्रुवों की खास प्रजातियां ग्लोबल वार्मिंग की वजह से अनिश्चित भविष्य का सामना कर रही है। इससे समुद्रों की बर्फ गायब हो रही है, जिससे हाल ही में एक्सपिमेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार पोलर बियर को जमीन की ओर जाना पड़ रहा है। इन बदलावों का ध्रवीय बर्फ पिघलने का यहां की प्रजातियों पर गहरा असर होता दिखाई दे रहा है।



जेरुसलम में एक समारोह के दौरान पुलिस से स्थानीय लोगों के एक समूह की झड़प हो गयी। - फोटो

# लद्दाख तनाव के दौरान भारत को अंधेरे में डुबाना चाहता था चीन

**वॉशिंगटन।** लद्दाख में जारी तनाव के दौरान चीन अपने हैकर्स की मदद से भारत में ब्लैकआउट कराने की फिराक में था। अमेरिकी मीडिया संस्थान के अध्ययन में सामने आया है कि चीनी हैकर्स की फौज ने अक्टूबर में मात्र पांच दिनों के अंदर भारत के पावर ग्रिड, आईटी कंपनियों और बैंकिंग सेक्टर्स पर 40500 बार साइबर अटैक किया था। इस अध्ययन में कहा गया है कि जून में गलवान घाटी झड़प के चार माह बाद 12 अक्टूबर को मुंबई में हुए ब्लैकआउट में चीन का हाथ था। दरअसल, यह भारत के पावर ग्रिड के खिलाफ एक व्यापक चीनी साइबर अभियान का परिणाम था। चीन यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि अगर सीमा पर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई तो वह भारत के अलग-अलग पावर ग्रिड पर मैलवेयर अटैक कर उन्हें बंद कर देगा। इस अध्ययन में यह भी बताया गया है कि उन दिनों चीनी मैलवेयर भारत में बिजली की सप्लाई को नियंत्रित करने वाली प्रणालियों में घुस चुके थे। जिसमें हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन सबस्टेशन और थर्मल पावर प्लांट भी शामिल थे।

अमेरिका की साइबर सिक्योरिटी कंपनी रिकॉर्डेड फ्यूचर की रिपोर्ट में भारत के बिजली सप्लाई लाइन में चीन की घुसपैठ का दावा किया गया है। यह कंपनी सरकारी एजेंसियों के साथ इंटरनेट के उपयोग की स्टडी करती है। कंपनी को बताया गया कि अधिकतर चीनी मैलवेयर कभी भी एक्टिवेट ही नहीं किए गए थे। हालांकि, रिकॉर्डेड फ्यूचर भारत के पावर सिस्टम के अंदर नहीं पहुंच सकता था, इसलिए इसकी जांच नहीं की जा सकी।



रिकॉर्डेड फ्यूचर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर स्टुअर्ट सोलोमन ने कहा कि चीन की सरकारी हैकर्स की रेड इको नाम की फर्म ने गुपचुप तरीके से भारत के एक दर्जन से ज्यादा पावर जनरेशन और ट्रांसमिशन लाइन मे घुसपैठ के लिए अडवांस साइबर हैकिंग के तकनीकों का व्यवस्थित रूप से उपयोग किया था। उस समय ही मुंबई में पावर ग्रिड फेल होने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी। हालांकि, यह साबित नहीं किया जा सका था कि क्या इसके पीछे साइबर अटैक था या कोई दूसरी वजह।

12 अक्टूबर 2020 की सुबह मुंबई में अचानक बिजली सप्लाई बंद होने से हड़कंप मच गया था। कभी न रुकने वाली मुंबई अचानक थम सी गई थी। बिजली जाने से कोरोना की मार झेल रहे मुंबई के अस्पतालों में वेंटिलेटर्स काम करना बंद कर दिए थे। ऑफिसों में बिजली चले जाने से अंधेरा हो गया था। हालांकि, 2 घंटे के मशक्कत के बाद फिर से पावर सप्लाई को चालू कर दिया गया था।

# अंटार्कटिका में टूटा न्यूयॉर्क सिटी के बराबर का हिमखंड, ब्रिटिश रिसर्च सेंटर को नहीं पहुंचा नुकसान

**लंदन।** अंटार्कटिका में ब्रिटिश रिसर्च स्टेशन के पास एक विशाल हिमखंड टूट गया है। ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण ने बताया है कि बर्फ के इस टुकड़े का क्षेत्रफल 1,270 वर्ग किलोमीटर है। बताया जा रहा है कि यह घटना 26 फरवरी को हुई थी। इससे ब्रिटिश रिसर्च सेंटर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, क्योंकि आर्कटिक की सर्दियों के कारण इस स्टेशन को बंद कर दिया गया है। घटना के बाद से ब्रिटिश एजेंसियां पूरे इलाके का हवाई सर्वेक्षण कर हालात का जायजा ले रही हैं। इतने बड़े आकार के हिमखंड के टूटने से तहलका मच गया है। कुछ विशेषज्ञ इसे ग्लोबल वॉर्मिंग से जोड़कर देख रहे हैं। उनका कहना है कि इंसानों की इस शीत मरुस्थल में बढ़ती आवाजाही से यहां का वातावरण गर्म हो रहा है। वहीं, दूसरी तरफ समुद्र का बढ़ता तापमान भी इन हिमखंडों को धीरे-धीरे पिघला रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि 150 मीटर मोटी ब्रंट आइस शेल्फ कैल्विंग प्रक्रिया के कारण टूटी है। इस टुकड़े में पहले भी दरार दिखाई दिया था। जिसके बाद वैज्ञानिकों ने कहा था कि आने वाले दिनों में यह टुकड़ा अलग हो सकता है। बताया जाता है कि यह घटना आर्कटिक में ब्रिटेन के हैली रिसर्च स्टेशन से सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी पर हुआ है।

# चीन की एक और हिमाकत, मुंबई में बत्ती कराई गुल, पूरे भारत में ब्लैकआउट की थी तैयारी

**वॉशिंगटन।** चीन अपनी हिमाकतों से बाज नहीं आ रहा है। गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों से झड़प में मात खाने के बाद चीन ने अब भारत में साइबर हमले का प्रयास किया। यही नहीं उसके इस साइबर हमले की वजह से देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक दिन के लिए ब्लैकआउट हो गया था। पूरे शहर में बत्ती गुल हो गई थी और कोरोना काल में अस्पतालों में जनरेटर से काम चलाना पड़ा था। एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में चीन की इस हिमाकत का दावा किया गया है।

गलवान हिंसा के चार महीने बाद मुंबई में अचानक बिजली गुल होने की वजह से ट्रेनें बंद हो गई थीं और स्टॉक मार्केट भी ठप हो गया था। बत्ती गुल होने से शहर के 2 करोड़ लोग अंधेरे में डूब गए थे। अस्पतालों में इमरजेंसी जनरेटर चालू करने पड़े थे ताकि वेंटिलेटरों चलते रहें। यह वही दौर था जब भारत में कोरोना अपने चरम पर जा रहा था। बीते साल 12 अक्टूबर को मुंबई में ब्लैकआउट हुआ था। अब एक नए अध्ययन से



यह पता लगा है कि ये सब घटनाएं आपस में जुड़ी थीं।

उस समय की न्यूज रिपोर्ट्स में भी भारतीय अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया था कि मुंबई में साइबर हमले के पीछे चीनी साइबर हमला हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह सब घटनाएं चीन के एक बड़े साइबर अभियान का हिस्सा था, जिसका मकसद भारत के पावर ग्रिड को ठप करना था। इतना ही नहीं चीन ने तो यहां तक योजना बना ली थी कि अगर गलवान में भारत दबाव बनाता है तो वह पूरे देश को अंधेरे में डूबा देगा। स्टडी से यह खुलासा हुआ है कि हिमालय में जारी गतिरोध के बीच चीनी मैलवेयर भारत में बिजली सप्लाई के कंट्रोल सिस्टम में घुस चुके थे। इसमें हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन सबस्टेशन और थर्मल पावर प्लांट भी शामिल थे।

# परमाणु समझौते को लेकर ईरान के साथ बातचीत करने को तैयार बाइडेन

**वाशिंगटन।** बाइडेन प्रशासन ने कहा कि वह ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए तैयार है, जबकि ईरान ने समझौते को लेकर अमेरिका और अन्य भागीदारों के साथ बैठक में शामिल होने के यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकरा दिया है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वार्ता में शामिल नहीं होने के फैसले से अमेरिका निराश है लेकिन वह वार्ता के प्रारूप और ढांचे को लेकर लचीला रूख अपना रहा है और राजनयिक प्रक्रिया के तहत यूरोपीय संघ के आमंत्रण को ठुकराने के ईरान के फैसले पर भी गौर कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस दिशा में आगे के कदम को लेकर अन्य सहयोगी देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूरोपीय संघ के साथ विचार-विमर्श करेगा। इससे पहले ईरान ने वार्ता के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि बैठक के लिए यह सही समय नहीं है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ हुए समझौते में फिर से शामिल होगा।

# स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क की मंगल ग्रह में जीवन को लेकर है बड़ी योजना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी के बड़े कारोबारी और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क की मंगल ग्रह में जीवन को लेकर बड़ी योजना है। वैसे दुनिया के तीन देश मंगल ग्रह पर अपने यान पहुंचा चुके हैं। दुनिया की तमाम स्पेस एजेंसियों का जोर भी मंगल ग्रह के अध्ययन पर है। लेकिन इन चचाओं में एलन मस्क का जिक्र नहीं होता। एलन मस्क वे शख्स हैं जो नासा के निर्धारित मंगल मानव अभियान से कई साल पहले मंगल पर लोगों के साथ खुद भी जाना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक ट्वीट कर मंगल को बेब कहा है। इससे पहले वे कई बार अपनी योजना के बारे में भी बता चुके हैं। मस्क अपने मंगल अभियान पर बहुत केंद्रित तौर पर काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य साल 2026 तक एक नहीं बल्कि कई लोगों को एक साथ मंगल ग्रह तक पहुंचाने का है। इस ट्वीट में उन्होंने नासा के हबल टेलीस्कोप का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें लाल ग्रह का घूर्णन दिखाया गया है। इस पर कमेंट में उन्होंने 'हे बेबी' लिखा है।

एलन मस्क टेस्ला और स्पेस एक्स कंपनी के मालिक हैं और दुनिया के शीर्ष उद्योगपति है। उनकी



स्पेस एक्स दुनिया की पहली ऐसी निजी कंपनी है जिसके जरिए यान के जरिए अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचाया गया है। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक शो में खास ऑडियो के जरिए अपने मंगल अभियान के बारे जानकारी देते हुए बताया था कि वे मंगल पर एक आत्मनिर्भर बस्ती का निर्माण करना चाहते हैं। अपने ऑडियो में मस्क ने मंगल पहुंचने की टाइमलाइन का भी जिक्र किया था। उन्होंने बताया था कि साढ़े पांच साल में मंगल पर इंसानों को भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही मस्क ने अपने अभियान के समक्ष आने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया था। वहीं उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी डेडलाइन अंतिम नहीं है।

हैरानी की बात यह है कि मंगल पर मानव अभियान भेजने की नासा की अंतिम तिथि साल 2033 है जो काफी पहले से मंगल पर जाने की तैयारी कर रहा है। अभी तक मंगल पर इंसान के रहने लायक स्थिति बना पाने तक के संकेत नहीं मिले है। मंगल पर आने जाने के दौरान यात्री कैसे खा पाएंगे। कैसे सांस ले पाएंगे, इस पर अभी शोध ही चल रहा है। लेकिन मस्क बहुत आगे की सोच रखने वाले व्यक्ति हैं। मस्क का इस समय जोर अपने अंतिरक्ष यान को प्रक्षेपित करने वाले खास रॉकेट को विकसित करने पर है जो उनके यानों को पृथ्वी के बाहर पहुंचा कर वापस धरती पर सुरक्षित आ सके और बार बार उपयोग में भी लाया जा सके। इस फॉल्कन रॉकेट के 9 परीक्षण हो चुके हैं और उसके पूर्ण सफल परीक्षण का इंतजार है। लेकिन मस्क को आशा है कि यह प्रयास निश्चित तौर पर सफल हो जाएगा। यहां तक के अब तक के परीक्षणों से वे पूरी तरह से संतुष्ट हैं। मंगल ग्रह पर जाने का सबसे अच्छा समय 26 महीने में एक बार आता है। इस समय मंगल और पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाते समय एक दूसरे के सबसे पास होते हैं। मस्क चाहते हैं उनकी स्टारशिप हर सप्ताह में बने क्योंकि उन्हें एक हजार स्टारशिप की जरूरत होगी।

# इजराइल-फलस्तीन मुद्दे का हल खुद ही मिलकर दोनों देश कर सकते हैं : भारत

**जिनेवा।** इजराइल और फलस्तीन के बीच तनातनी को लेकर भारत ने दोनों देशों से कहा कि वह मुद्दे का हल मिलकर खुद ही कर सकते हैं। भारत ने कहा कि दोनों पक्षों को सीधी बातचीत के जरिए मुद्दे का समाधान करना चाहिए और इन मुद्दों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई से बचना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत के. नागराज नायडू ने पश्चिम एशिया में स्थिति, जिसमें फलस्तीन का सवाल भी शामिल है पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि नई दिल्ली फलस्तीन के लिए और एक संप्रभु और स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र की स्थापना के प्रति अपना समर्थन दोहराता है जो शांति और सुरक्षा के साथ इजराइल के साथ रहे।

उन्होंने कहा, हमारा दृढ़ता से मानना है कि सिर्फ 'दो राष्ट्र समाधान' से ही स्थायी शांति होगी जो इजराइल और फलस्तीन के लोग चाहते हैं और उसके हकदार हैं। इसे अंतिम स्थिति के मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के जरिए हासिल किया जाना चाहिए। इन अंतिम मुद्दों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई से बचना चाहिए। नायडू ने



रुकी हुई शांति वार्ता को पुनर्जीवित करने के लिए हालिया कूटनीतिक प्रयासों को उत्साहजनक करार दिया और कहा कि क्वॉर्टेट (पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के लिए लगी चार प्रमुख शक्तियां) के विशेष राजदूत की बैठकें समय पर हुई हैं। भारत ने क्वॉर्टेट से इजराइल और फलस्तीनी नेतृत्व के साथ बातचीत शुरू करने को कहा है।

नायडू ने कहा, भारत उन सभी प्रयासों का स्वागत करता है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना है ताकि सीधी बातचीत फिर से शुरू हो और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। पश्चिम एशिया में शांति के लिए विशेष समन्वयक और महासचिव के निजी प्रतिनिधि टूर वेन्नेसलैंड ने परिषद की बैठक में कहा कि वैश्विक समुदाय की तवज्जो पक्षों को बातचीत की मेज पर वापस लाने में मदद करने की है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



आजाद मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष यू एस राना ठाकुर का धौलपुर में किया स्वागत

# सवर्ण आयोग गठन की मांग के लिए सामाजिक जागृति अभियान

» मदरलैंड, देशबन्धु जोशी



जयपुर। राजस्थान की सीमा पर धौलपुर आजाद मंच भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष यू एस राना ठाकुर का धौलपुर में स्वागत सम्मान किया गया। राना ठाकुर संगठन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झांसी जा रहे थे । राना ठाकुर के धौलपुर पहुचने पर आजाद मंच भारत के राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी अशोक सिकरवार के नेतृत्व में स्वागत सम्मान किया गया।उनके साथ सचेन्द्र सिंह सेंगर भी थे।

इस अवसर पर राना ने कहा आजाद मंच भारत सवर्ण आयोग की मांग पर उतर प्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के सांगठनिक दौरे पर निकले है। आजाद मंच भारत के अध्यक्ष राना ठाकुर का धौलपुर में विश्राम रहा। जहां अशोक सिकरवार ने अपने साथियों के साथ राना ठाकुर से सवर्ण आयोग के लिए मुहिम तथा अरक्षण के विरोध पर विस्तृत चर्चा हुई उनके साथ सचेन्द्र सिंह सेंगर भी थे।

### राना ठाकुर ने किए पौराणिक ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के दर्शन

राना ठाकुर ने सपरिवार श्री रणछोड़ भगवान की नगरी धौलपुर के पवित्र तीर्थ स्थल मचकुंडधाम का भी भ्रमण किया। उनसे मुलाकात करते समय राष्ट्रीय सचिव अशोक सिकरवार, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट सरनाम सिंह सिकरवार,कौमी एकता संस्थान अध्यक्ष राजकिशोर सिंह परिहार , दिग्विजय सिंह, राम दत्त शर्मा, धीरू परिहार सहित जागरूक लोग उपस्थित रहे।

# दिवंगत पार्षद कपिलराज शर्मा की स्मृति में हुआ रक्तवीर आयोजन



» मदरलैंड, शिवा जोशी

अलवर ।दिवंगत पार्षद कपिलराज शर्मा के पिता एवं युवा ब्राह्मण सभा परिवार के सदस्यों का हुआ रक्तविर आयोजित आयोजित किया गया।

जीवनधारा ब्लड बैंक के सचिव हरिओम कटारा ने बताया स्व.पार्षद कपिलराज शर्मा की प्रथम पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में युवा ब्राह्मण सभा परिवार एवं सर्व समाज द्वारा 151 से अधिक रक्तदान करने पर स्व.कपिलराज शर्मा के पिता एव युवा ब्राह्मण सभा परिवार के सदस्यों को रक्तवीर सम्मान से नवाजा गया ।

युवा ब्राह्मण सभा के प्रवक्ता शिवचरण कमल ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कपिलराज शर्मा के पिताजी जगदीश शर्मा द्वारा किया गया ,इस अवसर पर पं.नितिन भाल द्वारा मंत्रोचार किया गया। ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा द्वारा स्व.पार्षद कपिलराज शर्मा के राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनकी आत्मिक शांति की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होने वालों में ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा, शिवचरण कमल, डॉ वीनोद शर्मा, अशोक अवस्थी, डॉ पंकज शर्मा, विष्णु शर्मा, महेश उपाध्याय, नितिंन भाल, सुनील शर्मा, आरडी शर्मा एवं गोरव शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# विशाल कन्हैया पद दंगल डेयरी चेयरमेन बन्ना राम मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजित

## धार्मिक रोचक कथा सुनकर श्रोताओं ने प्राप्त किया भक्ति आनन्द

» मदरलैंड, महेश चन्द मीणा



**रैणी।** गढी सवाईराम कस्बे मे विशाल कन्हैया पद दंगल मे अलवर सरस डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीना ने मुख्य अतिथि के रूप मे की शिरकत मुख्य अतिथि चेयरमैन मीना ने स्थानीय कमेटी को 21000 रुपए नकद प्रदान किये।

अलवर जिले की पंचायत समिति रैणी के गढी सवाईराम कस्बे मे आज विशाल कन्हैया पद दंगल आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर अलवर सरस डेयरी चेयरमैन बन्नाराम मीना ने शिरकत की। इस पद दंगल मे विशिष्ट अतिथि डाक्टर कैलाश चन्द्र मीना व स्थानीय सरपंच भारती देवी व बहडको सरपंच हरि प्रसाद मीना रहे। इस दौरान मंच का संचालन फिरोजपुर सरपंच रामकिशन मीना ने किया।

चारो पार्टी के गायक अच्छी अच्छी धार्मिक रोचक कथा गाकर श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया , इस दंगल मे आस पास के क्षेत्र के गांवो से दूर दराज से बडी संख्या मे श्रोतागण आए सभी ने सभी गायक कलाकारो की बहुत बहुत प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अलवर जिलाध्यक्ष आशा शर्मा ने गूगल मीट एप्प के जरिये ली महिला शक्ति की मीटिंग

मदरलैंड शिवा जोशी, अलवर। अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि) अलवर इकाई की जिलाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमती आशा शर्मा की ने अपनी जिला कार्यकारिणी की मीटिंग गूगल मीट एप के जरीये ली। मीटिंग में कार्यकारिणी की सभी महिलाओ को अपने अपने क्षेत्र में समाज की महिलाओ को कोरोना सुरक्षा के उपायो के साथ जागरूक करने व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का आव्हान किया गया। वही बीडियो कांफ्रेस में शामिल महिलाओ को ब्राह्मण परिषद के कार्यो के बारे में बताकर समाज हित में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। मीटिंग में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कंचन तिवाडी (भिवाडी), रूबिया शर्मा (थानागाजी), गंगा शर्मा बगड का तिराया (रामगढ), रोहनी शर्मा और प्रियंका शर्मा (राजगढ), उर्मिला शर्मा (लक्ष्मणगढ), श्रद्धा शर्मा (खेडली) और सावित्री शर्मा (कठूमर) शामिल हुई।

### कोविड-19 वैक्सीनेशन के तृतीय चरण में किया वैक्सीनेशन टीकाकरण

मदरलैंड, नागपाल शर्मा। माचाड़ी कस्बे के आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन के तृतीय चरण में वैक्सीनेशन टीकाकरण कार्य किया गया। उसी दौरान अचानक उपखंड अधिकारी स्नेहलता हरित का निरीक्षण करना हुआ। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर पुखराज मीणा वैक्सीनेशन कार्य की जानकारी लेते हुए पूछा की टीकाकरण की क्या प्रोग्रेस है। उन्होंने बताया 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को भी कोविड वैक्सीन लगाने के लिए निर्देश दिए इस अवसर पर सीनियर सिटीजन में उम्र को देखते हुए पहला टीका सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिवदत्त शर्मा पुरोहित को उपखंड अधिकारी के समक्ष लगाया गया इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पुखराज मीणा डॉ वीरेंद्र कुमार मीणा मेल नर्स छोटी लाल मीणा सुशीला मीणा एएनएम स्टाफ नर्स संगीता शर्मा हरि सिंह यादव लैब टेक्नीशियन रमेश चंद सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर हरकेश मीणा वार्ड बॉय प्रदीप बोहरा माचाड़ी मीडिया प्रभारी नागपाल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एडवोकेट तेज सिंह यदूवंशी अधिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष बने

मदरलेण्ड संवाददाता, लक्ष्मणगढ़। अभिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के चुनाव सोमवार को न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट तेज सिंह यदूवंशी १० मतों से विजयी हुए। सचिव पद पर कुवंर सिंह यादव १० मतों से विजयी हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट अजय कुमार जैन एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि अभिभाषक संघ लक्ष्मणगढ़ के सोमवार को अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य पदों के लिए शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव सम्पन्न हुए। मतदान प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ। मतदान के लगभग आंधा घण्टे बाद मतपत्रों की गिनती शुरू हुई। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद के लिए २ प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना में एडवोकेट तेज सिंह यदूवंशी को ४९ मत व एडवोकेट मोंदी कांति चन्द ३९ मत मिले। इस प्रकार एडवोकेट तेज सिंह यदूवंशी १० मतों से विजयी घोषित हुए। इसी प्रकार सचिव पद के लिए एडवोकेट कुंवर सिंह यादव ने एडवोकेट मुनफेद को १० मतो से हराया। कुंवर सिंह को ४९ व मुनफे द ३९ मत प्राप्त किये। वही कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष पद पर किर्तिनन्द शर्मा तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद एडवोकट जैमनद्दीन निर्विरोध निर्वाचित हुए। बाद में अधिवक्ताओं के द्वारा अध्यक्ष तेज सिंह यदूवंशी, सचिव कुंवर पाल सिंह यादव व अन्य निर्विचित सदस्यों के समर्थकों के द्वारा गुलाल व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेज सिंह यदूवंशी ने कहां कि बार-बैंच के अच्छे सम्बध के प्रयास व अभिभाषक संघ के हित में फैसले लेनें की बात कही।

# भारतीय सिन्धु सभा खैरथल इकाई के अध्यक्ष बने लक्ष्मण दास भूरानी

» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी

खैरथल। भारतीय सिन्धु सभा खैरथल इकाई का अध्यक्ष लक्ष्मण दास भूरानी को बनाया गया है। इस संदर्भ में जयपुर में भारतीय सिन्धु सभा राजस्थान की प्रादेशिक कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गिरधारी लाल ज्ञानानी को प्रदेश मंत्री, प्रताप सिंह कटहरा को अलवर, भरतपुर संभाग प्रभारी व राजकुमार दादवानी को प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री का दायित्व दिया गया। खैरथल इकाई के अध्यक्ष का दायित्व लक्ष्मण दास भूरानी को व अलवर इकाई के अध्यक्ष का दायित्व पवन कोरजानी को दिया गया। किशनगढ़ बास इकाई में मंत्री का दायित्व लक्ष्मण दास मंगलानी को दिया गया। जिले की कार्यकारिणी बनाने का दायित्व गोरधन दास जसवानी अध्यक्ष व सुभाष चंद निहलानी मंत्री को



दिया गया। जिले से तेजूमल रामचंदानी, सुभाष चंद्र निहलानी, गिरधारी लाल ज्ञानानी, प्रताप सिंह कटहरा, गोरधन दास जसवानी, बाबूलाल गोरवानी, लक्ष्मण दास भूरानी, राजकुमार अडवाणी,गुलाब चंद चंदवानी, ईश्वर दास भोपानी,पवन कोरजानी, लक्ष्मण दास मंगलानी ने अलवर का प्रतिनिधित्व किया। फोटो कैप्शन-लक्ष्मण दास भूरानी।

# यज्ञोपवीत, जनेऊ संस्कार का होगा आयोजन



» मदरलैंड, सुनील शर्मा

नारायणपुर ।कस्बा के श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति एनजीओं नारायणपुर के द्वारा यज्ञोपवीत, जनेऊ संस्कार का आयोजन किया जायेगा। समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण समाज का कोई भी कही का भी यज्ञोपवित संस्कार में शामिल होने वाला इच्छुक बालक जिसकी उम्र 8 वर्ष या इससे अधिक है तथा अभी तक जनेऊ संस्कार नहीं हुआ है उनके लिए समिति द्वारा जनेऊ संस्कार किया जायेगा। जो भी ब्राह्मण बन्धु इस संस्कार में शामिल होने के लिए संस्था के द्वारा फार्म भरकर अपना पंजिकरण करवाये। पंजिकरण के लिए राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय नारायणपुर के सामने स्थित बालाजी मेडिकोज पर मोनू शर्मा 9785860075 या मोना ई मित्र केंद्र पाया कि टेक नारायणपुर में लहरी सैनी 7734987104 पर संपर्क कर सकते हैं। जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का पंजीकरण 3 मार्च 2021 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके मूल दस्तावेज आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो लेकर अपना पंजीकरण करवाएं।

# कुए पर पानी लेने गई महिला की रस्सी में पैर उलझ जाने पर कुएं में गिरने से हुई मौत

» मदरलैंड संवाददाता

माचाड़ी कस्बे में सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे एक महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मचाड़ी से पेट्रोल पंप के सामने से जाने वाले रास्ते में कांठेडया का बाँस सैनी बस्ती में खेतों पर रह रहे एक परिवार के कुए मैं पहले से हुई बोरिंग की मोटर खराब हो हो जाने पर परिवार के लोग द्वारा रस्से से मोटर को कुएं से बाहर निकाल रहे थे कि अचानक रस्सा टूट गया रस्से के टूट जाने से प्रभु दयाल सैनी की पत्नी मुन्नी देवी का रस्से में पैर उलझ जाने से महिला रस्से के साथ कुएं में गिर गई जिससे उसकी कुएं में गिरने पर मौत हो गई कुए में महिला के गिरते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया जिसके चलते लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और लोगों ने महिला को कुए से बाहर निकाला और परिवार को सांत्वना देने की कोशिश की लेकिन गरीब परिवार के बच्चों के व परिवार वालों के ऊपर एकदम पहाड़ का टूट गया।

# पट्रोल डीजल गैस की बढ़ती कीमतों से आम जन हो रहा है परेशान

» मदरलैंड, संवाददाता

- विरोधी दल भी बढ़ते दामों को लेकर नही कर रहे विरोध
- पट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव

जयपुर। पिछले महीनों से पट्रोल, डीजल के निरंतर बढ़ती कीमत तथा गैस पर सब्सीडी बन्द से आम जन परेसान हो रहा है। दूसरी तरफ विरोधी दल भी पेट्रोलियम पर बढ़ती रिकॉर्डतोड़ कीमतों का विरोध प्रबल तरीके से करता दिखाई नही दे रहा है। जिससे आम गरीब व मध्यम श्रेणी के परिवार का बजट डगमगा गया है। आज के दौर में बाइक गरीब के पास भी जरूरी है मध्यम श्रेणी के पास अधिकांस लाइट विहिकल है। जो इस समय विगत महिनी में बड़ी पट्रोलयम कीमती से परेशान असमर्थ दिखाई दे रहे हैं।

पट्रोलयम पदार्थो की निरंतर बढ़ती कीमतों ने अभी तक सारे रिकोर्ड तोड़ दिए हैं। जिससे बाजार में प्रत्येक वस्तु , ट्रांसपोर्ट विहिकल, सवारी गाड़ियों के किराए बढ़ने से बाजार में प्रत्येक वस्तु पर महंगाई का बढ़ता असर दिख रहा है। लोगों का मानना है कि कांग्रेस समय मे पट्रोलयम कीमतों की कीमतों को लेकर सड़कों पर विरोध करने वाले वाली भाजपा के कार्यकर्ता चुपी साधे है। और कांग्रेसी भी बढ़ती कीमतों के विरोध करने में असमर्थ दिखाई दे रही है। आन जन का दुखड़ा परेशानी मजबूरी सभी की सामने प्रतीत हो रही है लेकिन प्रबल विरोध करने की इच्छा शक्ति नजर नही आरही।

सामाजिक संगठनों के अधिकांस नेता भी चुप क्यो

देखा जा रहा है कि सामाजिक संगठनों के नेता भी किसी बड़े राजनीतिक दल से व्यक्तिगत मोह के चलते समाज हित मे पट्रोलयम का विरोध नही कर रहे।

# जिला कलेक्टर ने कोरोना नवीन स्टेन से बचाव के लिए गाइड लाइन की जारी

## प्रान्त से बहार के यात्री को जांच रिपोर्ट नेगेटिव जरूरी

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर।जिला कलेक्टर नन्नू मल पहाड़िया ने आदेश जारी कर कोरोना के नवीन स्टेन से पीड़ितों की संख्या में महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, पंजाब, मध्यप्रदेश, राजस्थान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखते हुए जिले में मानव जीवन को खतरे से दूर रखने के लिए आपदा अधिनियम 2005 की धारा 34 के अंतर्गत अलवर जिले में समस्त अतिथि ग्रहों, रिसॉर्ड व होटल, में ठहरने वाले राज्य के बहार के व्यक्तियों को जिले में आने से न्यूनतम 72 घण्टे पूर्व तक का RT PCR टेस्ट एवं कोरोना नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य किया गया है। गाइड लाईन की पालन के लिए मालिक, संचालकों समस्त को आदेश जारी कियव गए हैं। बिना जांच रिपोर्ट के बाहरी राज्य के किसी भी व्यक्ति को रिसोर्ट में प्रवेश नही दें। जिला कलेक्टर ने जिले अंतर्गत सभी प्रशासनिक अधिकारियो को आदेश की पालना नही करने पर आईपीसी की धारा 188 एवं कोविड प्रोटोकॉल के तहत सख्त कार्यवाही के लिए आदेश जारी किए हैं।

# कोविड-19 वैक्सीनेशन के तृतीय चरण में किया वैक्सीनेशन टीकाकरण

## उपखंड अधिकारी ने किया ओचक निरीक्षण



» मदरलैंड, नागपाल शर्मा

माचाड़ी कस्बे के आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को कोविड-19 वैक्सीनेशन के तृतीय चरण में वैक्सीनेशन टीकाकरण कार्य किया गया। उसी दौरान अचानक उपखंड अधिकारी स्नेहलता हरित का निरीक्षण करना हुआ। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर पुखराज मीणा वैक्सीनेशन कार्य की जानकारी लेते हुए पूछा की टीकाकरण की क्या प्रोग्रेस है। उन्होंने बताया 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को भी कोविड वैक्सीन लगाने के लिए निर्देश दिए इस अवसर पर सीनियर सिटीजन में उम्र को देखते हुए पहला टीका सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिवदत्त शर्मा पुरोहित को उपखंड अधिकारी के समक्ष लगाया गया इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पुखराज मीणा डॉ वीरेंद्र कुमार मीणा मेल नर्स छोटी लाल मीणा सुशीला मीणा एएनएम स्टाफ नर्स संगीता शर्मा हरि सिंह यादव लैब टेक्नीशियन रमेश चंद सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर हरकेश मीणा वार्ड बॉय प्रदीप बोहरा माचाड़ी मीडिया प्रभारी नागपाल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुले आम हो रहा भारतीय मुद्रा का विरूपण, जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी

» मदरलैंड, संजय बागड़ी



कोटकासिम। आज देश में रोज नित नये नियम बनते हैं। लेकिन जब नियमों की पालना करने की बात आती है तो कुछ दिन तो नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है लेकिन बाद में वही घोड़ा वही मैदान वाली स्थिति दिखाई पड़ती है। भारतीय मुद्रा भी राष्ट्र की एक धरोहर है यह आपके पास है तो इसका अर्थ यह है की आप जितनी मुद्रा आपके पास है उसके मुताबिक क्रय शक्ति रखते हैं, यह कतई नहीं की आप मुद्रा को विरूपित कर क्षति पहुचायें। भारतीय मुद्रा को किसी तरह तरह से मोड़ना, पंचिंग करना, फाड़ना या उस पर नाम आदी कुछ लिखना दण्डनीय अपराध है। लेकिन इसको ताक पर रखकर आज बजारों में सरेआम भारतीय मुद्रा का विरूपण किया जा रहा हे। जैसे ही विवाह शादी का सीजन प्रारम्भ होता है बाजार में नोटों की माला दुकानों के सामने टंगी हुई देखने को मिलने लगती है। जबकी नियमानुसार शादी विवाह या अन्य कार्यक्रम में भारतीय मुद्रा का विरूपण कर किसी भी तरह उपयोग में लेना सख्त मना हे। इन कार्यक्रमों में माला बनाने हेतु आप ताजा फूलों या आर्टफिशियल फूलों की माला व गुलदस्ते प्रयोग में ले सकते हैं।

भारतीय मुद्रा और तोड़ मरोड़ कर बनाई गई मालाओं से सजी हुई इन दुकानों के सामने से पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं आम जन के साथ साथ बैंक कर्मचारी एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्ति गुजरते हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। ऐसा क्यों ? आखिर कौन है इसके लिए जिम्मेदार ? कहां चूक हो रही है नियमों की पालना में ? क्यों नहीं हो रही इस पर कड़ाई से कार्रवाई ? इस पर गहनता से सोचने और विचारने की आवश्यकता है।

# वास्तविक मनुष्य बनने के लिए मानवीय गुणों को अपनाना आवश्यक : सतगुरु माता सुदीक्षा

» मदरलैंड संवाददाता




- जीवन को नई दिशा,ऊर्जा एवं सकारात्मकता दे गया महाराष्ट्र का 54 वां निरंकारी संत समागम

खैरथल। 'यदि हम वास्तव में मनुष्य कहलाना चाहते हैं तो हमें मानवीय गुणों को अपनाना होगा इसके विपरीत यदि कोई भी भावना मन में आती है तो हमेशा उनका मूल्यांकन करना होगा हम कहां पर गलत है।' यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने महाराष्ट्र के 54 वे प्रादेशिक निरंकारी संत समागम के समापन पर व्यक्त किए।

संत निरंकारी मंडल खैरथल की मीडिया सहायक सोनम प्रेमी ने बताया कि समागम के प्रथम दिन सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने अपनी दिव्य वाणी में फरमाया कि ईश्वर को हम किसी भी नाम से संबोधित करें यह तो सर्वव्यापी है और हर किसी की आत्मा इस निरंकार परमात्मा का ही अंश है दूसरे दिन का शुभारंभ सेवादल रैली द्वारा किया गया।तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण बहुभाषी कवि दरबार रहा जिसका शीर्षक ह्यस्थिर से नाता जोड़ के मन का जीवन को हम सहज बनाएं' था ।समागम के तीनों दिन महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से तथा आसपास के राज्य एवं देश विदेशों से भी संतों ने सम्मिलित होकर अपने भावों को अभिव्यक्त किया तथा भक्ति पूर्ण रचनाओं द्वारा मिशन की विचारधारा पर आधारित सारगर्भित संदेश दिया।

# कोविड - 19 टीकाकरण को लेकर किया उद्घाटन

» मदरलैंड महावीर प्रसाद

तिजारा। Covid-19 टीकाकरण सत्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ईशरोदा मे बीसीएमओ डॉ. मनोज यादव, सरपंच रतिराम यादव व देशपाल यादव ने उद्घाटन किया। टीकाकरण के दौरान केंद्र पर बुजर्गों मे उत्साह का माहौल देखने का बन रहा था। इस अवसर पर डॉ मनोज यादव ने कहा कि टीकाकरण के इस सत्र मे साठ वर्ष से ऊपर व पैतालीस से साठ वर्ष तक के कोमोरबीड बीस प्रकार की बीमारी से ग्रसित लोगों के तथा हेल्थ केयर वर्कर प्रथम एवं द्वितीय खुराक से वंचित लाभार्थी एवं फ्रंटलाइन वर्कर प्रथम खुराक से वंचित लोगों के टीके लगाए जा रहे है। टीकाकरण प्रभारी डॉ मनीष दत्त ने बताया कि इस वैक्सीन के कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। कांग्रेस के जिला महासचिव ने देशपाल ने लोगों को जागरूकता करते हुए कहा इस महामारी से बच सके।

# प्रो नाइट-फाइट में राजस्थान के खांन को टाईटल बेल्ट

» मदरलैंड, गिर्राज सोलंकी




लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के ग्राम की में जन्मे बॉक्सर ने तेलंगना में आज रात प्रोफेशनल नाईट फाइट व सातवे थाईबॉक्सिंग नेशनल फेडरेशन कप का समापन हुआ। राजस्थान के अलवर जिले से जुबेर खान खरसनकी ने प्रोफशनल नाइट फाइट स्पर्धा में टाईटल बेल्ट हासिल किया व चित्तौड़गढ़ जिले की रायना बानो ने भाग लिया। प्रोफेशनल नाइट फाइट में पुरुष स्पधाओं में दस टाइटल बेल्ट व महिला स्पधाओं में आठ टाइटल बेल्टों के लिए मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग में सर्वाधिक टाईटल बेल्ट महाराष्ट्र टीम ने तथा महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर टीम ने जीते। इसके अलावा थाईबॉक्सिंग नेशनल फेडरेशन कप में तेलंगना राज्य की टीम प्रथम स्थान, महाराष्ट्र द्वितीय व उत्तर प्रदेश टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# शहर में रही संत रविदास शोभायात्राओं की धूम, झांकियो ने मोहा मन





» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के तीसरे दिन शहर में शोभायात्राओं की धूम रही। शेखपुरी, पश्चिमी अम्बर तालाब, चंद्रपुरी, खंजरपुर से पहुंची झांकिया हर किसी के आकर्षण का केंद्र बनी रही। जगह-जगह एससी समाज व अन्य सामाजिक संगठनो ने शोभायात्राओं का स्वागत कर संत रविदास को नमन किया। इस दौरान कई जगहो पर भण्डारो का आयोजन भी हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों में संत रविदास को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने जातपात का भेद समाज से मिटाया और समाज में शिक्षा, अनेकता में एकता का संदेश दिया। शेखपुरी में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर भव्य झांकियों एवं बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। शोभा यात्रा के दौरान पानी प्रसाद का वितरण किया गया। समाजसेवी उदय सिंह पुंडीर, रियाज पुंडीर, अरविंद प्रधान, एडवोकेट जसविंदर ने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज ने सर्व समाज को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। छोटे बड़े का भेदभाव मिटाकर शिक्षा और प्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। सबको उनके बताए हुए सत मार्ग पर चलना चाहिए।

सुनहरा के प्रधान एवं कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश मंत्री अरविंद सिंह व रियाज पुंडीर ने आह्वान किया कि सबको संत रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर हर्ष राणा, प्रेम सागर पुरी, लवी त्यागी भूपेंद्र सिंह दीवान, सुधीर शांडिल्य, नेत्रपाल सिंह अठवाल, एहसान कुरेशी दिनेश सहगल, जसप्रीत सिंह जस्सी, सुबोध सिंह ,नीटू कुमार, भानू प्रताप सिंह, अनवर अली, रियासत आदि मौजूद रहे। शेखपुरी से निकलकर शोभायात्रा बीएसएम तिराहा होते हुए चंद्रपुरी की शोभायात्रा में मिल गई। पश्चिमी अम्बर तालाब में संत शिरोमणी सतगुरू रविदास महासभा के बैनर तले शोभायात्रा का आयोजन हुआ। महासभा अध्यक्ष भारत कुमार व पार्षद चारू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोभायात्रा का उद्घाटन किया। भारत कुमार ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ओर समाज को तरक्की के लिए गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलना होगा, तभी समाज व युवा पीढ़ी का उद्धार हो सकेगा।

संतों में पहला स्थान रखने वाले महान संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज मे फैली कुरीतियों का समूल नाश करते हुए सर्व समाज को एक नई राह दिखाई। आज हम सभी उनके आदर्शों का अनुसरण कर अपना जीवन सफल बनायें। पार्षद चारू ने सभी को गुरु रविदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब संत शिरोमणि गुरु रविदास के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराये। संत रविदास ने मन चंगा, तो कठौती में गंगा कहावत को सिद्ध कर समस्त संत समाज के प्रेरणादायक बनकर समाज की कुरीतियों को जड़ से खत्म कर समाज को एक नई दिशा देने का काम किया। शोभायात्रा मेन बाजार होते हुए नगर निगम पर पहुंची। जहां विभिन्न संगठनो द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मलकपुर चुंगी पर पहुंचकर शोभायात्रा खंजरपुर की शोभायात्रा से मिल गई। सिविन लाइंस में शेखपुरी, खंजरपुर, पश्चिमी अम्बर तालाब व चंद्रपुरी की शोभायात्राओं का संगम हो गया।

देर रात तक शोभायात्राएं शहर के बाजारों व विभिन्न हिस्सों में देशभक्ति, भाईचारे व अध्यात्म का संदेश देते हुए घुमती रही। बाद में सभी का अपने-अपने मंदिरो पर पहुंचकर समापन हो गया। इस दौरान झबरेड़ा बसपा विधानसभा प्रभारी आदित्य बृजवाल, पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष योगराज सिंह, शिक्षक एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मेघराज सिंह, रिटायर्ड बीएसएनएल एसडीओ प्रेम सिंह, त्रिलोकीनाथ, प्रादेशिक राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिला महामंत्री कीतरपाल सिंह आदि मौजुद रहे।

# सफाई कर्मियो ने भरी मेला प्रशासन के खिलाफ हुंकार



» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम स्थित यूनियन कार्यालय पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस रजि. ट्रेड यूनियन एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपेक्षा पर आक्रोश जताया। कहा कि संगठन द्वारा अनेकों बार लिखित व मौखिक रूप से कुंभ मेला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है किंतु मेला प्रशासन सफाई व्यवस्था की ओर से आंखें मूंदे बैठा है। कई बार उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन के नेताओं एवं मेला प्रशासन के साथ बैठक की गई और जो सफाई व्यवस्था को लेकर मेला प्रशासन की ओर से बैठक में आश्वासन दिए गए वह कोरे और झूठे साबित हो रहे हैं। जिस कारण मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पूर्व में कुंभ मेला व अर्ध कुंभ में कई महीने पहले सफाई व्यवस्था को लेकर कार्य करा दिए जाते थे जो अब देखने को नहीं मिला है। अभी हाल ही में पूर्णिमा स्नान पर हरिद्वार तीर्थ नगरी में लगभग 6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु गंगा स्नान हेतु हरिद्वार आया उससे उत्पन्न गंदगी जो वह हरिद्वार में छोड़ कर गया। हजारों की संख्या में मेला पुलिस विभाग वह अन्य विभाग के कर्मचारी, अधिकारी मेला ड्यूटी में आ चुके हैं। उनके द्वारा की जा रही गंदगी का भार भी नगर निगम के सीमित सफाई कर्मचारियों के ऊपर डाल दिया गया है। आज एक-एक कर्मचारी कई कई कर्मचारियों के बराबर कार्य कर रहा है लेकिन उनके स्वास्थ्य एवं शारीरिक होने वाले कष्ट की ओर मेला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन नेताओं ने अखाड़ा परिषद की कार्यप्रणाली पर भी दुख प्रकट किया। कहा, अखाड़ा परिषद भी मात्र अपने तक ही सीमित है उन्हें कुंभ मेला क्षेत्र एवं शहर की सफाई व्यवस्था की तरफ उनका भी कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में नगर विधायक एवं शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक से अनेकों बार संगठनों नेताओं द्वारा वार्ता की गई, लेकिन आज तक भी नतीजा नहीं निकल सका। कुंभ एवं अर्द्ध कुंभ जैसे पर्व पर हरिद्वार में निवासरत वाल्मीकि समाज का बेरोजगार व्यक्ति यह आस लगाए बैठा रहता था कि कुंभ में काम करके अपने परिवार का भरण पोषण कर अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद तक सुधार पाएगा किंतु यह पहला ऐसा कुंभ है जिसमें सफाई व्यवस्था को नकारा गया है। मेला प्रशासन व शासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यदि कुंभ मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को ना सुधार आ गया तो आने वाले समय में किसी भी भयंकर महामारी से इनकार नहीं किया जा सकता। बैठक में यह निर्णय लिया गया की बेरोजगार सफाई मजदूरों की एक रैली जल्द ही बुलाई जाएगी। ताकि गूंगे बहरे मेला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा सके। बैठक में श्रमिक एवं सामाजिक नेताओं में सुरेंद्र तेशवर, राजेंद्र श्रमिक, आत्मा राम बेनीवाल, समाजसेवी भंवर सिंह, जितेंद्र तेशवर, सुनील राजौर, राजू, संजय, परवीन तेशवर, सुलेख चंद, जुगनू कांगड़ा, बलराम, आनंद, संदीप चीनालिया मौजुद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम ने बताई कचरे से खाद की विधि

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। नगर निगम स्थित केदार कल्प हर्बल वाटिका में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रसोई के गीले कचरे से खाद बनाने की विधि बताई गई, वहीं नगर निगम रुड़की में नामित किए गए पार्षद धर्मवीर पिंकी को मेयर गौरव गोयल द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पार्षद एवं नामित सदस्यों को ब्रांड अंबेसडर बाई.के.चैधरी एवं सफाई निरीक्षक मृदुल कुमार द्वारा घर के रसोई के गीले कचरे से किस प्रकार आज बनाई जा सकती है, विधि को विस्तार से समझाया गया तथा उपयोगी बनाने का तरीका बताया गया। नामित पार्षद को शपथ के पश्चात नगर आयुक्त नूपुर वर्मा व सभी पार्षदों ने बुके भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर पार्षद डॉ. नवनीत शर्मा, मोहम्मद मुंतजीर, मयंक पाल, प्रमोद पाल, शक्ति राणा, धीरज पाल, धीराज उर्फ डिंपल, पार्षद प्रतिनिधि विजय रावत, संजय कश्यप, नामित पार्षद अमित प्रजापति, ब्रांड एंबेसडर अंजुम गौर, विदिशा चोपड़ा, अनूप शर्मा, सतीश सैनी, भावना, आलोक सैनी, सार्थक गोयल, रीना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### संत रविदास ने किया पूरी मानव जाति के कल्याण को कामः अरविंद

मदरलैंड संवाददाता, झबरेड़ा। क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन संत रविदास जयंती के उपलक्ष में हवन, भण्डारे व शोभायात्राओं का आयोजन जारी रहा। जगह-जगह एससी समाज के लोगों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास को नमन कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। हवन के बाद मंदिर में भण्डारे का आयोजन हुआ। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान समाज के बच्चों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, एकजुट रहने और अपने इतिहास को जानने का आहवान किया गया। विभिन्न जगहों पर संत रविदास जयंती कार्यक्रमों में पहुंचे सुनेहरा के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश मंत्री अरविंद सिंह ने फीता काटकर शोभायात्राओं का उदघाटन किया। उन्होने कहा कि संत शिरोमणी गुरू रदिास महान समाज सुधारक के साथ ही महान संत भी रहे। उन्होने समस्त मानव जाति के कल्याण को काम किया और जात-पात के भेदभाव, पाखण्ड पर वार करने के साथ ही सबको अध्यात्म, प्रेम व भाईचारे का पाठ पढ़ाया। अरविंद प्रधान ने कहा कि संत रविदास ने ऐसे समय में एससी समाज में जन्म लिया, जब जात-पात का भेदभाव, पाखण्ड चरम पर था, लेकिन उन्होने इससे हार नहीं मानी, बल्कि इसका डटकर मुकाबला किया और प्रेम, भाईचारे व अध्यात्म से उन्होने सबको एकता का मार्ग दिखाया। संत रविदास ने नशाखोरी आदि से दूर होकर एक सूत्र में बंधे रहने और शिक्षा की तरफ बढ़ने का संदेश दिया। अरविंद प्रधान ने कहा कि आज समाज को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

# किसान संगठनो ने जताया गन्ना मूल्य पर आक्रोश

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य को लेकर किसान संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों में भी सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य 327 व 317 रुपए प्रति कुंतल की दर से घोषित किया गया है लगातार 3 वर्षों से चीनी मिलों में गन्ने का मूल्य यही चला आ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह रोड़ ने कहा कि 3 वर्षों से चीनी मिलों में गन्ना मूल्य 327 तथा 317 रुपए प्रति कुंतल की दर से किसानों को दिया जा रहा है और वही सरकार द्वारा इन 3 वर्षों में पेट्रोल डीजल रसोई गैस फसलों में डाले जाने वाले रासायनिक खाद कीटनाशक आदि के मूल्यों में अत्याधिक बढ़ोतरी कर दी है। इसी तरह गन्ना मूल्य में भी बढ़ोतरी होनी चाहिए थी परंतु केंद्र और राज्य की सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति खराब करने पर लगी हुई है भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला उपाध्यक्ष मुबारिक अली. ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। सरकार केवल उद्योगपतियों के विषय में सोच रही है और किसानों आर्थिक स्थिति खराब करने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। 3 वर्षों में भी गन्ना मूल्य न पढ़ पाना भाजपा सरकार के नीति और रीति को दशार्ता है। आम आदमी पार्टी के नेता एवं रिटायर्ड बीएसएनएल एसडीओ प्रेम सिंह ने सरकार द्वारा घोषित किए गए मूल्य का विरोध करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसान और मजदूर दोनों की आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है भाजपा की सरकार में प्रत्येक वस्तु के मूल्य आसमान छू रहे हैं परंतु गन्ना मूल्य नहीं बढ़ाया जा रहा है। वहीं क्षेत्रीय किसानों में भी सरकार द्वारा घोषित किए गए गन्ना मूल्य से नाराजगी बनी हुई है।

# तेल, गैस के बढ़ते दामों के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। केंद्र सरकार द्वारा लगातार गैस सिलेंडर की बढाई जा रही कीमतों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य के नेतृत्व में रुड़की-लक्सर मार्ग पर मार्च माह के पहले दिन गैस सिलेंडर पर 25 रुपये बढ़ाये जाने के विरोध में कांग्रेस जनों एवं नगर वासियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सिलेंडर हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ढंडेरा में पीसीसी सदस्य उदय सिंह पुंडीर के नेतृत्व में कांग्रेसियो एवं नगर वासियों ने सिलेंडर लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि फरवरी माह में भाजपा की केन्द्र सरकार ने 100 रुपये बढ़ाये थे लेकिन मार्च माह के पहले दिन इस निक्कमी सरकार ने 25 रुपए बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। पेट्रोल, डीजल के दाम रोजाना आसमान छूते जा रहे है। लेकिन सरकार महंगाई को कम करना तो दूर इस को कम करने पर भी विचार नही कर रही है। रियाज पुंडीर किसान कांग्रेस जिला महासचिव ने कहा कि यह सरकार उधोपतियो की सरकार है इस सरकार का आम आदमी से कोई सरोकार नही है उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई को मुद्दा बनाकर ही सत्ता में आई थी और आज यह अपने वादे से मुकर कर महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचाने का काम कर रही है। आम आदमी की रसोई पर इस सरकार द्वारा सीधा प्रहार किया जा रहा है। वंही किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अनिल पुंडीर एडवोकेट ने कहा कि उज्वला योजना के दौरान गरीब लोगो को जो निःशुल्क सिलेंडर बांटे गये थे वह आज घर के कोने में रखे है। आज गरीब आदमी इतनी महंगाई में कैसे सिलेंडर का उपयोग कर पायेगा। पूर्व प्रदेश संयोजक एस सी विभाग कांग्रेस कमेटी जसविंदर सिंह एडवोकेट ने कहा कि सरकार ने सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी बिल्कुल खत्म कर दी है वंही सिलेंडर आज आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। सरकार अपने उधोगपति साथियों के विकास के लिये काम कर रही है न कि जनता के विकास के लिये। इस अवसर पर देवेश शर्मा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भूपेंद्र सिंह धीमान जिला महामंत्री, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक लवी त्यागी, सुभाष, राकेश, कर्ण, राधेलाल, नरेश सिंह, राव साजिद, तबरेज, हर्ष, विपिन, लहरी मौजूद थे।

# जीआईसी रुड़की में सीएटीसी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न


» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। एनसीसी 84 बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेन्द्र सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कालेज रुड़की में आयोजित तीन दिवसीय सीएटीसी प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। बटालियन के कमान अधिकारी ने प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ में एनसीसी कैडेट्स को एकता, अनुशासन, देश प्रेम, एनसीसी बी और सी प्रमाण पत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण, ड्रिल, स्वास्थ्य एवं सफाई, मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, नागरिक सुरक्षा व आत्म सुरक्षा आदि विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

कमान अधिकारी ने कहा कि कैडेट का कार्य अनुशासन में रहकर लगातार परिश्रम जारी रखना है। अनुशासन और कठिन परिश्रम से ही कैडेट समाज और राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं और एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। प्रधानाचार्य राम मिलन सिंह ने कहा कि कैडेट्स अपनी मेहनत के दम पर समाज व राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में योगदान देता है और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करता है। कैडेट्स के लिए मेहनत और अनुशासन बेहद जरूरी है। इसके दम पर ही वह आगे बढ़ता है। रामकुमार वर्मा ने कैडेट्स से शिविर में सिखाई गई बातों को अपने जीवन में उतारने का आहवान किया। कहा कि यही कल आगे चलकर कैडेट्स के लिए सेना और पुलिस भर्ती में मदद करने वाला है।

# परिवार को एक करोड़ मुआवजा दे सरकारः प्रेम सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। आप नेता एवं बीएसएनएल के रिटायर्ड एसडीओ प्रेम सिंह ने करेंट लगने से हुई युवक की मौत के मामले में दुख जताते हुए राज्य सरकार से मृतक आश्रित को एक करोड़ रुपया दिए जाने और हादसे के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि अगर सरकार ने पीड़ित परिवार की सुध नहीं ली तो आम आदमी पार्टी इसके विरोध में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। प्रेम सिंह रविवार को पीड़ित परिवार से मिलने उसके गांव पहुंचे। जहां उन्होने हादसे पर दुख जताया और मृतक परिवार को ढांढस बंधाया। मृतक युवक के परिवार से बात करने के बाद प्रेम सिंह ने कहा कि 3 दिन पूर्व भगवानपुर क्षेत्र में छापुर के पास करेंट लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। हादसे में मृतक का भाई भी गंभीर है, लेकिन राज्य सरकार और क्षेत्रीय विधायक ने अभी तक परिवार की सुध नहीं ली है यह बेहद ही दुखद है। उन्होने मांग की कि परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# भाकियू ने किया बिजली घर का घेराव

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। बिजली सरचार्ज माफी और बिजली बिलों में गड़बड़ी दूर करने की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने बिजली घर का घेराव कर दिया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेतृत्व में किसान धरने पर बैठे। इस दौरान किसानों ने बिजली चोरी के नाम पर किसानों के शोषण का भी आरोप लगाया। चेतावनी दी कि अगर किसानों को परेशान किया गया तो विजिलेंस और विद्युत अधिकारियों की टीम को गांव में नहीं घुसने दिया जाएगा। किसानों ने वर्ष 2005 में किसान कंवर सिंह के कनेक्शन को काटे जाने के बाद भी इसकी रसीद न दिए जाने पर आक्रोश जताया। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष पदम सिंह रोड़ ने कहा कि जेई के रवैये से पूरे क्षेत्र के किसान परेशान हैं। उन्होने गर्मी का मौसम शुरू होने और बिजली कटौती शुरू किए जाने पर भी आक्रोश जताया। कहा कि सरकार और बिजली विभाग अपना रवैया सुधारे नही तो प्रदेश के किसान दोनों को सुधार देगें। चैधरी पदम सिंह रोड़ ने कहा कि बिजली विभाग किसी तरह से किसानों को परेशान करने की कोशिश न करे। किसानों को उनके गन्ने का बकाया नहीं मिला है, इसलिए किसान भी बकाया मिलने पर ही बिजली बिलों की अदायगी करेगा। तब तक किसी भी किसान को परेशान किया गया तो अच्छा नहीं होगा। उन्होने सरकार द्वारा गन्ने का दाम न बढ़ाने को लेकर भी मीड़िया के सामने नाराजगी जताई। इस दौरान जिलाध्यक्ष नाजिम, उपाध्यक्ष मुबारिक अली, संजीव कुशवाहा आदि भी मौजुद रहे।

# सीबीआरआई में शुरू हुआ प्राकृतिक आपदाओं पर प्रशिक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। देश में प्राकृतिक अपदाओं जैसे भूकम्प, भूस्खलन, हिमस्खलन से बड़ी मात्रा में होने वाली जान-माल की हानि को रोकने के लिए, रुड़की स्थित सीएसआईआर-सीबीआरआई पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में भवन निर्माण से जुडे सिविल इंजीनियरों, छात्रों को प्रशिक्षित करने का कार्य कर रहा है। संस्थान में हिमाचल प्रदेश के सिविल इंजीनिर के छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए 1 से 6 मार्च तक आपदा सह्य भवन निर्माण पद्धतियां पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें जवाहर लाल नेहरु राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, सुंदरनगर, मण्डी, हिमाचल प्रदेश के 20 सिविल इंजीनियरी छात्र भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीबीआरआई के मुख्यि वैज्ञानिक डा. आरएस चिमोटे ने भवनों को भूकंप, भूस्खुलन एवं बर्फबारी आदि आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए भूकंपरोधी डिजाइन एवं आपदा सह्य भवन निर्माण की आवश्याकता पर बल दिया। साथ ही प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रुप से भागीदारी कर अपने अनुभव साझा करें ताकि फील्ड में आने वाली समस्या ओं का सकारात्म क हल खोजा जा सके। इससे पूर्व कार्यक्रम के संयोजक डा. आर. धर्मराजु, मुख्य वैज्ञानिक ने सभी का स्वातगत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुआत की और सभी प्रतिभागियों का परिचय कराया। इस अवसर पर डा. सुवीर सिंह एवं एसके नेगी, मुख्यर वैज्ञानिक ने भी विचार व्यतक्तत किए। आशीष पिप्पल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. अजय चैरसिया, डॉ. एसके सिंह, आशीष पिप्पल, डॉ. पीके एस. चैहान एवं डा. डीपी कानूनगो द्वारा विभिन्नख विषयों पर व्याख्यान एवं पॉवरपाइंट प्रस्तुति के माध्यंम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षुओं को रूरल टैक्नोगलॉजी पार्क एवं विभिन्नय प्रयोगशालाओं के साथ-साथ ऋषिकेश साइट का भ्रमण भी कराया जाएगा। उद्घाटन समारोह में डॉ. लीना चैरसिया, मनोज त्योगी, नरेन्द्र कुमार, मेहर सिंह, सूबा सिंह, राजीव बंसल, सुखबीर शर्मा, सक्षम भारद्वाज एवं अभिनव त्यागी आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा कर रही किसानों का दमनः राजेंद्र

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का असर गन्ना मूल्य पर नहीं दिखा। प्रदेश सरकार ने गन्ने का भाव तो नहीं बढ़ाया, लेकिन किसानों का पारा जरूर बढ़ गया है। प्रदेश सरकार की ओर से पिछले साल के बराबर ही गन्ना मूल्य घेषित करने पर किसान संगठनों ने तीखी प्रक्रिया दी है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार किसान विरोधी है। हर चीज के दाम बढ़ा रही है, लेकिन गन्ना किसानों की अनदेखी की जा रही है। यह तीसरा साल है जब प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की है। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य घोषित कर दिया था। योगी सरकार ने भी मूल्य में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। हालांकि, हर बार देखा जाता है कि उत्तराखंड सरकार, यूपी में घोषित होने वाले गन्ना मूल्य से एक या दो रुपया बढ़ाकर यहां मूल्य घोषित करती है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# एलपीजी सिलेंडर 25 रुपए और महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई के बीच आम आदमी को फिर एक बड़ा झटका लगा है। एक बार फिर से एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमतों में सोमवार को फिर से 25 रुपए की बढ़ोतरी की गई। हफ्ते भर के भीतर दो बार एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इजाफा हुआ है। इससे पहले फरवरी में 4 तारीख को 25 रुपए, 14 तारीख को 50 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं 25 फरवरी को इसमें 25 रुपए का इजाफा हुआ था। फरवरी महीने में रसोई गैस का दाम 100 रुपए बढ़ गया। पिछले एक महीने में कीमत में चौथी बार




तेजी आई है और अब तक 125 रुपए बढ़ गए हैं। महज तीन दिन पहले कीमतों में 25 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, वहीं दिसंबर के महीने में 50 रुपए करके दो बार बढ़ोतरी की गई थी। यानी की अब तक एलपीजी सिलेंडर के दाम में करीब 200 रुपए तक का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि अब 14.2 किलोग्राम वाले नॉन सब्सिडी एलपीजी गैस सिलिंडर के लिए आपको 25 रुपए और चुकाने होंगे। इसी के साथ कीमत में बढ़ोतरी के बाद अब दिल्ली में घरेलू गैस का भाव 794 से बढ़कर 819 रुपए हो गया है। चार महानगरों में कीमत की बात करें तो दिल्ली में नई कीमत 819 रुपए, मुंबई में नई कीमत 819 रुपए, कोलकाता में 845.50 रुपए और चेन्नई में 835 रुपए हो गई है। गौरतलब है कि वैसे हर महीने की पहली तरीख को एलपीजी के दाम में बदलाव होते हैं1 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 90.50 रुपए का उछाल आया है। अब दिल्ली में इस सिलिंडर की कीमत 1614 रुपए हो गई है। उसी तरह मुंबई का रेट अब 1563.50 रुपए प्रति सिलिंडर हो गया है। कोलकाता में यह कीमत 1681.50 रुपए और चेन्नई का रेट 1730.5 रुपए हो गया है। इससे पहले राजधानी में 19 किलो वाले सिलेंडर का भाव 1533.00 रुपए, कोलकाता में 1598.50 रुपए, मुंबई में 1482.50 रुपए और चेन्नई में 1649.00 रुपए थी।

# गोदरेज प्रापर्टीज ने मुंबई में 1.5 एकड़ जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** जमीन जायदाद से संबंधित काम करने वाली गोरदेज प्रापर्टीज ने बताया कि कंपनी ने आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए मुंबई में 1.5 एकड़ जमीन 166 करोड़ रुपए में खरीदी है। शेयर बाजारों को भेजी नियामकीय सूचना में गोदरेज प्रापर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने नवी मुंबई, संपदा में एक नई आवासीय परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि दो आसपास स्थित प्लॉट के लिए सिडको की ई-नीलामी प्रक्रिया में जीपीएल सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी बनकर उभरी है। इन दोनों प्लॉट के लिए उसने 166 करोड़ रुपए की बोली लगाई। गोदरेज प्रापर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि यह परियोजना एमएमआर क्षेत्र में हमारे विकास कार्यक्रम को और मजबूत करेगी। यह देश के प्रमुख बाजारों में हमारी उपस्थिति को अधिक गहरा करने की हमारी रणनीति पर सटीक बैठती है। गोदरेज प्रापर्टीज प्रमुख कारोबारी समूह गोरदेज समूह की रीयल एस्टेट क्षेत्र में काम करने वाली इकाई है। कंपनी के मुंबई, बेंगलूरू, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पुणे में परियोजनाएं चल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में स्टार्ट-अप कंपनियों में दो करोड़ डॉलर निवेश करेगी आईपीवी

नई दिल्ली। इन्फ्लेक्शन पॉइंट वेंचर्स (आईपीवी) की इस साल भारतीय स्टार्ट-अप्स में अपना निवेश दोगुना कर दो करोड़ डॉलर या 155 करोड़ रुपए करने की योजना है। आईपीवी का इरादा देश के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने का है। आईपीवी के निवेशकों की संख्या 4,000 है। वह इस साल के अंत तक अपने नेटवर्क पर सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 5,000 करने का लक्ष्य कर रही है। आईपीवी के संस्थापक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय बंसल ने कहा कि हम सीएक्सओ के नेटवर्क के रूप में स्टार्ट-अप्स को आगे बढ़ने और सफल होने में मदद करते हैं। हमारा विश्वास है कि स्टार्ट-अप्स के साथ हर कोई आगे बढ़ सकता है। इससे रोजगार सृजन होता है, अनुभव पैदा होता है और देश में नवोन्मेषण को प्रोत्साहन मिलता है। अभी तक आईपीवी ने 55 सौदों की घोषणा की है। इसमें मिल्कबास्केट, ब्लसमार्ट, ट्रूली मैडली, समोसा पार्टी और मल्टीभाषी आदि शामिल हैं।

### वार्षिक जीएसटी रिटर्न भरने की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का वार्षिक रिटर्न भरने की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी। यह सरकार द्वारा दिया गया दूसरा विस्तार है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर 2020 से बढ़ाकर 28 फरवरी 2021 कर दी गई थी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि समयसीमा के भीतर रिटर्न भरने में करदाताओं को आ रही दिक्कतों के मद्देनजर सरकार ने 2019-20 के लिए जीएसटी रिटर्न-9 और जीएसटी रिटर्न-9सी भरने की समयसीमा और बढ़ा दी है। समयसीमा में यह विस्तार चुनाव आयोग की मंजूरी के साथ किया गया है।''जीएसटीआर-9 एक वार्षिक रिटर्न है, जो जीएसटी के तहत पंजीकृत करदाताओं को भरना होता है। जीएसटआर-9सी ऑडिट किए गए सालाना वित्तीय लेखा-जोखा और जीएसटीआर-9 का मिलान है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के सीनियर पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि भले ही यह 31 दिनों का अपेक्षाकृत छोटा विस्तार है, लेकिन कर पेशेवरों के लिए आवश्यक जिम्मेदारी पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

### सोना और चांदी मजबूत

मुंबई। सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिल रही है। पिछले सत्र में 45,736 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ सोना 264 रुपए की तेजी के साथ 46,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। शुरूआती कारोबार में ही सोने ने 46,139 रुपए का उच्चतम स्तर भी छू लिया, वहीं सोना 46,000 के स्तर के नीचे नहीं गया। वहीं दूसरी ओर पिछले सत्र में 67,261 रुपए प्रति किलो के स्तर पर बंद हुई चांदी सोमवार को 1314 रुपए की तेजी के साथ 68,575 रुपए प्रति किलो के स्तर पर खुली है। शुरूआती कारोबार में ही चांदी ने 68,575 रुपए का उच्चतम स्तर और 67,924 रुपए का न्यूनतम स्तर छू लिया। वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुख के समाचारों से राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं में नरमी बढ गई। स्थानीय बाजार में सोने का भाव 342 रुपए की गिरावट के साथ 45,599 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया कि चांदी भी 2,007 रुपए की भारी गिरावट के साथ 67,419 रुपए प्रति किलो ग्राम पर थमी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 45,941 रुपए पर और चांदी 69,426 रुपए के भाव पर बंद हुई थी।

### डालर के मुकाबले रुपया 29 पैसे गिरा

मुंबई। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के बढ़ते दाम और विदेशी मुद्रा की निकासी से अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को कारोबार की शुरूआत में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया 29 पैसे की गिरावट के साथ 73.76 रुपए प्रति डालर पर कारोबार कर रहा था। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में कारोबार की शुरूआत में घरेलू मुद्रा 73.76 रुपए प्रति डालर पर खुली। यह स्तर इसके पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे नीचे रहा। पिछले सप्ताहांत शुक्रवार को डालर के मुकाबले रुपया 73.47 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की ताकत को आंकने वाला डालर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत गिरकर 90.84 अंक पर रहा।

### पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

मुंबई। घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों सोमवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इसके पहले 27 फरवरी को पेट्रोल और डीजल के दाम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए। देश की राजधानी में पेट्रोल 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल 81.47 रुपए प्रति लीटर है। दिल्ली में 28 फरवरी को पेट्रोल के दाम 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 81.47 रुपए प्रति लीटर हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के भाव 97.57 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 88.60 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.35 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 93.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.45 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 94.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.37 रुपए प्रति लीटर हैं।

# सिटीबैंक बेचेगा खुदरा बैंकिंग कारोबार!

**मुंबई।** अमेरिका का सिटीबैंक भारत में अपना उपभोक्ता बैंकिंग कारोबार बंद करने पर विचार कर रहा है। सिटीबैंक भारत में परिसंपत्ति एवं मुनाफे के लिहाज से सबसे बड़ा विदेशी बैंक है। जानकारी के मुताबिक बैंक दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, फिलीपींस और ऑस्ट्रेलिया सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने खुदरा बैंकिंग कारोबार में कुछ इकाइयां बेचना चाहता है। हालांकि इस रिपोर्ट में भारत का जिक्र नहीं था, लेकिन भारत से बाहर के सूत्रों ने बताया कि सिटीबैंक भारत में भी अपना खुदरा कारोबार समेटने पर विचार कर सकता है। सिटीबैंक आने वाले महीनों में इस पर निर्णय ले सकता है। जेम फ्रेजर




1 मार्च से सिटीबैंक की कमान संभालने जा रही हैं। बैंक के अंतरराष्ट्रीय कारोबार का पुनर्गठन उनकी कारोबारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# भारतीय कृषि उत्पादों की बढ़ी मांग

## किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि उत्पादन में इजाफा होने के साथ-साथ विदेश व्यापार में भी इसकी हिस्सेदारी बढ़ी है। इससे किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। इस समय वैश्विक बाजार में चावल, चीनी, गेहूं, मक्का समेत तमाम कृषि उत्पादों के दाम में बढ़ोतरी हुई है। इससे भारत का निर्यात भी बढ़ रहा है। इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं का भाव बढ़ रहा है। इस समय भारत में गेहूं के उत्पादन बढ़ रहा है। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई है। जानकार बताते हैं कि भारत चावल का परंपरागत निर्यातक है, लेकिन छह साल बाद वैश्विक बाजार में वह गेहूं का सप्लायर भी



बन रहा है। अभी भारत में गेहूं का सरप्लस स्टॉक है। इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में खपाने का मौका है। चालू वित्त वर्ष के शुरूआती नौ महीने यानी अप्रैल से दिसंबर के दौरान गेहूं के निर्यात मूल्य में पिछले साल के मुकाबले 456 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। गैर-बासमती चावल के निर्यात के मूल्य में भी करीब 123 फीसदी का इजाफा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जून 2020 के बाद गेहूं के भाव में 48 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं मक्के का भाव अप्रैल 2020 के बाद 91 फीसदी से ज्यादा उछला है। वैश्विक बाजार में मोटे चावल का भाव 110 फीसदी से ज्यादा उछला है। वैश्विक बाजार में गेहूं का भाव करीब सात साल की ऊंचाई पर चला गया है और मक्के का दाम भी करीब आठ साल के ऊंचे स्तर पर है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत ने चालू वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान शुरूआती नौ महीनों में 22,856 करोड़ रुपए मूल्य का गैर-बासमती चावल का निर्यात किया है, जो पिछले साल के मुकाबले रुपए के मूल्य में 122.61 फीसदी ज्यादा है। वहीं बासमती चावल का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर के दौरान करीब 22,038 करोड़ रुपए का हुआ जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले रुपए में 5.31 फीसदी अधिक है।

# अगले सप्ताह लांच होगा जियोनी मेक्स प्रो

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते भारत में जियोनी कंपनी एक एंट्री लेवल स्मार्टफोन जियोनी मेक्स प्रो लॉन्च करने वाला है। जियोनी मेक्स प्रो को भारत में एक मार्च को दोपहर 12 बजे लॉन्च कर दिया जाएगा। इस फोन की सबसे खास बात ये है कि इसमें 6000एमएएच की पावरफुल बैटरी है। जियोनी ने पिछले साल अगस्त में जियोनी मेक्स को 5,999 रुपये कीमत के साथ लॉन्च किया था। अब जियोनी बेहतर खूबियों के साथ जियोनी मेक्स प्रो को लॉन्च करने वाली है, जिसमें निश्चित रूप से बेहतर स्पेसिफिकेशंस होने वाले



हैं। लॉन्च से पहले जियोनी के इस फोन की स्पेसिफिकेशंस डीटेल सामने आ गई है, जिसमें पता चल रहा है कि जियोनी मेक्स प्रो में 6.52 इंच का एचडी+ डिस्प्ले लगा होगा, जिसका स्क्रीन रिजॉल्यूशन 1600720 पिक्सल होगा। इस फोन में सेल्फी के लिए वी-शेप्ड नॉच होगा। जियोनी मेक्स प्रो को 3जीबी रैम और 32जीबी स्टोरेजे के साथ लॉन्च किया जाएगा। जियोनी मैक्स प्रो की सबसे बड़ी खासियत इसकी बैटरी है, जो कि 6,000 एमएएच की है। जियोनी मैक्स में 5,000एमएएच की बैटरी थी। अगले महीने जियोनी के इस एंट्री लेवल स्मार्टफोन से पर्दा उठ जाएगा और इसका आईटेल, माइक्रोमैक्स, रियलमी, शाओमी और सैमसंग के एंट्री लेवल स्मार्टफोन्स से मुकाबला होगा। एंट्री लेवल सेगमेंट में आने वाले समय में और ज्यादा फोन लॉन्च होने वाले हैं, जिनमें कम से कम पावरफुल बैटरी की लोग उम्मीद जरूर कर सकते हैं। माना जा रहा है कि जियोनी मेक्स प्रो को 7000 रुपये के रेंज में लॉन्च किया जा सकता है। ऐंड्रॉयड 10 पर बेस्ड इस फोन में किस तरह का प्रोसेसर लगा होगा, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि जियोनी इसे बजट रेंज वाले फोन में होने वाले प्रोसेसर के साथ पेश करेगा।

# मोबाइल ऐप ने कीमतों के डेटा संग्रह में सुधार किया: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि इस साल जनवरी से मोबाइल ऐप की शुरूआत के बाद दैनिक आधार पर 22 आवश्यक वस्तुओं के थोक और खुदरा मूल्यों के डेटा संग्रह में सुधार हुआ है। उपभोक्ता मामलों का विभाग चावल, गेहूं, गेहूं का आटा, चना दाल, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग दाल, मसूर दाल, चीनी, दूध, मूंगफली का तेल, सरसों का तेल, वनस्पती, सोया तेल, सूरजमुखी तेल, पॉम ऑयल, गुड़, चाय, नमक, आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों की निगरानी करता है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभागों के माध्यम से देश भर के 127 केंद्रों से मूल्य का डेटा एकत्र किया जा रहा है। दैनिक कीमतों की रिपोर्टिंग में आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक मोबाइल ऐप पेश किया। इससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी और अनुमानित विश्लेषण में सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। वस्तुओं की कीमतों की निगरानी के लिए मोबाइल ऐप ने खुदरा और थोक मूल्यों के बारे में प्रभावी वास्तविक समय की जानकारी देनी शुरू कर दी है।

# बजाज आटो की बिक्री फरवरी में 6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी बजाट आटो ने कहा कि फरवरी माह में उसके वाहनों की कुल बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 3,75,017 इकाई रही है। एक साल पहले इसी महीने में उसने 3,54,913 वाहन बेचे थे। फरवरी में कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री हालांकि दो प्रतिशत घटकर 1,64,811 वाहन रही है, जो कि पिछले साल इसी माह में 1,68,747 इकाई रही थी। बजाज आटो ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा है कि फरवरी में उसका निर्यात कारोबार 13 प्रतिशत बढ़कर 2,10,206 वाहनों का रहा है। इससे पिछले साल फरवरी में उसने 1,86,166 वाहनों का निर्यात किया था। बजाज आटो के दुपहिया वाहनों की बिक्री फरवरी माह में सात प्रतिशत बढ़कर 3,32,563 इकाई रही है। पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 3,10,222 दुपहिया बेचे थे। कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री पांच प्रतिशत घटकर 42,454 इकाई रही, जबकि एक साल पहले फरवरी में उसने 44,691 वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री की थी।

# सैमसंग का गैलेक्सी एक्स कव्हर 5 होगा लॉन्च

## सर्टिफिकेशन साइट पर दिखी इसकी झलक

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग एक नए रग्ड स्मार्टफोन पर काम कर रही है। यह फोन इसकी धांसू एक्सकवर सीरीज का अगला फोन होने वाला है। इस पावरफुल मोबाइल को सैमसंग गैलेक्सी एक्स कव्हर 5 के नाम से जल्द ही लॉन्च कर दिया जाएगा और इसकी झलक सर्टिफिकेशन साइट पर दिख गई है, जिसमें इसकी मजबूती देख हैरान रह जाएंगे। यह फोन मिलिट्री ग्रेड मजबूती के साथ आएगा। सैमसंग का रग्ड स्मार्टफोन का लोगों में काफी क्रेज है और अब कंपनी इसी कोशिश में सैमसंग गैलेक्सी एक्स 5 लॉन्च करने वाली है, जिसे ब्ल्यूटूथ एसआईजी साइट पर एसएम-जी525 एफ मॉडल नंबर से देखा गया था। माना जा रहा है कि कंपनी इसे 5जी कनेक्टिविटी के साथ भी लॉन्च कर सकती है। सैमसंग गैलेक्सी एक्स 5 की संभावित स्पेसिफिकेशंस डीटेल्स की बात करें तो इसमें 5.3 इंच का टीएफटी एलसीडी डिस्प्ले लगा होगा, जिसका स्क्रीन रिजॉल्यूशन 1600७720 पिक्सल हो सकता है। सैमसंग इस फोन को 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज में लॉन्च कर सकती है और इसमें एक्सनोस 850 प्रोसेसर देखने को मिल सकता है। एंड्रायड 11 के वन यूआई ऑपरेटिंग सिस्टम पर बेस्ड सैमसंग के इस रग्ड स्मार्टफोन में 3000एमएएच की बैटरी हो सकती है, जो कि 15 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट कर सकती है। वहीं कैमरे की बात करें तो इसमें 16एमपी का रियर कैमरा और 5एमपी का सेल्फी कैमरा हो सकता है। यहां बता दें कि सैमसंग का रग्ड स्मार्टफोन वैसे मोबाइल होते हैं, जो एक तरह से बाय-डिफॉल्ट मजबूत और मोटे कवर से घिरे होते हैं और इसकी वजह से ये गिरने पर टूटने से बच सकते हैं। साथ ही ये डस्ट और वॉटरप्रूफ भी होते हैं।



# वीवो एक्स60 सीरीज होगी लॉन्च

## गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग पर देखा गया स्मार्टफोन को

**नई दिल्ली।** चाइनीज कंपनी वीवो की एक्स60 स्मार्टफोन सीरीज जल्द ग्लोबल मार्केट में लॉन्च हो सकती है। हालांकि, इनके स्पेसिफिकेशन्स चीन में लॉन्च हुए वेरियंट्स से अलग हैं। गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग को एमएसपी ने सबसे पहले सार्वजनिक किया। वीवो ने दिसंबर और जनवरी में वीवो एक्स60,, वीवो एक्स60, प्रो और वीवो एक्स60, प्रो+ स्मार्टफोन्स लॉन्च किए थे। अब वीवो एक्स60 और वीवो ओकेस60 प्रो को गूगल प्ले कंसोल लिस्टिंग पर देखा गया है। वीवो एक्स60 में 12 जीबी रैम का जिक्र है।। लिस्टिंग के मुताबिक, फोन में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 870 प्रोसेसर होगा। स्मार्टफोन ऐंड्रॉयड 11 पर चलेगा। वीवो एक्स60 में 1080७2376 पिक्सल रेजॉलूशन वाली स्क्रीन दी जाएगी। हैंडसेट में क्वाड-कैमरा सेटअप दिया गया है। फोन में रियर पर 48 मेगापिक्सल प्राइमरी सेंसर, 13 मेगापिक्सल



के दो सेंसर और 8 मेगापिक्सल वाला क्वाड रियर कैमरा सेटअप है। सेल्फी के लिए फोन में 32 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है। वीवो एक्स60 में 48 मेगापिक्सल प्राइमरी और 13 मेगापिक्सल के दो सेंसर वाला ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। हैंडसेट में 32 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा है। खास बात है कि एक्स60 में 4300एमएएच जबकि एक्स60 प्रो में 4200एमएएच बैटरी दी गई है। ऐसा लगता है कि चिपसेट के अलावा वीवो एक्स60 और एक्स60 प्रो के ग्लोबल वेरियंट्स में ओरिजिनल वर्जन वाले ही स्पेसिफिकेशन्स दिए जाएंगे। वीवो ने अभी लॉन्च डेट का ऐलान नहीं किया है लेकिन एक्स60 सीरीज को मार्च के आखिर तक लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। बात करें वीवो एक्स60 प्रो के स्पेसिफिकेशन्स की तो इसके सारे स्पेसिफिकेशन्स चीन में लॉन्च हुए वीवो एक्स60 वाले ही हैं। चीन में वीवो एक्स60 को एक्सीनॉस 1080 चिपसेट और 12 जीबी रैम के साथ लॉन्च किया गया था। स्मार्टफोन में 6.56 इंच एमोलेड डिस्प्ले है जिसका रिफ्रेश रेट 120 हट्र्ज.है। फोन ऐंड्रॉयड 11 बेस्ड ओरिजिन ओएस पर चलता है। वीवो एक्स60 प्रो में भी यही सारे स्पेसिफिकेशन्स हैं लेकिन कैमरा थोड़ा बेहतर है।

# वुडलैंड्स हाउस स्कूल ने अपना वार्षिक समारोह-यूफोरिया -2021 मनाया



» **मदरलैंड संवाददाता**

पंचकुला, 1 मार्च 2021: वुडलैंड्स हाउस स्कूल, सेक्टर -8, पंचकूला ने रविवार, 28 फरवरी, 2021 को अपना वार्षिक दिवस बड़े उत्साह और उत्साह के साथ मनाया। महामारी के कारण इस कार्यक्रम को एक आभासी मंच पर मनाया गया। इस वर्ष वार्षिक समारोह की थीम 'यूफोरिया' थी, जिसे प्ले वे, नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के छात्रों द्वारा शानदार प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। ट्रस्टी श्री फरीद सिंह और प्रिंसिपल, श्रीमती नवनीत भंडारी ने अभिभावकों को संबोधित किया और स्कूल द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला।

# भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को 6-1 से हराया

**क्रेफेल्ड।** भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को 6-1 से हराकर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में शानदार वापसी की है। इससे पहले कोरोना वायरस महामारी के कारण करीब एक साल से अंतराष्ट्रीय टूनार्मेंट रुके हुए थे। भारतीय टीम की जीत में युवा खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद की अहम भूमिका रही। विवेक के एक मिनट के अंदर किये गये दो गोल से टीम को अजेय बढ़त मिली। विवेक ने 27वें और 28वें मिनट पर गोल किये। विवेक के अलावा, नीलकांत शर्मा ने 13 वें मिनट, ललित उपाध्याय ने 41 वें मिनट, आकाशदीप सिंह ने 42 वें मिनट और हरमनप्रीत सिंह ने 47 वें मिनट में गोल किया। भारतीय टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल के साथ ही विरोध टीम जर्मनी पर दबाव बनाया। भारत की ओर से पहले क्वार्टर के 13वें मिनट में नीलकांत शर्मा ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर टीम को 1-0 की




बढ़त दिलाई। इसके बाद जर्मनी के कांटेस्टाइन स्टैब ने बराबरी का गोल किया। वहीं दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही मेजबानों ने भारत पर दबाव बनाने के साथ ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारतीय टीम के मिडफील्डर विवेक ने 27वें और 28वें मिनट में दो गोल किये। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर में भी भारत पर दबाव बनाये रखा और टीम ने छह पेनल्टी कार्नर हासिल किये पर गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के हमलों को नाकाम कर दिया। भारतीय अग्रिम पंक्ति के खिलाडियों ललित और आकाशदीप ने 41वें और 42वें मिनट में दो गोल किये। आखिरी क्वार्टर में मैच के 47 मिनट में भारतीय टीम पेनल्टी कार्नर हासिल करने में सफल रही और इस बार हरमनप्रीत ने कोई गलती नहीं कि जिससे टीम की बढ़त 6-1 की हो गई।

## ओडिशा में होगी इंडियन वूमैन्स लीग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि इंडियन वूमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) टूनार्मेंट का आयोजन ओडिशा में होगा। (एआईएफएफ ने हालांकि इस टूनार्मेंट की तारीखें अभी घोषित नहीं की हैं।एआईएफएफ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने इस टूनार्मेंट की मेजबानी के लिए तैयार होने पर ओडिशा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। पटेल ने कहा, ''ओडिशा सरकार भारतीय फुटबॉल का समर्थन करती रही है। हम हीरो इंडियन वूमैन्स लीग के आयोजन में सहायता करने के लिये मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, विशाल कुमार देव, विनीत कृष्णा और ओडिशा के पूरे खेल विभाग का आभार व्यक्त करते हैं।''गौरतलब है कि भारत 2022 में एएफसी महिला एशियाई कप और फिर फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का आयोजन भी करेगा। एआईएफएफ को उम्मीद है कि आईडब्ल्यूएल से राष्ट्रीय महिला टीम के लिये नई प्रतिभाएं सामने आयेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इसी माह शादी के बंधन में बंधने जा रही ओलंपियन पूनम



चंडीगढ़। महिला हॉकी खिलाड़ी पूनम मलिक इसी माह शादी के बंधन में बंधने जा रहीं हैं। पूनम की शादी सुनील ख्यालिया से हो रही है। सुनील आयरकर विभाग में पदस्थ हैं। पूनम और सुनील की रविवार को सगाई हुई। सगाई की रस्म सादगी के साथ पूनम के निवास पर हुई। पूनम दिल्ली आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं जबकि सुनील सीआइएसएफ में इंस्पेक्टर हैं। पूनम की शादी 9 मार्च को गांव उमरा में ही होगी। पूनम और सुनील ख्यालिया को आशीर्वाद देने पूर्व वित्त मंत्री संपत सिंह व उनकी पत्नी कृष्णा संपत भी पहुंचे। साल 2016 ओलंपिक में पूनम ने शानदार प्रदर्शन किया था। सगाई समारोह के बाद पूनम ने कहा कि शादी के बाद भी उनका हॉकी पर ध्यान बना रहेगा।. हालांकि शादी के बाद जीवन में कुछ बदलाव जरूरत आते हैं, लेकिन अपने खेल को लेकर वह पूरी तरह गंभीर रहेंगी। उमरा गांव से ओलंपिक तक का सफर पूनम ने अपनी मेहनत से ही तय किया थ। वह एक बार ओलंपिक, तीन बार कॉमनवेल्थ, दो बार एशियन व विश्व कप में हिस्सा ले चुकी हैं। पूनम ने अब तक करीब 45 गोल किये हैं। साल 2020 में सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में पूनम की कप्तानी में हरियाणा टीम ने 7 साल बाद स्वर्ण पदक जीता था।

### विनेश ने यूक्रेन में स्वर्ण जीता

कीव। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने 'यूक्रेनियन रेसलर्स एवं कोचेज मेमोरियल टूनार्मेंट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। विनेश ने 53 किग्रा वर्ग भार वर्ग में साल 2017 की विश्व चैम्पियन बेलारुस की वी कालादजिंस्की को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद इस टूनार्मेंट के जरिये खेल में वापसी कर रही विनेश ने शानदार प्रदर्शन किया। विनेश ने मुकाबले के दौरान 10-8 से बढ़त हासिल करने के बाद विरोधी पहलवान को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया। विनेश ने मुकाबले की शुरुआत में ही बायें पैर से किये हमले के बल पर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली पर इस दौरान किलादजिंस्की ने शानदार चाल चल कर स्कोर 4-4 कर दिया। वहीं ब्रेक से 10 सेकेंड पहले ही विनेश ने दो और अंक हासिल कर 6-4 की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद बेलारूस की खिलाड़ी ने विनेश पर दबाव बनाने के बाद चार अंक हासिल कर बढ़त बना ली पर इसके बाद विनेश ने फिर चार अंक हासिल कर 10-8 की बढ़त ले ली। विनेश ने इसके बार विरोधी खिलाड़ी को संभलने का कोई अवसर नहीं दिया।

### ऑस्ट्रेलिया में बस चला रहा पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर


सिडनी। श्रीलंका का एक पूर्व क्रिकेटर आजकल ऑस्ट्रेलिया में चला रहा है। श्रीलंकाई टीम के स्पिनर रहे सूरज रंदीव मेलबर्न स्थित एक फ्रेंच आधारित कंपनी ट्रांसडेव में बस ड्राइवर हैं। श्रीलंका के पूर्व स्पिनर रंदीव साल 2019 में ऑस्ट्रेलिया चले गये थे। वह यहां बस चलाने के साथ ही एक स्थानीय क्लब से भी क्रिकेट खेलते हैं। सूरज रंदीव ने श्रीलंका की ओर से तीनों फॉर्मेट में खेला है। वह साल 2011 में भारत में हुए विश्व कप के समय भी श्रीलंकाई टीम में शामिल थे। रंदीव ने श्रीलंका की ओर से 12 टेस्ट में 46 विकेट लेने के साथ ही 31 एकदिवसीय मैचों में 36 विकेट लिए हैं। इसके अलावा 7 टी20 मुकाबलों में भी 7 विकेट उनके नाम हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी रंदीव का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 56 रन का रहा। उन्होंने अपना आखिरी घरेलू मैच अप्रैल 2019 में खेला था। 36 साल के सूरज रंदीव ऑस्ट्रेलिया में बस ड्राइवरी करने के अलावा लोकल सर्किट पर क्रिकेट भी खेलते हैं। भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थी तब उन्होंने एमसीजी पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की थी। वह आईपीएल में भी महेद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली सीएसके में शामिल रहे हैं। साल 2012 के सत्र में इस गेंदबाज ने सीएसके की ओर से 8 मैचों में 6 विकेट लिए थे।

### एआईटीए ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए दस्तावेजों की समीक्षा शुरू की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उम्र की धोखाधड़ी रोकने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। इसी को देखते हुए एआईटीए ने संदिग्ध खिलाड़ियों के दस्तावेजों की समीक्षा करने के साथ ही खिलाड़ियों से आयु सत्यापन के लिए टीडब्ल्यू3 परीक्षण कराने को कहा है। इसका कारण यह है कि हाल में कुछ बच्चों के अभिभावकों ने एआईटीए से संपर्क किया था और आयु वर्ग के टूनार्मेंटों में अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खेलने से रोकने का आग्रह किया था। एआईटीए ने इसके बाद शिकायतकताओं से संदिग्ध खिलाड़ियों के नाम मांगे थे और अब उन्हें ईमेल भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, ''हम अधिक उम्र के खिलाड़ियों को कम उम्र के वर्ग में नहीं खेलने देंगे। हम पहले ही अंडर 12 वर्ग के चार खिलाड़ियों को ईमेल भेज चुके हैं। हमने उनसे दस्तावेज मांगे हैं और साथ ही टीडब्ल्यू3 परीक्षण भी कराने को कहा है।'' उन्होंने कहा, ''इस धोखाधड़ी को समाप्त करने के लिए हम नियम बना रहे हैं हालांकि यात्रा संबंधी ताजा प्रतिबंधों पाबंदियों से कार्यकारी समिति की बैठक नहीं हो पायी है।''

## टोक्यो ओलंपिक टॉर्च रिले के लिए स्वास्थ्य प्रोटोकॉल घोषित

**टोक्यो।** ओलंपिक आयोजन समिति ने कहा है कि आगामी टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए टॉर्च रिले एक महीने के अंदर शुरू हो जाएगी। ओलंपिक खेल 23 जुलाई से शुरू होंगे। कोरोना महामारी के कारण टोक्यो ओलंपिक एक साल तक स्थगित रहने के बाद इस साल होने जा रहे हैं। आयोजकों ने टॉर्च धारकों और रिले में भाग लेने वाले अन्य लोगों के लिए स्वास्थ्य प्रोटोकॉल की भी घोषणा की है। आयोजन समिति के उप महानिदेशक ने कहा, ' रिले के दौरान कोई नारेबाजी या शोर नहीं होगा। तालियां बजा सकते हैं, पर सामाजिक दूरी का पालन करना



आवश्यक रहेगा।' उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि बिना सूचना के रिले के मार्ग में को बदला भी जा सकता है। रिले में मास्क के बिना दौड़ने की अनुमति रहेगी हालांकि अन्य लोगों को मास्क लगाना होगा। रिले 25 मार्च को फुकुशिमा से शुरू होगी और 23 जुलाई को टोक्यो में समाप्त होगी।

## आईपीएल मुकाबलों के आयोजन स्थलों को लेकर कई फ्रैंचाइजीज नाराज

**मुम्बई।** आईपीएल मुकाबलों के आयोजन का मौका घरेलू मैदानों पर नहीं मिलने से हैदराबाद, पंजाब सहित कई अन्य फ्रैंचाइजीज नाराज हैं। वहीं इससे पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के 14 वें सत्र के लिए छह स्थलों का चयन किया है क्योंकि कोरोना महामारी के मामले बढ़ने के कारण मुम्बई स्थल को लेकर संशय बन गया था हालांकि राज्य सरकार से उसे खाली स्टेडियम में मैचों के आयोजन की अनुमति मिली है। आईपीएल के आयोजन के लिए जिन पांच स्थलों का चयन किया गया है उनमें मुम्बई के




अलावा चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, दिल्ली और अहमदाबाद आदि हैं। इससे राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद सहमत नहीं हैं। इन टीमों का तर्क है कि बीसीसीआई के इस फैसले से सबसे ज्यादा नुकसान उनकी टीमों को ही होगा क्योंकि उन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का अवसर नहीं मिलेगा। इसके साथ ही इन टीमों ने अहमदाबाद को मैच स्थल बनाये जाने का विरोध करते हुए कहा कि जब वहां की कोई भी टीम नहीं है तो उसके चयन का क्या अर्थ है। वहीं हैदराबाद में मैच आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री के बेटे के.टी. रामा राव का एक ट्विट भी वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने बीसीसीआई और आईपीएल प्रबंधन से हैदराबाद को भी मैच स्थलों में शामिल करने की मांग की है।


## क्रिकेट लीग के लिए नीलामी कर विवादों में आया बिहार क्रिकेट संघ

**नई दिल्ली** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) गैरमान्यता प्राप्त बिहार क्रिकेट लीग टी-20 टूनार्मेंट के लिए नीलामी आयोजित कर विवादों में आ गया है। इसका कारण यह है कि बीसीए ने यह नीलामी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से मंजूरी मिले बिना ही आयोजित की है। वहीं इससे पहले बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई कहा था कि किसी राज्य टी-20 लीग को हरी झंडी देने से पहले बीसीसीआई को कड़े दिशानिर्देश देने चाहिए जबकि बीसीए ने मंजूरी लिए बिना ही शनिवार को खिलाडियों की बोली लगवा दी। इस टूनार्मेंट का आयोजन 21 से 27 मार्च के बीच पटना में रखा गया है जिसमें पांच फ्रेंचाइजी टीमें अंगिका एवेंजर्स, भागलपुर बुल्स, दरभंगा डायमंड्स, गया ग्लैडिएटर्स और पटना पायलट्स भाग ले रही है। इन मैचों का एक निजी खेल चैनल पर प्रसारण किया जाएगा और प्रति खिलाड़ी बोली 50,000 रुपए रखी गई थी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक बीसीसीआई ने इस लीग के आयोजन की अनुमति नहीं थी है। वहीं दूसरी ओर बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हमने बीसीसीआई के पास अनुमति के लिए आवेदन दिया है पर अभी तक इस बारे में हमें कोई जवाब नहीं मिला है। गौरतल है कि अपनी कार्यप्रणाली के लिए बीसीए पहले भी विवादों में रही है।



ओरलैंड में एलपीजीए गोल्फ टूनार्मेंट में शॉट खेलती हुई गोल्फर नेली कोर्डा।

## आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी से पहले पृथकवास में रहेंगे इंग्लैंड के निशानेबाज



**नई दिल्ली।** यहां 18-29 मार्च के बीच होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में भाग लेने आये इंग्लैंड के निशानेबाजों को कोरोना महामारी को देखते हुए सात दिन तक पृथकवास में रहना पड़ेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अनुसार इंग्लैंड से आने वाले निशानेबाजों के लिए सात दिन के कड़े पृथकवास को लेकर महासंघ को सकारात्मक जवाब मिला है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सरकार ने विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए हाल में ताजा निशानिर्देश जारी किए। इसमें विशेष रूप से इंग्लैंड, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका से आने वाले यात्रियों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है जहां वायरस का अधिक गंभीर प्रकार सामने आया है। सरकार ने अपने नवीनतम दिशानिर्देश में कहा है कि आगमन पर कोविड-19 नेगेटिव आने के बाद इन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को सात दिन के कड़े पृथकवास से गुजरना होगा। इससे पहले भारत दौरे पर आई इंग्लैंड की क्रिकेट टीम को भी सात दिन के पृथकवास से गुजरना पड़ा था। उसी को देखते हुए निशाने बाजों को भी 14 की जगह 7 दिनों के पृथकवास की अनुमति दि गयी है। राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजों के संयुक्त विश्व कप का आयोजन डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में आयोजित किया जाएगा। अब तक 40 से अधिक देशों ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के इस टूनार्मेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की है।

## अंतिम टेस्ट के लिए जमकर अभ्यास कर रही भारतीय टीम

**अहमदाबाद।** भारतीय टीम यहां 4 मार्च से मोटेरा स्टेडियम में मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे ओर अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच की तैयारियों में लगी हुई है। भारती टीम ने इसी मैदान पर हुए दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट में दस विकेटों से शानदार जीत दर्ज की थी उसी के बाद से ही टीम के हौंसले बुलंद हैं। इस प्रकार भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे है और उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए केवल एक ड्रॉ की ही जरुरत है। ऐसे में टीम इंडिया का लक्ष्य इस टेस्ट को जीतना या कम से कम ड्रॉ पर रोकना रहेगा। भारतीय टीम अगर फाइनल में पहुंचती है तो यहां उसकी टक्कर न्यूजीलैंड से होगी।

## रोहित ने पिच की आलोचना करने वालों को दिया जवाब

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक बार फिर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम की पिच की आलोचना करने वालों पर सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम ने यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम को दस विकेट से हराया था। उसके बाद से ही इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों



ने पिच पर निशाना साधा था। रोहित ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। जिसमें वह मैदान पर लेटे हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ ही लिखा, 'सोच रहा हूं कि चौथे टेस्ट मैच की पिच कैसी होगी।' रोहित ने तीसरे टेस्ट के दौरान गुलाबी गेंद से हुए मैच की दौनो पारियों में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 66 जबकि दूसरी पारी में नाबाद 25 रन बनाए थे। इससे पहले चेन्नै में खेले गए सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में भी उन्होंने 161 रन की पारी खेली थी। रोहित ने मैच समाप्त होने के बाद भी पिच के खराब होने को खारिज करते हुए कहा था कि बल्लेबाजों के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारण ही मैच दो दिनों में समाप्त हुआ है। इसमें पिच के खराब होने जैसी कोई बात नहीं है।

## कुक के बेटे का कमाल-विश्व कप में मचाएंगे धमाल

### विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे फेंसिंग अकादमी के खिलाड़ी शंकर पांडे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य फेंसिंग अकादमी के होनहार खिलाड़ी शंकर पांडे 19 से 23 मार्च, 2021 तक रशिया के कजान शहर में अयोजित विश्वकप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने पर फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा रैंकिंग के आधार पर शंकर पांडे का वर्ल्ड कप के लिए चयन किया गया है। शंकर पांडे फेंसिंग के ईपी इवेन्ट में तलवारबाजी का प्रदर्शन करेंगे। देश को दिला चुके हैं स्वर्ण पदक बहुत ही साधारण परिवार के शंकर पांडे ने वर्ष 2014 में फेंसिंग अकादमी में प्रवेश लेकर तलवारबाजी में कैरियर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उनके पिता श्री लक्ष्मण पांडे 'कुक' का कार्य करते हैं और मां श्रीमती गीता पांडे ग्रहणी हैं। अपने बेटे के वर्ल्ड कप में चयन होने पर पूरा परिवार खुशी से सराबोर है। उनका सपना है कि बेटा एशियन और ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करे और पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करे। शंकर पांडे ने बताया कि मेरा लक्ष्य देश के लिए पदक जीतना और माता-पिता के सपनों को साकार करना है और इसके लिए मैं जी-जान से खेल रहा हूं। फेसिंग अकादमी के प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शंकर पांडे बहुत परिश्रमी, प्रतिभावान और जुनूनी खिलाड़ी हैं जो पूरी लगन के साथ खेलते हैं। खेल में उनका यही जुनून उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा। शंकर पांडे ने वर्ष 2018 में इंग्लैंड में आयोजित कामनवेल्थ जूनियर/केडेट फेसिंग चैंपियनशिप में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। शंकर ने तलवारबाजी की विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य सहित 14 पदक मध्य प्रदेश को दिलाए हैं। राज्य स्तरीय फेसिंग प्रतियोगिताओं में उन्होंने 12 स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित 16 पदक अर्जित किए हैं। मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हमारे खिलाड़ी प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ल्ड कप की भारतीय तलवारबाजी टीम में शंकर पांडे के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने शंकर पांडे के प्रर्दशन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मिल रही उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं का ही परिणाम है कि हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने शंकर पांडे को वर्ल्ड कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। फेंसिंग अकादमी की दोहरी सफलता संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने बताया कि फेंसिंग अकादमी की खिलाड़ी खुशी दाभाडे. के बाद शंकर पांडे अकादमी के दूसरे खिलाड़ी हैं जिनका चयन वर्ल्ड कप के लिए हुआ है। यह फेंसिंग अकादमी की दोहरी सफलता के साथ ही मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि साधारण परिवारों के खिलाड़ी बच्चे खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं।

# सपना चौधरी का नया गाना रिलीज

## 6 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा वीडियो

मुंबई। हरियाणवी डांसर, सिंगर और एक्ट्रेस सपना चौधरी का नया गाना रिलीज हो गया है। लोगों को ये गाना बहुत पसंद आ रहा है। 24 घंटे में ही साढ़े 6 लाख से ज्यादा इस गाने को देख चुके हैं। बटेऊ कंजूस नामक ये गाना अंश मोशन पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज हुआ है। इस गाने में सपना चौधरी ने हाउस वाइफ का रोल निभाया है। वहीं हरियाणावी सिंगर सुरेंद्र रोमियो सपना चौधरी के पति के रूप में नजर आ रहे हैं। इस गाने में सपना चौधरी अपने पति से पैसे की मांग कर रही है, लेकिन उनके पति उनको पैसा देने से इंकार कर देते हैं। इस गाने को यूट्यूब पर 6 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

हाल ही में सपना के हाथ एक बड़े बजट की फिल्म लगी है। उन्हें जल्द ही भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ 'निरहुआ' के साथ आगामी भोजपुरी फिल्म 'मजनूं' में देखा जाने वाला है। इस फिल्म में सपना को दिनेश लाल के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाने वाला है। सपना चौधरी इससे पहले बॉलीवुड 'दोस्ती के साइड इफेक्ट' से कदम रख चुकी हैं। उन्हें 'वीरे की वेडिंग' जैसी कई फिल्मों में आइटम नंबर करते हुए भी देखा जा चुका है। अब वह निरहुआ के साथ पहली बार भोजपुरी फिल्मों में भी अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं।



# रणबीर कपूर की मम्मी नीतू ने आलिया पर बरसाया प्यार

## 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के टीजर को बताया आउटस्टैंडिंग





**मुंबई।** फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का टीजर आने के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और निर्देशक संजय लीला भंसाली की इस फिल्म को लेकर फैंस खूब चर्चा कर रहे हैं। टीजर में फैंस को भंसाली के फिल्मांकन का जाना-पहचाना अंदाज नजर आ रहा है। फैंस ही नहीं टीजर देखने के बाद रणबीर कपूर की मम्मी यानी नीतू कपूर भी काफी खुश हैं। 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का टीजर देखने के बाद उन्होंने आलिया पर प्यार बरसाया है। नया पोस्टर और रिलीज डेट से पर्दा उठा फिर कुछ देर के बाद फिल्म का टीजर सामने आया। आलिया की इस फिल्म का टीजर देखने के बाद रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर ने आलिया के अभिनय की जमकर तारीफ की है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के टीजर के साथ अपना कमेंट भी दिया है। उन्होंने लिखा है, 'आउटस्टैंडिंग @आलिया भट्ट बेहद शानदार।'

निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' मुंबई की माफिया क्वीन गंगूबाई काठियावाडी पर आधारित है, जो पहले एक सेक्स वर्कर थी और बाद में अंडरवर्ल्ड डॉन बन जाती है। बता दें कि संजय लीला भंसाली और आलिया भट्ट पहली बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में आलिया काफी दमदार अवतार में दिख रही हैं। टीजर को निर्देशक संजय लीला भंसाली के जन्मदिन के अवसर पर रिलीज किया गया है। संजय ने ही अपने सोशल मीडिया हैंडल से यह टीजर रिलीज किया था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, 'वह शक्ति के साथ ऊपर उठती है और जिंदगी को अपने तरीके से जीती हैं। एक महिला और पुरुष की उस कला का जश्न है, जो वादा करते हैं। 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की एक और जबरदस्त कहानी।' यह भंसाली के निर्देशन में बनी 10वीं फिल्म है, जो 30 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। वह एक ऐसे फिल्म निर्देशक हैं, जिनके साथ हर कलाकार की एक बार काम करने इच्छा जरूर होती है। वहीं बुधवार को संजय लीला के घर पर बर्थडे पार्टी रखी गई थी, जिस पार्टी में आलिया भट्ट भी शामिल हुई थीं।

# सुनील शेट्टी की बेटी अथिया खूबसूरत दिखने के लिए अपनाती हैं घरेलु नुस्खे

## स्किन, हेयर और फिटनेस के लिए पारंपरिक विधियों को अपनाना पसंद करती हैं



**मुंबई।** अथिया शेट्टी की फ्लॉलेस स्किन अपने आप बहुत कुछ बयां कर देती है। इससे पता चलता है कि ये अपनी देखभाल और फिटनेस पर कितनी मेहनत करती हैं। हालांकि ज्यादातर सिलेब्रिटीज हर दिन भरपूर पानी पीने की सलाह देते हैं। लेकिन अथिया की नैचरल ग्लोइंग स्किन देखकर तो साफ झलकता है कि त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए अथिया वाकई बहुत ज्यादा कॉन्शस हैं और लिक्विड डायट का जमकर सेवन करती हैं। गॉर्जस, टॉल और बेहद फिट ऐक्ट्रेस अथिया शेट्टी, अपने समय के दमदार ऐक्टर सुनील शेट्टी की बेटी हैं। यूं तो अथिया ने अपने फिल्म करियर की शुरूआत साल 2015 में की। लेकिन अब तक उन्हें कोई बड़ी उपलब्धि नहीं मिल पाई है। ना ही ऐसा कोई दमदार रोल अभी तक उन्हें मिल पाया है, जो उन्हें लीक से हटकर कुछ करने का अवसर दे। लेकिन अथिया अपने चार्मिंग लुक्स और सेक्सी फिगर के लिए अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं।

अधिया कहीं भी जाने से पहले बालों पर रोलर का उपयोग करती हैं। अथिया का कहना है कि हर दिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीने का गुण उनमें उनकी दादी ने डाला है। यह त्वचा को हाइड्रेट रखने का एक प्राकृतिक और बेहद आसान तरीका है, इसलिए मुझे बहुत पसंद है। अथिया कहती हैं कि पानी के अलावा नारियल पानी, फलों का जूस और रसीले फल खाना इनकी दिनचर्या का हिस्सा है। ऐसा करने से इनके शरीर को पूरा पोषण मिलता है और त्वचा को जरूरत के अनुसार नमी मिलती रहती है। अथिया स्किन केयर, हेयर केयर और फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए पारंपरिक विधियों को अपनाना पसंद करती हैं। इनका कहना है कि ये बचपन से ही घरेलू नुस्खों का उपयोग कर रही हैं। दही और टमाटर का मास्क बनाकर चेहरे पर लगाना इन्हें पसंद है। क्योंकि यह इनकी त्वचा को बहुत सूट भी करता है। हाइट और फिगर के मामले में अथिया किसी सुपर मॉडल को मात दे दें। बी-टाउन से जुड़ी होने के कारण अथिया अपनी डायट को लेकर बहुत ही कॉन्शस रहती हैं। यही वजह है कि ये अपने नाश्ते पर पूरा ध्यान देती हैं और दिन की शुरूआत एक बैलंस डायट के साथ करती हैं। आमतौर पर फिटनेस फ्रीक लोग सबसे बड़ी गलती यही करते हैं कि उनका नाश्ता बहुत पौष्टिक नहीं होता। लेकिन अथिया नाश्ते में ऐसी चीजें खाना पसंद करती हैं, जो उन्हें दिनभर काम करने के लिए एनर्जी दे सकें।

# परिणीति चोपड़ा की आवाज से प्रभावित हुए विपिन पटवा



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा हाल ही में आगामी फिल्म 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' के गीत मतलबी यारियां का एक अनप्लग्ड संस्करण रिकॉर्ड किया है। इस गान में अभिनेत्री की आवाज से संगीतकार विपिन पटवा काफी प्रभावित हुए हैं। हालांकि, इसे नेहा कक्कड़ ने भी गाया है। पटना ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं एक संगीत निर्देशक के रूप में परिणीति से इतनी उम्मीद नहीं कर रहा था, क्योंकि मैंने उसके साथ पहले कभी काम नहीं किया था। लेकिन जब मैं रिकॉर्डिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि उनमें बहुत अधिक संभावनाएं हैं। इसलिए, हमने अपना समय लिया। परिणीति के बारे में विशेष बात यह है कि वह अभी तक एक पेशेवर गायिका नहीं हैं, और उन्हें बहुत सारे सॉन्ग को गाना है, और उनकी आवाज में काफी नयापन है। उनकी आवाज में एक मौलिकता है।'




# मालदीव के समंदर किनारे टू पीस में दिखीं शिल्पा शेट्टी

## दिला रहीं 'चुरा के दिल मेरा गोरिया चली रे' गाने की याद



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी ने मालदीव से एक बेहद ग्लैमरस तस्वीर शेयर की है, जो उनके सॉन्ग 'चुरा के दिल मेरा गोरिया चली' की याद दिला रहा है। इस तस्वीर में शिल्पा का अंदाज 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' के इसी गाने वाले लुक से काफी मिलता-जुलता दिख रहा है। शिल्पा शेट्टी मालदीव की इस तस्वीर में टू पीस में नजर आ रही हैं, जिसमें वह ऐनिमल प्रिंट वाली ऐसी ही ड्रेस में नजर आई थीं। इस तस्वीर में शिल्पा समंदर किनारे बैठी बीच का मजा लेती दिख रही हैं।

शिल्पा की इस तस्वीर पर लोग उन्हें गॉरजस और ब्यूटिफुल कह रहे हैं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ और तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी फ्रेंड अकांक्षा और पति राज कुंद्रा के साथ इंजॉय करती नजर आ रही हैं। शिल्पा ने इससे पहले एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें वह डॉलफिन मछलियों की मस्ती का आनंद उठाती दिख रही हैं। इस वीडियो में यॉट पर सभी नजर आ रहे हैं और एक तरफ खजे राज कुंद्रा शाहरुख खान का आइकॉनिक पोज देते दिख रहे हैं। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा इस वक्त मालदीव में अपना हॉलिडे इंजॉय कर रहे हैं, जहां उनके साथ कुछ और फ्रेंड्स भी हैं।

# अमिताभ बच्चन की सर्जरी हुई, जल्द लौटेंगे घर

**मुंबई।** बॉलिवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपनी एक तस्वीर शेयर कर हिंट दिया था कि उनकी सर्जरी होने वाली है, जिसके बाद से उनके फैन्स काफी परेशान दिखे। बताया जा रहा है कि अमिताभ बच्चन की सर्जरी हो चुकी है और जल्द उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी भी दे दी जाएगी। जी हां रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ बच्चन की यह सर्जरी हो चुकी है, जिसके बाद सोमवार को वह अपने घर पहुंचने वाले हैं। मीडिया की रिर्पोट के अनुसार अमिताभ बच्चन के एक करीबी ने बताया है कि कोई चिंता वाली बात नहीं, उनकी कैटरैक्ट (मोतियाबिंद) की सर्जरी हुई है। वह ओटी में गए और बाहर आ गए, इसमें जरा भी समय नहीं लगा। वह 24 घंटे में अपने घर पर मौजूद होंगे। अमिताभ बच्चन ने अपने लेटेस्ट ब्लॉग में इस सर्जरी की तरफ इशारा किया था, जिसके बाद से उनके फैन्स की चिंता बढ़ गई थी।

# प्राची देसाई बनेगी पुलिस ऑफिसर

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई फिल्म 'साइलेंस कैन यू हियर इट' एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आने वाली है। यह पहली बार है जब प्राची पुलिस की भूमिका निभाएंगी। इस रोल को अभिनेत्री ने इस किरदार को मजबूत और उत्साही बताया है। इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर प्राची ने बताया, 'इंस्पेक्टर संजना एक हत्या का रहस्य सुलझाती है। वह ऐसी ऑफिसर है, जो आसानी से पीछे नहीं हटती है। वह बहुत मजबूत और अपने काम के लिए समर्पित है। वह मनोज बाजपेयी द्वारा निभाए गए किरदार एसीपी अविनाश वर्मा से प्रभावित है और उनके जैसा बनना चाहती है। दर्शकों ने मुझे पहले कभी ऐसी भूमिका में नहीं देखा है। लिहाजा मैंने उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए बहुत बेसब्र हूं।'















